ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 24.02.2025 वर्ष 12, अंक 54 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

यदि परिस्थिति पर आपकी पकड़ मजबूत है तो, जहर उगलने वाले भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकते!

### पीएम मोदी ने बागेश्वर धाम के बालाजी मंदिर में किया पूजा, कैंसर अस्पताल की रखी आधारशिला

# देश के कुछ नेता धर्म का उड़ाते हैं माखौल : पीएम मोदी

**एजेंसी**

**छतरपुर (एमपी) :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय मध्य प्रदेश दौरे के तहत बुंदेलखंड पहुंचे.

इस यात्रा के दौरान उन्होंने छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम के बालाजी मंदिर में दर्शन किए और पूजन करने के बाद कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखी. प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत जय जटाशंकर धाम के उद्घोष से की और कहा,बहुत कम दिनों में मुझे दूसरी बार वीरों की इस धरती पर आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ.इस बार तो स्वयं बालाजी का बुलावा आया है.

यह हनुमान जी की कृपा है कि आस्था का यह केंद्र अब आरोग्य का केंद्र बनने जा रहा है. अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्ष पर करारा वार किया. उन्होंने कहा,देश में कुछ ऐसे नेता हैं, जो धर्म का मखौल उड़ाते हैं, समाज को तोड़ने में लगे हैं और कई बार विदेशी ताकतें इनका साथ देती हैं. यह शक्तियां हमारे मंदिरों, संतों, संस्कृति और परंपराओं पर हमला करती आई हैं. हमारे समाज को बांटना और तोड़ना ही इनका एजेंडा रहा है. उन्होंने आगे कहा कि जो धर्म और संस्कृति स्वभाव से प्रगतिशील हैं, उन पर ये लोग कीचड़ उछालते हैं.

लेकिन इन नकारात्मक ताकतों के बीच, पंडित धीरेंद्र शास्त्री जैसे संत समाज को एकता का संदेश देकर जोड़ने का कार्य कर रहे हैं. मौके पर बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री उपस्थित रहे।

## महाकुंभ में लाखों लोग लगा चुके हैं आस्था की डुबकी

प्रधानमंत्री मोदी ने महाकुंभ की भी चर्चा की और इसे एकता का महाकुंभ बताया. उन्होंने कहा,इस महाकुंभ में लाखों लोग आस्था की डुबकी लगा चुके हैं, संतों के दर्शन कर चुके हैं. हमारे मंदिर, मठ और धाम केवल पूजन के स्थल नहीं बल्कि विज्ञान और सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं. हमारे ऋषियों ने हमें आयुर्वेद और योग का ज्ञान दिया, जिसका परचम आज पूरी दुनिया में लहरा रहा है. उन्होंने कहा कि महाकुंभ में जिन पुलिसकर्मियों, डॉक्टरों और स्वयंसेवकों ने सेवा भाव से काम किया है, वे बधाई के पात्र हैं. उन्होंने एक साधक की तरह नम्रता और सेवाभाव से अपनी जिम्मेदारी निभाई है.



**प्रधानमंत्री का हुआ भव्य स्वागत**

प्रधानमंत्री मोदी के बागेश्वर धाम आगमन पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने उनका स्वागत किया. बालाजी के दर्शन के बाद पीएम ने अस्पताल भूमि पूजन किया, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा.

## बागेश्वर धाम में भजन,भोजन और निरोगी जीवन

प्रधानमंत्री मोदी ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने समाज और मानवता के कल्याण के लिए कैंसर अस्पताल बनाने का संकल्प लिया है. उन्होंने कहा,अब बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा.प्रधानमंत्री ने कहा कि जब देश ने मुझे सेवा का अवसर दिया, तब मैंने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को अपनाया और इस संकल्प का एक प्रमुख आधार सबका इलाज, सबको आरोग्य है.

## आपका सेवक है मोदी

पीएम ने कहा, साथियों मोदी आपका सेवक बनकर आपकी सेवा में जुटा है. मैं पिछली बार जब छतरपुर आया था तो यहा पर मैंने हजारों करोड़ों की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया था. आपको ध्यान होगा इनमें 45 हजार करोड़ रुपये की केन-बेतवा लिंक परियोजना थी. ये परियोजना न जाने कितने समय से अटकी थी. न जाने कितनी सरकारें आई और चली गई, लेकिन ये परियोजना लटकी रही. ये काम तब पूरा हुआ जब आपने मोदी को आशीर्वाद दिया.

## झारखंड के 4 श्रमिक फंसे टनल में, सीएम ने ली जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल हादसे में झारखण्ड सहित अन्य राज्यों के कुछ श्रमिकों के फंसे होने की सूचना 22 फरवरी 2025 को मिली। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने तेलंगाना सरकार से संपर्क किया है। टनल में गुमला के अलावा उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के श्रमिक फंसे हुए हैं। फिलहाल, एनडीआरएफ की टीम बचाव अभियान में जुटी हुई है। नियंत्रण कक्ष ने एलओ नागरकुरनूल से संपर्क किया, उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ की टीम टनल में प्रवेश कर चुकी है, लेकिन अभी तक श्रमिकों से कोई संपर्क स्थापित नहीं हो सका है। टनल के अंदर की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार गुमला के विभिन्न बधिमा (पालकोट), कुम्बा टोली (घाघरा), खटंगा-कोबी टोली (रायडीह), और करुंदी (गुमला प्रखंड) निवासी श्रमिकों की पारिवारिक जानकारी श्रम अधीक्षक और जिला प्रशासन, गुमला द्वारा रविवार को सत्यापित की गई। सत्यापन के दौरान परिजनों ने बताया कि सभी श्रमिक 3-4 वर्षों से तेलंगाना में कार्यरत थे। वे अपनी स्वेच्छा से वहां गए थे। वे वर्ष में एक बार अपने गांव आते-जाते रहते थे।

**तेलंगाना पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें बचाव कार्य में जुटी हुई हैं.**

हादसे की खबर से परिजन अत्यंत चिंतित हैं तथा अपने प्रियजनों की सुरक्षित वापसी की कामना कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने परिजनों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। उपायुक्त गुमला द्वारा लगातार स्थिति की जानकारी ली जा रही है। इधर तेलंगाना पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें बचाव कार्य में जुटी हुई हैं.तेलंगाना के सिंचाई मंत्री एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, हमारी सरकार उन आठ लोगों की जान बचाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है. हमने उत्तराखंड की घटना में लोगों को बचाने में शामिल विशेषज्ञों से भी बात की है. मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रधानमंत्री को स्थिति से अवगत कराया और बताया कि फंसे हुए लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं.

## क्विक न्यूज

### सीएम के रोड शो में कपड़े उतारकर घुसा आआपा नेता, काला झंडा दिखाया

**फरीदाबाद :** फरीदाबाद में रविवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की सुरक्षा में दो बार चूक हुई। पहले सीएम सैनी के वाहन की तरफ किसी ने मोबाइल फेंक दिया और फिर एक व्यक्ति ने उन्हें काला झंडा दिखाया। दरअसल, रविवार को सीएम भाजपा की मेयर उम्मीदवार प्रवीन जोशी के समर्थन में एनआईटी क्षेत्र में रोड शो कर रहे थे। रोड शो के दौरान एक व्यक्ति सीएम के सुरक्षा घेरे में जा घुसा, उसने पहले अपने कपड़े उतारे और फिर सीएम के वाहन से करीब 20 फीट की दूरी पर खड़े होकर काला झंडा दिखाया। सीएम की सुरक्षा में कई जवान वहां पर तैनात थे इसलिए उसी समय उसे हिरासत में ले लिया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान आआपा के जिला ज्वॉइंट सेक्रेटरी के तौर पर हुई है।

### सीएम से मिले झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी के. राजू

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से डॉ. श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान, रांची में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी श्री के. राजू ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री के. राजू को झारखंड कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त होने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। विदित हो कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किए जाने के बाद श्री के. राजू की मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के साथ पहली भेंट थी।

### विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : बिरला

**नई दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षक ही छात्रों के विचारों में लोकतान्त्रिक सिद्धांतों का समावेश करने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं।लोकसभा अध्यक्ष बिरला रविवार को संसद भवन परिसर में संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित कार्यक्रम में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। बिरला ने कहा कि शैक्षिक संस्थान, जैसे आईआईटी और एनआईटी न केवल ज्ञान का प्रसार करने में अग्रणी हैं, बल्कि उन्होंने दुनिया की कई समस्याओं के समाधान भी दिए हैं। यही कारण है कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे छात्र वैश्विक संदर्भ और तेजी से बदलती तकनीकों के साथ तालमेल बैठाने की क्षमता विकसित करें। इस सन्दर्भ में उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि अपने अनुभवों और विचारों को साझा करके छात्रों को एक नई दिशा दिखाते हैं।

### ट्रिपल इंजन की सरकार से फरीदाबाद के विकास को मिलेगी गति : सैनी

**फरीदाबाद :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फरीदाबाद में रविवार को चार रोड शो निकालते हुए जनता से निकाय चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों को जीताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार से जिले के विकास को गति मिलेगी और सभी वार्डो का समान रुप से विकास किया जाएगा। रोड शो के दौरान हुए लोगों द्वारा फूल बरसाकर किए गए स्वागत और सम्मान के लिए मुख्यमंत्री ने सभी लोगों का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2 मार्च को प्रदेश की जनता-जनार्दन भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार बनाकर रिकॉर्ड मतों से खुशहाली और समृद्धि का कमल खिलाने जा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों से मिल रहा प्यार और आशीर्वाद ने स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा की एकतरफा जीत होगी और नॉन स्टॉप विकास के लिए हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी।

### ट्रंप ने अवैध विदेशी नागरिकों के निर्वासन को बताया सही कदम

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध विदेशी नागरिकों के निर्वासन पर बड़ा बयान दिया है। अपने फैसले को सही ठहराते हुए ट्रंप ने कहा है कि उनका प्रशासन भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए धोखेबाजों, ठगों और 'डीप स्टेट' नौकरशाहों (बाहरी ताकतें जो सरकार के निर्णयों को प्रभावित कर सकती हैं) को घर भेज रहा है। ट्रंप ने अवैध प्रवासियों के बड़े पैमाने पर निर्वासन को अपनी प्रमुख नीति बना लिया है।वाशिंगटन के बाहर 'कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस' को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा,धोखेबाजों, झूठों, बेईमानों, वैश्विकतावादियों और 'डीप स्टेट' नौकरशाहों को बाहर भेजा जा रहा है।उन्होंने कहा,अवैध विदेशी अपराधियों को घर भेजा जा रहा है। हम भ्रष्टाचार को खत्म कर रहे हैं और लोगों का शासन बहाल कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पदभार संभालने के बाद से ही अमेरिकी आव्रजन प्रणाली के कुछ हिस्सों में आमूलचूल परिवर्तन करने का काम शुरू कर दिया है तथा बड़े पैमाने पर निर्वासन और गिरफ्तारियों का आश्वासन किया है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |

# ट्रंप और मस्क भारत की कर रहे बेइज्जती : जयराम



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** यूएसएड फंडिंग पर ट्रंप के बयान के बाद से कांग्रेस बीजेपी पर लगातार हमलावर है. कांग्रेस की तरफ से रविवार को कहा गया कि,बीजेपी देश विरोधी काम कर रही है और फेक न्यूज फैला रही है. यूएसएड फंडिंग विवाद को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर पर निशाना साधते हुए कहा, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और एलन मस्क भारत की बेइज्जती कर रहे हैं. सरकार इस मामले पर चुप क्यों हैं? बीजेपी ने सभी आरोपों को नकारते हुए कांग्रेस पर पलटवार किया और राहुल गांधी को देशद्रोही करार देते हुए कहा,राहुल गांधी विदेशी ताकतों के साथ मिलकर भारत को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं. कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर कहा,बीजेपी झूठे और अनपढ़ लोगों का समूह है. बीजेपी पर तीखा हमला करते हुए जयराम ने कहा, जिस 21 मिलियन डॉलर पर भाजपाई और चरणचुंबक उछल रहे थे, वो खबर तो फेक निकली. 2022 में 21 मिलियन डॉलर भारत में वोटर टर्नआउट के लिए नहीं, बांग्लादेश के लिए थे.कांग्रेस महासचिव ने कहा, एलन मस्क ने फर्जी दावा किया और ट्रम्प ढाका-दिल्ली में कंफ्यूज हो गए. अमित मालवीय ने झूठ आगे फैलाया और बीजेपी समर्थकों ने भी आगे बढ़ाया.

### सिरमटोली फ्लाई ओवर का मंत्री चमरा लिंडा ने किया निरीक्षण

# सरना स्थल की पवित्रता का ध्यान रखे निर्माण कंपनी : चमरा लिंडा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सिरमटोली फ्लाई ओवर निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फ्लाइओवर निर्माण के विभिन्न पहलुओं को देखा।उन्होंने कहा कि सरना धर्मस्थल पर आदिवासी समाज पूजा-अर्चना करने जाते हैं। अगर सिरमटोली फ्लाईओवर की ऊंचाई कम रखी गई, तो वहाँ आने-जाने में श्रद्धालुओं को कठिनाई होगी और दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाएगी। इसी कारण उन्होंने फ्लाईओवर की ऊंचाई बढ़ाने की मांग रखी जिससे भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना को टाला जा सके।

उन्होंने कहा कि सरना स्थल सिर्फ एक ज़मीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की आस्था और परंपरा का प्रतीक है। वर्षों से यहाँ धार्मिक अनुष्ठान होते आ रहे हैं, और यह स्थान समुदाय की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।



चमरा लिंडा ने सिरमटोली के स्थानीय लोगों के साथ बैठक की और सभी पहलुओं पर चर्चा किया। उन्होंने कहा है कि आदिवासी भाषा, सभ्यता और संस्कृति की जीवंतता मूल रूप से बनाये रखना सबसे महत्वपूर्ण है। आधुनिक विकास कार्यो को करना महत्वपूर्ण है परंतु इससे आम जनमानस को नुकसान नहीं होना चाहिए और ना ही किसी की धर्म के आस्था को प्रभावित करना चाहिए। सरना स्थल हमारी माँ का स्थान है और माँ से हम पूरी प्रकृति की रक्षा करने की प्रार्थना करते हैं। बता दें कि रांची के सिरमटोली इलाके में बन रहे फ्लाईओवर को लेकर आदिवासी समाज में गहरी नाराजगी है। इस निर्माण कार्य के कारण सरना धर्मस्थल की पवित्र भूमि प्रभावित हो रही है, जिससे आदिवासी समुदाय में आक्रोश व्याप्त है। वहीं इस मामले पर फ्लाइओवर निर्माण कंपनी एल एंड टी द्वारा बताया गया कि फ्लाईओवर के नए डिज़ाइन को तैयार किया जा रहा है और इसे मंजूरी मिलने में 15 दिन का समय लगेगा। एल एंड टी का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए समाधान निकाला जाएगा, जिससे सरना स्थल की पवित्रता भी बनी रहे और यातायात भी सुचारू रूप से चले।बैठक में खिजरी विधायक श्री राजेश कच्छप सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मणिपुर में लोगों ने स्वेच्छा से सौंपे अवैध हथियार

**एजेंसी**

**इंफाल :** मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला की अपील के बाद राज्य में अवैध हथियार सरेंडर करने की प्रक्रिया तेज हो गई है. हाल ही में चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिलों में बड़ी संख्या में हथियार और गोला-बारूद स्वेच्छा से सरेंडर किए गए.

समाज को हथियार मुक्त करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से असम राइफल्स, सीआरपीएफ और पुलिस ने एक व्यापक जनजागरूकता अभियान शुरू किया था. इस अभियान के पॉजिटिव रिजल्ट



सामने आए हैं जिसके तहत लोगों ने अपने पास मौजूद गैरकानूनी और लूटे गए हथियार सरकारी एजेंसियों को सौंप दिए हैं. अधिकारियों के अनुसार इस पहल से राज्य में शांति स्थापित करने में मदद मिलेगी.सरेंडर किए गए हथियारों में कुल 16 अवैध या लूटे गए हथियार शामिल हैं. इनमें 1 एम-16 राइफल, 1 सात .62 एमएम एसएलआर, 2 एके राइफलें, 3 इंसास राइफलें, 2 एम-79 अंडर बैरल ग्रेनेड लांचर, 1 नौ एमएम कार्बाइन मशीन गन, 1 51 एमएम मोर्टार, 3 .303 राइफलें और 2 सिंगल बैरल राइफलें शामिल हैं.इसके अलावा सरेंडर किए गए गोला-बारूद में 64 जिलेटिन स्टिक्स, 10 राउंड 60 एमएम पंपी के गोले, 17 राउंड एके गोला-बारूद, 40 राउंड 5.56 एमएम राइफल गोला-बारूद और 3 9 एमएम कैलिबर गोलियां शामिल हैं. ये हथियार और गोला-बारूद सुरक्षा एजेंसियों के पास जमा किए जा चुके हैं और उनकी विस्तार से जांच की जा रही है.

# आतिशी को बनाया गया नेता प्रतिपक्ष

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी ने आज पार्टी मुख्यालय पर विधायक दल की बैठक बुलाई है जिसमें नेता प्रतिपक्ष के नाम पर मुहर लग गई है। आम आदमी पार्टी ने एलान किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी इस बैठक में शामिल हुए। रविवार को पार्टी मुख्यालय पर हुई बैठक में सभी विधायकों ने आतिशी को विधायक दल का नेता चुना। जिसके बाद अब साफ हो गया है कि दिल्ली की पूर्व सीएम आतिशी विधानसभा में विपक्ष के नेता की भूमिका निभाएंगी।बता दें कि 24 फरवरी यानी कल सुबह 11 बजे से दिल्ली विधानसभा सत्र शुरू होगा। पहले विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। दोपहर में विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। 25 फरवरी को उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा। 27 फरवरी को अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव होगा। इसके बाद विधानसभा उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि होने के कारण सत्र नहीं बुलाया गया है।

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# सरकार के प्रति जवाबदेह बने प्रशासन : सांसद




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक पलामू सांसद-सह-दिशा के अध्यक्ष विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर सहित विधायकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि प्रशासन सरकार के प्रति जवाबदेह बनें, ताकि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को मिले। बैठक के शुरुआत में पूर्व की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन के साथ-साथ विभागवार विभिन्न योजनाओं व कार्यो के प्रगति की समीक्षा की गई। जिले में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विभिन्न विकासात्मक कार्यो एवं गतिविधियों में अबतक के प्रगति की गहनता से समीक्षा की गई।दिशा की बैठक में समीक्षा के दौरान वित्त, वाणिज्यकर, योजना एवं विकास व संसदीय कार्य विभाग के मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने अधिकारियों को निदेश दिया कि सरकारी योजना को समयबद्धता और प्रारदर्शी तरीके से निष्पादन किया जाए, ताकि पलामू वासियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने स्थानीय पुलिस लाइन स्टेडियम एवं बस स्टैंड को शहर से बाहर बनाने को लेकर प्रमुखता से अपनी बातें रखी। इसपर पुलिस अधीक्षक को पुलिस लाइन सिफ्ट किये जाने के संबंध में अध्ययन करने के उपरांत जमीन चिह्नित करने की दिशा में प्रस्ताव तैयार करने का निर्णय लिया गया। वहीं बस स्टैंड को शहर के बाहर स्थानांतरित किए जाने को लेकर उपायुक्त स्वयं पूर्व की चिन्हित बैरिया में प्रस्तावित बस स्टैंड की भूमि का भौतिक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति से अवगत होंगे। तत्पश्चात नये बस स्टैंड बनाने हेतु पहल करेंगे। उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि दिशा की बैठक में लिए गए निर्णय एवं दिए गये निदेश व सुझाव से जिले के विकास कार्यो में गति आएगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को समयबद्धता के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन का निदेश दिया। बैठक में यातायात विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन हेतु बिना हेलमेट वाहन चलाने, ट्रिपल लोडिंग, बिना लाइसेंस के वाहन चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करने आदि को लेकर चलाए जा रहे अभियान में पकड़े गए वाहनों का त्वरित चालान निर्गत कर दंड वसूलने की मांग उठी, ताकि लोगों को परेशान नहीं होना पड़े। इसपर ई-पॉश मशीन की खरीद करने का निर्णय लिया गया, ताकि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों से त्वरित दंड की वसूली की जा सके। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि डालटनगंज, छतरपुर एवं हुसैनाबाद में यातायात थाना और पलामू को यातायात जिला घोषित किए जाने का प्रस्ताव भेजा गया है। यातायात जिला घोषित होने से महानगरों की तरह यहां भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर तुरंत चालन उपलब्ध कराकर और उनसे दंड की राशि संग्रह की जाएगी।

**मनरेगा, आवास एवं 15 में वित्त आयोग की योजनाओं में शिथिलता बरतने वालों पर शो-कॉज का निदेश**

बैठक में मनरेगा, आवास एवं 15 में वित्त आयोग की योजनाओं की शिथिल प्रगति करने वालों के विरुद्ध स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। साथ ही उप विकास आयुक्त को प्रत्येक पंचायत में कैंप लगाकर प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन आवास आदि आवास एवं अन्य योजनाओं के लाभ से लाभान्वित करने का निदेश दिया गया।बैठक में उप विकास आयुक्त ने अवगत कराया कि प्रत्येक सप्ताह के बुधवार को पंचायत कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन कर सभी आवास संबंधी लाभुकों की समस्या का समाधान होगा। वहीं लंबित योजनाओं में प्रगति लाने की दिशा में कार्य होगी। इसकी तैयारी भी चल रही है। सांसद ने मनरेगा के खामियों को दूर कर बेहतर कार्य करने का निदेश दिया, ताकि रोजगार सृजन की दिशा में बेहतर किया जा सके। उन्होंने सखी मंडल की महिलाओं को मशरूम उत्पादन के दिशा में प्रेरित करने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्हें आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने की बातें कही।

## अभी से सूखने लगा है सदाबहार कहे जाने वाला पंडा नदी, लोगों में है मायूसी



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत प्रसिद्धि सदाबहार कहे जाने वाला पंडा नदी गर्मी के दस्तक देने से पहले ही अभी से ही सूखने लगा है। जिससे पशु, पक्षियों के साथ-साथ पालतू जानवरों के बीच पानी का संकट बढ़ता दिख रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले 07- 08 वर्षो से नदी का प्रवाह क्षेत्र तेजी से सिकुड़ रहा है अगर यही हाल रहा तो अगले चार-पांच सालों में नदी में पानी की जगह सिर्फ रेत ही नजर आएगी। ज्ञात हो कि पड़ा नदी में पर्याप्त पानी रहने के उपरांत पड़ोस में रह रहे किसानों का खेती का सिंचाई इसी पंडा नदी के पानी से हुआ करता है। किसान अपना डीजल पंप के सहारे खेतों का सिंचाई करते हैं। परंतु पंडा नदी अभी से ही सूख जाने के कारण किसानों में भारी निराशा देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के किसान कुआं एवं डीप बोरिंग के सहारे अपना खेती का सिंचाई करते हैं परंतु अभी से ही पानी का सत्ह दिन प्रतिदिन नीचे जाने को है जिससे किसान चिंतित है।

## विश्रामपुर में खुला न्यू श्रृंगार एंड जेनरल स्टोर, आरसीयू के कुलाधिपति ने किया उद्घाटन



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर में न्यू श्रृंगार एंड जेनरल स्टोर का उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने शनिवार को फीता काट कर किया.उन्होंने कहा कि कोई भी सरकार सभी लोगों को नौकरी नहीं दे सकती.इसलिए युवाओं को स्वरोजगार से जुड़ना चाहिए.ताकि वे स्वालंबी बन सकें.उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक श्रृंगार व जेनरल सामग्रियों से लैस दुकान का खुलना बिश्रामपुर के विकास का सकारात्मक पहलू है.मौके पर रेड रोज पब्लिक स्कूल के निदेशक राजन पांडेय, भाजपा नेता दामोदर यादव, समाजसेवी विजय कुमार रवि, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम, संतोष कुमार, निवर्तमान पार्षद मजबूदीन अंसारी, देवनाथ यादव, रजनीश चंद्रवंशी, प्रो.अनिल यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## भव्य रूप से मनाया गया महाराज संत गाडगे बाबा की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के दिनेश चौक समीप सुंदर नगर में महाराज संत गाडगे बाबा की 149 जयंती मनाई गई। संत गाडगे बाबा एक महान समाज सुधारक, संत, और जनसेवक थे। वे महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र से थे और अपनी पूरी जिंदगी दलितों, गरीबों और समाज के पिछड़े वर्गो के उत्थान के लिए समर्पित कर दी।कार्यक्रम को मुख्य अतिथि एसएस संघ बिहार प्रवक्ता राजकुमार रजक, उद्घाटनकर्ता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी एवं राजद प्रदेश महासचिव रवि कुमार यादव, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुरू किया। मौके पर राजकुमार रजक ने कहा कि संत गाडगे बाबा एक सच्चे संत और समाज सुधारक थे जिन्होंने समाज के निचले स्तर के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने का काम किया। उन्होंने यह भी कहा कि हमें उनके बताए हुए रास्तों पर चलना चाहिए और समाज के शोषित लोगों को हमेशा ऊपर उठाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम का अध्यक्षता सेवा निवृत शिक्षक जगदीश बैठा व संचालन हुसैनाबाद व्यापार मंडल कृष्ण बैठा ने किया। मौके पर वशिष्ठ अतिथि शशि कुमार पुर्व नगर अध्यक्ष, रमन कुमार रजक, नरेश पासवान पुर्व प्रत्याशी सांसद, राम बच्चन बैठा, प्रमोद रजक, जयश्री बैठा, बबन रजक, संजय बैठा, चंदन रजक, बाबूलाल बैठा, शशि रंजन बैठा, झामुमो नेता मुन्ना कुमार देव, भाजपा नेता अजय गुप्ता, अरविंद पासवान सहित अन्य लोग उपस्थिति थे।

## झारखंड ऊर्जा नवीकरणीय ज्रेडा के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** सगमा प्रखंड के सभागार में झारखंड ऊर्जा नवीकरणीय ज्रेडा के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर लोगो को बिजली तथा पानी बचाने के गुर बताया।कार्यशाला का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख अजय साव, पूर्व जिप सदस्य नंद गोपाल यादव, उप प्रमुख अर्जुन पासवान के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला के दौरान जरेडा के जिला समन्वयक चंदन कुमार चंद्रवंसी तथा शशिकांत सिंह ने उपस्थित लोगो को पानी बचाव के लिए अपनाये जाने वाले नियम के विषय में जानकारी दिया। जिसमे चापाकल या पानी टंकी के नजदीक सोखता निर्माण के विषय में जानकारी दिया। सिंचाई के लिये सोलर सिस्टम के माध्यम से संचालित स्प्रिकलर मशीन का उपयोग पर चर्चा किया गया। इसके साथ बिजली बचाने के विषय में जानकारी देते हुए बताया गया की अपने अपने घरों तथा सिंचाई के लिए जरेड़ा के द्वारा सब्सिडी पर मिलने वाली सोलर सिस्टम का प्रयोग करने की सलाह दिया गया। साथ ही बिजली खर्च को कम करने के लिये बताया गया की अनावस्यक रूप से बल्ब को जलाने से बचना चाहिए। बिजली के माध्यम से चलने वाले उपकरण को अपना काम हो जाने के बाद बंद कर देना चाहिए। अपने घरों में अधिक से अधिक एल ई डी बल्ब का प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर सगमा मुखिया तेज लाल राम, कटहर मुखिया कलावती देवी, घघरी मुखिया सरोज देवी, मुखिया प्रतिनिधि हनुमंत यादव, बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा सहित भारी संख्या में किसान और किसान मित्र उपस्थित थे।

## श्री शिव जी का प्राण प्रतिष्ठा का हुआ कार्यक्रम



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद, ग्राम मुगलजान वासीयों के द्वारा श्री श्री शिव जी का प्राण प्रतिष्ठा करने का दिन सुनिश्चित किया गया है एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरे ग्रामवासी इसमें पुरुष महिलाएं बच्चे पुरोहित जी के साथ मिलकर के कार्यक्रम का अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। श्री शिवजी जी का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम इस प्रकार है। दिनांक 24 फरवरी 2025 दिन सोमवार को सुबह 8:00 बजे जल यात्रा निकाली जाएगी। दिनांक 25 फरवरी 2025 दिन मंगलवार को सुबह 8:30 बजे श्री शिव जी के प्रतिमा ढ़ोल नगाड़े के साथ नगर भ्रमण किया जाएगा। दिनांक 26 फरवरी 2025 दिन बुधवार सुबह 10:00 बजे से अखंड कीर्तन की शुरुआत की जाएगी जो दिनांक 27 फरवरी दिन गुरुवार सुबह 10~00 बजे तक चलेगी। अखंड समाप्ति के पश्चात श्री शिव जी का प्राण प्रतिष्ठा एवं पूर्णाहुति के बाद भंडारा की आयोजन की जाएगी? । इस प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक लेफ्टिनेंट प्रेमतोस प्रसाद ने कहा कि हम सभी ग्रामवासी श्री शिवजी की असीम कृपा से कार्यक्रम को श्रद्धा भक्ति एवं होंसला के साथ सफल बनाने के लिए कई दिनों से लगे हुए हैं इस कार्यक्रम का आचार्य श्री दिनेश पाठक जी होंगे। इस कार्यक्रम में ग्राम वासियों ने इलाके के सभी बुद्धिजीवी पुरुष, महिलाएं से आग्रह किया है कि कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य का भागी बने एवं कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम मुगलजान के मुख्य रूप से लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, मृत्युंजय प्रसाद, दिनेश प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, अजय प्रसाद, क्षितिज प्रसाद, कमलेश प्रसाद, प्रदीप कुमार, मिथलेश प्रसाद, वेदांत कुमार खुशी कुमारी, सिमरन कुमारी, रेशमा देवी, अनीता कुमारी, गायत्री देवी, चंचला देवी, मुन्नी देवी, कमला कुंवर एवं समस्त गांव वासी लगे हुए हैं।

## रक्सी में 100 एमटी क्षमता के पैक्स गोदाम का विधायक ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी प्रखंड के रक्सी में 100 एमटी क्षमता के पैक्स गोदाम का शिलान्यास वर्तमान विधायक आनंद प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने किया। धुरकी प्रखंड की रक्सी पंचायत में 100 एमटी क्षमता का पैक्स गोदाम बनेगा। कृषि विभाग की ओर से बनने वाले इस पैक्स गोदाम व मार्केटिंग सेंटर का शिलान्यास शनिवार को क्षेत्रीय विधायक आनंद प्रताप देव और छोटे राजा ने शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि पैक्स भवन का निर्माण समेकित सहकारी विकास परियोजना रांची कोषांग द्वारा किया जायेगा। गोदाम बनने से किसानों से धान अधिप्राप्ति करने बाद पैक्स को भंडारण करने में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि क्रय किये धान का सुरक्षित भंडारण भी पैक्स में हो सकेगा। विधायक ने शिलान्यास करने के बाद सभी जनता से मिलकर के समस्या सुना सभी समस्या का निपटाने का वादा किया मौके पर लक्ष्मण यादव, इसराइल खान, पूर्व जिला परिषद जानकी सिंह, धीरेंद्र यादव, इकरार खान, राजा खान, एहसान अंसारी, विनोद प्रजापति, उप प्रमुख धर्मेंद्र यादव, रक्सी मुखिया अंजू देवी, विक्रम यादव, नरेश यादव, रितेश यादव, आदि मौजूद थे।

## सोना सोबरन योजना के तहत लुंगी धोती साड़ी का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हैदरननगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुकही में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश ठाकुर के निर्देश पर जन वितरण प्रणाली विक्रेता प्रदीप कुमार के दुकान पर प्रखंड प्रमुख श्रीमती कलावती देवी पंचायत समिति सदस्य राजीव कु शर्मा जन वितरण प्रणाली के प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप पासवान, वार्ड सदस्य सुमित्रा देवी ने संयुक्त रूप से सैंकड़ों लाभुकों के बिच धोती साड़ी का किया वितरण। पंचायत समिति सदस्य राजीव कु शर्मा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभान्वित कराना है प्राथमिकता।अभी लग्न का समय भी चल रहा है सरकार ऐसे समय में धोती साड़ी वितरण कर आम जनमानस को सिधे दी फायदा इससे लोगों को शादी विवाह में भी मिलेगा सहुलियत। लाभुकों ने सरकार के प्रति जताया आभार। वितरण में पुर्व वार्ड विनोद तांतों, दशरथ पासवान, मनेश तांतों सुरेश प्रसाद निरज सिंह राजेश्वर यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित हुए।

## हुसैनाबाद के पथरा शिव मंदिर में निकले नाग देवता, श्रद्धालुओं का लगा तांता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत पथरा पंचायत सचिवालय के समीप श्री पार्देश्वर महादेव शिव मंदिर में अचानक शनिवार की शाम शिव मूर्ति के बगल में रखे एक कुर्सी पर काला नाग फन जोड़कर बैठ गया। ग्रामीणों को जानकारी मिलते ही काफी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर की ओर नाग देवता को दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। ग्रामीण आने वाले महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर इस दृश्य को देखकर काफी उत्साहित दिखे, ग्रामीण इसे दैवीय चमत्कार समझकर नाग देवता की पूजा अर्चना शुरु कर दी है। श्रद्धालुओं का मानना हैं कि महाशिवरात्रि के समय भगवान भोलेनाथ की गले की सिंगार नाग देवता का मंदिर में साक्षात दर्शन देना इस क्षेत्र के शुभ संकेत हैं। पंचायत के मुखिया नरेश पासवान ने बताया कि हमलोग पथरा वासी के लिए यह शुभ संकेत हैं। वंही महाशिवरात्रि में आसमान से वर्षा और नाग देवता का आना यह दैविक संयोग हैं। नागराज मंदिर परिसर में जमे हुए है और श्रद्धालु पूजा अर्चना कर रहे है।

## चार अनाथ बच्चों के सहारा बने युवा समाजसेवी साजिद खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** छोटी उम्र से ही बड़े-बड़े सेवा कार्य कर रहे हैं साजिद खान ने चार अनाथ बच्चों का सहारा बनकर मानवता का मिसाल पेश किया है। रविवार को कपड़ा बैंक संचालक युवा समाजसेवी साजिद खान ने बताया कि कुछ लोगो ने फोन पर जानकारी दिया कि बंशीधर नगर अनुमंडल स्थित खरौंधी प्रखंड के सीसरी गांव के विकास शाह का आकस्मिक निधन हो गया है और उसके घर की माली हालत बिलकुल खराब है। उनके चार छोटे छोटे-छोटे मासुम बच्चे हैं। रविवार 23 फरवरी को श्राद्ध का कार्यक्रम है। लेकिन पैसे के अभाव में श्राद्ध कार्यक्रम नहीं कर पा रहे। ये बातें सुनते ही साजिद खान ने उनके परिवार को सुचित कि आप श्राद्ध का कार्यक्रम कि तैयारी करें। हम सारा सामान आप लोगों को उपलब्ध करायेंगे। उसी गांव से आये हुये दो लोगों को साजिद खान ने तत्काल श्राद्ध कार्यक्रम के लिए पच्चीस किलो चावल, पांच किलो आटा, दो किलो दाल, दो किलो सरसों तेल, दो किलो रिफाइन, 10 किलो आलू, तीन किलो प्याज, तीन किलो टमाटर, दान करने के लिए गमछा, और बच्चों के लिए ढ़ेर सारे कपड़े और आर्थिक सहयोग तत्काल उपलब्ध कराया। साजिद खान ने मानवता कि मिसाल पेश किया और साजिद ने कहा कि मैं अपने पिता शौकत खान के साथ मिलकर बहुत छोटे से उम्र से समाज सेवा का कार्य कर रहा हूं। इस लिये मेरे रग रग में मानवता का जज्बा बहता है और मैं यकिन दिलाता हूं कि मेरे अनेक निशुल्क बैंक गढ़वा से कभी भी कोई भी जरूरतमंद लोग खाली हाथ नहीं लौटेगा। खरौंधी के इन चार अनाथ बच्चों को आगे भी हम सहयोग करेंगे और वहां के आम नागरिकों से भी अपील करेंगे कि स्व0 विकास शाह के बच्चों को उनके घर जाकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा सहयोग करें और मानवता कि मिसाल पेश करें।

# नौडीहा बाजार अंचल बना है बिचौलिया एवं भ्रष्टाचार का अड्डा : रूचिर तिवारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नौडीहा बाजार अंचल के ग्राम-हुलसीकला में ग्राम-हरैया के बिनोद भूइंया को शाखा सचिव एवं कोषाध्यक्ष लखन राम को बनाया गया। अमवाडीह, शाहपुर सहित दर्जनों गांव के लोगों की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि नौडीहा बाजार क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विकास का कोई काम नहीं हो रहा है। पूर्व जमींदार परिवार अपने जाली कागजात के आधार पर गरीब मजदूर दलितों के जोत एवं घरबारी के जमीन को हड़पने में लगी हुई है उनके इस मंसुबे को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि नौडीहा बाजार अंचल कार्यालय भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है बिना घूस के कोई काम नहीं हो रहा है वहीं 60 वर्ष से ऊपर के लोगों को आज 4 महीना से केन्द्र सरकार के द्वारा बंद वृद्धावस्था पेंशन को नहीं देने के कारण खाने के लाले पड़े हुए हैं। मनरेगा में कोई काम नहीं है मजदूर नौजवान बेरोजगारी का दंश खेल रहे हैं वही नडीहा बाजार क्षेत्र में अवैध रूप से पुलिस प्रशासन के गठजोड़ से दर्जनों पत्थर के माइंस चल रहे हैं जिससे यहां के बाहरी लोग एवं नेता लोग मालोमाल हो रहे हैं और नौडीहा बाजार अंचल के लोग धुल फाककर जनता कंगाल बैठी हुई है ऐसी स्थिति में पार्टी आम लोगों को गोलबंद करके 24 मार्च को रांची विधानसभा मार्च करेगी। सम्मेलन में सर्व सम्मति से पप्पू पासवान को अमवाडीह का शाखा सचिव एवं सहायक सचिव शमशुल अंसारी, संजय बैठा, एवं हरैया शाखा के सचिव बैठक में राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, राज्य परिषद सदस्य सुरेश ठाकुर, राजेंद्र बैठा, मोमुदीन अंसारी, कांग्रेस विश्वकर्मा, अतमदेव भूइंया, लखन राम, बिनोद भूइंया, प्रवेश राम, मुखदेव पासवान, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### बस और बालू लदे टर्बो में आमने सामने जोरदार टक्कर, कई घायल

**रांची** । नामकुम थाना क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर भयानक सडक हादसा हो गया। यहां बस और बालू लदे टर्बो में आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में बस ड्राइवर समेत लगभग 40 युवतियां घायल हुई हैं। आसपास के लोगों की मदद से सभी को पास के अस्पताल पहुंचाया गया। महिलायें रामपुर अरबिंद टेक्सटाइल मिल में काम करती है। सभी बस में बैठी हुई थी। उसी क्रम में नामकुम के सिदरौल में सामने से आ रहे बालू लदे ट्रक ने बस में टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

### जमीअतुल मोमेनिन चौरासी चुनाव को लेकर किया बैठक

**रांची।** जमीअतुल मोमेनिन चौरासी चुनाव - 2025 के मद्देनजर चुनाव संयोजक कमिटी और जिम्मेदारान की एक अहम बैठक मुख्य चुनाव संयोजक जुनैद आलम के सदारत में मोमीन हॉल पुरानी रांची में हुई। बैठक में इलाकों (क्षेत्र) के मोमीन पंचायतों में चुनाव को लेकर जागरूकता लाने साहित अन्य बिन्दुओ पर चर्चा हुई । जिसके बाद ईद के बाद अप्रैल माह में हर हाल में चुनाव कराने का फैसला लिया गया , ईद के मुबारक मौके पर ईद मिलन सह मोमीन पंचायतों का सम्मेलन कराया जायेगा, ईद के दिन शहरी और देही इलाकों के सभी ईदगाहों में जमीअतुल मोमेनिन चौरासी चुनाव - 2025 जागरूकता के लिए स्टॉल और बैनर लगाया जायेगा। इस बैठक में जमीअतुल मोमेनिन चौरासी के जिम्मेदारान हाजी मजहर , हाजी फारूख मोहम्मद नौशाद, इजहार अंसारी, मोईन अंसारी, अकील अख्तर, हारिश अंसारी, जमील अख्तर, रिजवान अहमद फिरोज बबलू , फिरोज इमाम साहब ,नसर इमाम साहब साहित अन्य लोग मौजूद थे।

# विधानसभा सत्र आज से शुरू, रांची में रहेगी निषेधाज्ञा

**सुरक्षा के मद्देनजर विधानसभा सत्र के दौरान निषेधाज्ञा जारी किया गया है।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है और 27 मार्च तक चलेगा। इस दौरान रांची स्थित विधानसभा परिसर के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी, जिसके तहत विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे में (कोर्ट परिसर को छोड़कर) किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन और घेराव पर रोक रहेगी।

सुरक्षा के मद्देनजर विधानसभा सत्र के दौरान निषेधाज्ञा जारी किया गया है। रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने ब्ह्हस्र की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए झारखंड विधानसभा परिसर के 750 मीटर के दायरे (हाई कोर्ट परिसर को छोड़कर) में निषेधाज्ञा लागू रहने का आदेश जारी किया है। एसडीएम ने रविवार को बताया कि यह निषेधाज्ञा 24 फरवरी के सुबह 8.00 बजे से 27 मार्च के रात 10 बजे तक के लिए लागू रहेगी।

उन्होंने बताया कि इस दौरान पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलने, किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, बंदूक, राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद, हरवे-हथियार जैसे-लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला लेकर निकलना या चलने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करने पर रोक रहेगी।

# विहिप,बजरंगदल, मातृशक्ति दुर्गावाहिनी ने किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** तीन दिवसीय प्रांत बैठक मारवाड़ी धर्मशाला, रामगढ़ में 22 फरवरी से 24 फरवरी तक चलेगा। बैठक की अध्यक्षता चन्द्रकांत रायपत ने की। इस बैठक में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल , मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी एवं विहिप के अन्य सभी आयाम के प्रान्त, ज़िला अधिकारी एवं कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। इस बैठक की शुरुआत दीप प्रज्वलित, एकात्मता मंत्र, परिचय के साथ शुरू हुआ । बैठक के उद्बोधन भाषण में अम्बरीष ने कहा कि महाकुंभ मेला समरसता का महापर्व देखने को मिला इस महाकुंभ में विराट हिंदू समाज का पुनर्निर्माण हुआ है, हमलोग एक हैं इसलिए हमारी परंपरा एक हैं हमारे देवी देवता एक हैं, हम सब एक सम्मान हैं। इस गुलामी में अपने बहुत सारे विचारों के लोग समाप्त हो गए। परंतु गंगा स्नान बंद नहीं हुआ, कुंभ मेला बंद नहीं हुआ, मंदिर बंद नहीं हुआ, हमारे कर्मकांड बंद नहीं हुए। अम्बरीष ने कहा कि संत महंतों की यात्रा प्रारंभ रही, शक्ति पीठ यात्रा, चार धाम यात्रा चलता रहा जो लोग इस यात्रा में शामिल नहीं हो रहे हैं, धर्म को बचाने के लिए ये यात्रा बहुत जरूरी है। धर्मांतरण, लव जिहाद, घुसपैठ, लैंड जिहाद पर चिंता व्यतीत किए। तीन दिवसीय इस बैठक में सभी जिला में विगत 6 माह में किए गए कार्यो की समीक्षा की जाएगी तथा अगामी होने वाले कार्यक्रम के सन्दर्भ में योजना बनाई जानी हैं द्य इस बैठक में अम्बरीष केंद्रीय मंत्री सह विशेष संपर्क प्रमुख, वीरेंद्र विमल पटना क्षेत्रीय मंत्री, बीरेंद्र साहू चंद्रकांत रायपत प्रांत अध्यक्ष,तिलक राज मंगलम प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष,गंगा प्रसाद यादव प्रांत उपाध्यक्ष, राजेंद्र मुंडा प्रांत उपाध्यक्ष, मिथिलेश्वर मिश्र प्रांत मंत्री,देवी सिंह प्रांत संगठन मंत्री, मनोज पोद्दार प्रांत सह मंत्री, रंगनाथ महतो प्रांत संयोजक सह



प्रान्त सहमंत्री,कृष्ण चैतन्य ब्रह्मचारी, मार्गदर्शक मंडल संयोजक, देवेन्द्र गुप्ता अर्चक पुरोहित प्रांत प्रमुख, प्रांत मनोज पांडे मंदिर अर्चक पुरोहित प्रांत सहप्रमुख, कमलेश सिंह प्रांत गौ रक्षा प्रमुख, दीपक ठाकुर प्रांत गौ रक्षा सहप्रमूख,प्रकाश रंजन प्रांत प्रचार प्रसार सहप्रमुख, संजय चौरसिया धर्म प्रसार ,सच्चिदानंद धर्म प्रसार सहप्रमूख , रंजन कुमार सिंह सत्संग सहप्रमूख, कीर्ति गौरव दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका, रामनरेश सिंह एवं अन्य प्रांत, विभाग,जिला प्रखंड के दायित्व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विधानसभा के नजदीक झाडियों में लगी आग, दमकल ने पाया आग पर काबू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है। सत्र से पहले सुरक्षा को लेकर चौक चौबंद किया गया है, तो वहीं विधानसभा के नजदीक झाड़ियां में अचानक आग लग गई। आग लगने से आनन फानन में फायर ब्रिगेड बुलाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। इस दौरान तीन दमकल गाड़ियां आई और करीब एक घंटा से अधिक समय तक आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। खबर लिखे जाने तक दमकल गाड़ियां आग बुझाने के प्रयास में लगी हुई थी , आज कैसे लगी इस पर किसी ने आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की है।

# बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी का जीत लिया दिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** किडज़ी स्कूल बसरगढ़ में एनुअल डे बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस अवसर पर चीफ गेस्ट ब्रिजफोर्ड स्कूल की प्रिंसिपल, तुपुदाना थाना प्रभारी उपस्थित रहे, जिन्होनें बच्चों द्वारा किए गए प्रस्तुति को प्रोत्साहित किया और उनकी उपलब्धियों की सराहना की. कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई. इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक प्रोग्राम, डांस, मनमोहक कार्यक्रमो के मध्य से सभी का दिल जीत लिया. स्कूल की प्राचार्य सीमा



लाल ने एनुअल डे के द्वारा बच्चों के विकास को दर्शाने की कोशिश की. प्रोग्राम के अंत में फैंसी ड्रेस कंपटीशन, स्पोर्ट्स डे के लिए बच्चों को पुरस्कर देकर सम्मानित किया गया.समापन समारोह में स्कूल के प्रिंसिपल ने सभी नन्हे बच्चों, टीचर्स और पेरेंट्स का आभार वायक्त किया और स्कूल के प्रगति में उनके योगदान की सराहना की।

## एसएसपी ने रांची के थानेदारों को किया तबादला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा ने रांची जिला के छह थानों के प्रभारियों का तबादला और एक को पुलिस लाइन में योगदान देने का निर्देश दिया है। जिन थानों के प्रभारी बदले गए हैं, उनमें डोरंडा, सदर, सुखदेवनगर, ईटकी, पिठोरिया व खलारी थाना के प्रभारी शामिल हैं। डोरंडा थाना प्रभारी रहे जयदीप टोप्पो को खलारी थाना का प्रभारी बनाया गया है। वहीं विजय कुमार सिंह पुलिस लाईन में योगदान देंगे। इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार को डोरंडा थाना का प्रभारी बनाया गया है। जबकि इंस्पेक्टर रंजीत कुमार सिन्हा को सदर थाना के प्रभारी के पद पर




पदस्थापित किया गया है। इसी तरह अभय कुमार को पिठोरिया थाना का प्रभारी बनाया गया है, जबकि अभिषेक कुमार को सुखदेवनगर थाना के प्रभारी पद पर पदस्थापित किया गया है। दारोगा मनीष कुमार को ईटकी थाना प्रभारी के पद पर पोस्टिंग दी गई है।इस तबादले के बाद और भी थानेदार पर वरीय पुलिस अधीक्षक की नजर है जिस पर कार्रवाई कर सकते हैं।

# राजद ने 50 हजार सदस्य बनाने का रखा है लक्ष्य : कैलाश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची**। कोकर स्थित रामलखन सिंह यादव कॉलेज रांची के समीप राजद नेताओं ने सदस्यता अभियान चलाया ! इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव मौजूद थे । कार्यक्रम का संचालन महासचिव प्रणय बबलू ,अर्जुन यादव, मनोज अग्रवाल ,संतोष प्रसाद, अरुण यादव ,जीतू यादव ने किया । इस अवसर पर सैकड़ों लोग राजद का सदस्यता लिए ! तमाम




लोगों को राजद महासचिव कैलाश यादव ने सदस्यता दिलाई । ादव ने कहा कि रांची महानगर में 50 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है । विदित है कि राजद का सदस्यता अभियान राज्य के सभी जिलों में तेजी से चल रहा है । राजद अध्यक्ष लालू यादव एवं युवा हृदय सम्राट तेजस्वी यादव के विचारधारा और राजद का नीति सिद्धांत को सदस्यता अभियान के माध्यम से वार्ड से पंचायत तक लोगो को बताने काम कर रहे हैं । कार्यक्रम में इस दौरान रामकुमार सिंह यादव , सुधीर गोप , अधिवक्ता कृष्ण कुमार, श्याम सुंदर यादव ,सुनील टोप्पो ,विभाकार कुमार , ललन यादव, कपिलदेव सिंह, अनिल सिंह, वीना देवी , लक्ष्मी देवी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे ।

## श्री राधा- कृष्ण सेवा धाम मंदिर में हुआ अन्नपूर्णा महाप्रसाद वितरण एवं भजन संकीर्तन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 195 वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।

श्री कृष्णा प्रणामी सेवा समिति रांची के सौजन्य से अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं होली महोत्सव भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद में वेजिटेबल खिचड़ी का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित 4 हजार से भी अधिक में श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक फूलों की होली महोत्सव सह भजन संकीर्तन का भव्य आयोजन हुआ। भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया,निर्मल जालान, उर्मिला पाडिया, सितादेवी शर्मा ने होली पर मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। फूलों की होली खेली गई भक्तो ने आपस में फूलों की बौछार करते रहे। तथा पूरा वातावरण को वृंदावन एवं कृष्णमय बना दिया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद, होली महोत्सव एवं भजन कीर्तन में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल, विजय अग्रवाल,सुरेश भगत, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, पवन पोद्दार, प्रदीप पोद्दार, विमला जालान, विधा देवी अग्रवाल, शोभा जालान, उर्मिला पाड़िया, मीनू पाड़िया, सुनीता अग्रवाल, सुमन चौधरी, कविता गाड़ोदिया, शारदा पोद्दार, संतोष देवी अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, उषा मोदी, किरण पोद्दार, मंगला मोदी, सत्यभामा खेतान, शारदा पोद्दार, आशा भुंजाल, नम्रता जालान, नीलम गोयल, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

# मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा विस परिसर में स्थापित करें : सीपीआई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक एवं कार्यकर्ता मिलन समारोह गांधीनगर क्लब में एटक के राज्य सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने किया, बैठक और कार्यकता मिलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, एटक के राज्य सचिव अशोक यादव, मजदूर नेता हरिद्वार सिंह , जिला सचिव अजय कुमार सिंह, युवा नेता संतोष कुमार रजक, भारतीय खेत मजदूर यूनियन के राज्य सचिव इम्तियाज़ खान के नेतृत्व के कई लोगों उपस्थिति में 143 मजदूरों ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्यता ग्रहण करते हुए पार्टी में ईमानदारी से कार्य करने का शपथ लिया। जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने सभी नए सदस्यों को शपथ दिलाया एवं कहा कि रांची जिला में इन लोगों के जुड़ने से पार्टी मजबूत होगी । भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 143 लोगों ने लिया पार्टी की शपथ। झारखंड विधानसभा में बाबा भीमराव अंबेडकर एवं मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने, जल जंगल जमीन की हिफाजत करने, असंगठित मजदूरों को 26000 रुपए प्रतिमाह मजदूरी निर्धारण करने, मजदूरों के 8 घंटा काम एवं न्यूनतम मजदूरी की गारंटी करने, भूमिहीन लोगों को खेती के लिए ढाई एकड़ जमीन उपलब्ध कराने, आवास विहीन्र लोगों के लिए 10 डिसमिल जमीन घर बनाने के लिए देने, सहित किसान मजदूर की कल्याण के लिए 24 मार्च को विधानसभा मार्च किया जाएगा। बैठक चंदेश्वर प्रसाद सिंह सहित अन्य कर्मचारियों ने भी पार्टी की सदस्यता ली कार्यक्रम में सेकंडो लोगों को उपस्थित थे।

# महाकाल मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर हल्दी, मेहंदी का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रविवार को श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) के द्वारा पहाड़ी मंदिर के महाकाल मंदिर में महाशिवरात्रि को लेकर हल्दी मेहंदी का आयोजन किया गया।पहाड़ी बाबा को फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया साथ ही मेहंदी और हल्दी लगाई गई। भजन कीर्तन में भक्तगण झूम कर नाचे। सभी ने एक दूसरे को हल्दी लगाई महिलाओं ने हाथों में मेहंदी रचाई उसके बाद पहाड़ी बाबा की भव्य आरती की गई। जिसमें की सैकड़ो महिलाएं और पुरुष सम्मिलित रहे।श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर मुख्य द्वार के संस्थापक नन्द किशोर सिंह चंदेल और अध्यक्ष गुलशन मीढ्ढा ने संयुक्त रूप से कहा की 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन दिन पहाड़ी बाबा के मुख्य द्वार से ऐतिहासिक झांकी निकाली जाएगी।

इस झांकी में जो स्वरूप सब बने हैं उसकी चर्चा पूरे झारखंड नहीं पूरे भारत में होगी। आज के कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण श्री दुर्गा जागरण मंडली रही। इस मेहंदी हल्दी के कार्यक्रम में निम्नलिखित लोग



सम्मिलित रहे- संस्थापक नन्द किशोर सिंह चंदेल, मुख्य संयोजक ललित ओझा,राजू काटपाल,अध्यक्ष गुलशन मिड्ढा,संजय जयसवाल, कार्यकारी अध्यक्ष नरेश मक्कड़ मिशु, महासचिव जीतू अरोड़ा, रिंकू,राजु सिन्हा, मोनू शर्मा, विनय सिंह,अजित सिंह, मोहन गोस्वामी, प्रिया बर्मन,गायत्री,नीलू सिंह,रीना सिंह,बीना सिंह, अंजना प्रियदर्शनी, समर्पणा सिंह,अर्चना झा,विनीता देवी, शीला, संगीता सिन्हा,रीता सेन, मोनिका,सोनी सालू, नीलम, मजुला, ममता मिश्रा, नीतू सिंह,रीता सेन, श्वेता सिन्हा, मोनिका पारासद, काजल, ऐश्वर्या, संगीता,ज्योति अरोड़ा, शशि किंगरा, कौशल्या देवी,पूनम तनेजा,कान्ता देवी अरोड़ा, रीया,पायल,सीमा हेंब्रम, सुमन किस्कू, श्रेया, रीया, दीप, आनंदी, बीना सिंह,किरण देवी, शीतल गुप्ता, परिणीता देवी, गोलू।

# म्युटेशन के कुल 990 मामलों का निष्पादन किया गया : डीसी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर 23 फरवरी को जिला के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिज से संबंधित राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। पिछले 22 दिनों में ये तीसरा मौका है, जब जिला के विभिन्न अंचलों में दाखिल-खारिज से संबंधित शिविर का आयोजन कर 10 डिसिमल तक के लंबित म्यूटेशन के मामलों का निष्पादन करते हुए आवेदकों को करेक्शन स्लिप (शुद्धि पत्र) निर्गत किया गया। जिला दण्डाधिकारी- सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा नामकुम अंचल में आवेदकों को शुद्धि पत्र प्रदान किया गया। जबकि अरगोडा, कांके, रातू एवं मांडर में वरीय पदाधिकारियों द्वारा आवेदकों को करेक्शन स्लिप दिया गया।

**म्युटेशन के कुल 990 मामलों का निष्पादन:** पांच अंचलों में आयोजित दाखिल-खारिज शिविर में म्युटेशन के कुल 990 मामलों का निष्पादन किया गया, जबकि 1317 मामले अस्वीकृत किये गए। सबसे ज्यादा नामकुम अंचल में 701




आवेदन स्वीकृत किये गए, जबकि अरगोडा में 94, कांके में 54, रातू में 99 और मांडर में 42 आवेदन स्वीकृत किये गए। नामकुम अंचल में 959, कांके में 182, रातू में 151, मांडर में 25 और अरगोड़ा में 00 मामले रिजेक्ट किए गए।

**अस्वीकृत आवेदनों की वरीय पदाधिकारी करेंगे समीक्षा:** जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को बिना ठोस कारण के दाखिल-खारिज के आवेदन को अस्वीकृत न करने का निर्देश पूर्व में ही दिया गया है। मंजूनाथ भजन्त्री ने एक बार फिर से कहा है कि अगर अंचल कार्यालय में बिचौलिये दिखे तो फौरन स्थानीय थाना या पीसीआर को सूचित करें। उन्होंने आम लोगों से जिला प्रशासन द्वारा जन शिकायत के लिए जारी किए गए व्हाट्सएप नंबर 9430328080 (अबुआ साथी) पर इसकी जानकारी देने की बात कही।

## विधानसभा सत्र शुरू, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा को लेकर डीसी-एसपी ने किया बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड विधानसभा परिसर (नया) में -24 फरवरी से 27 मार्च 2025 को चलने वाले षष्ठम् झारखण्ड विधान सभा का द्वितीय (बजट) सत्र के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु रांची उपायुक्त मंजुनाथ भजंनत्री, डीआईजी सह वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के साथ संयुक्त रूप से बैठक किये।इस मौके पर सभी सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी



एवं पुलिस बल को कई निर्देश दिए गए। सत्र के दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।इस मौके पर एसडीएम उत्कर्ष, ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद केशरी सहित कई पुलिस कर्मी उपस्थित रहें।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# अंबेडकर विस्थापित प्रभावित मोर्चा की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** तुमांग पंचायत के करकट्टा मैनेजर बंगला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में रविवार को डा.अंबेडकर विस्थापित प्रभावित मोर्चा की बैठक हुई। अध्यक्षता तुमांग मुखिया संतोष कुमार महली ने की। बैठक में तुमांग पंचायत के करकट्टा मैनेजर बंगला बस्ती सहित अन्य ग्राम-टोला के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी। जिसमें केडीएच परियोजना एवं रोहिणी परियोजना खदान में हो रहे हैवी ब्लास्टिंग से घरों की दीवार पर दरार, करकट्टा स्थित बंद पड़ी केडीएच पैच खदान में लगी आग से निकल रहे जहरीली धुआं, पेयजल, धूल-गर्द की समस्याओं सहित मोर्चा को मजबूत करने को लेकर चर्चा हुई। मौके पर मोर्चा ने सीसीएल प्रबंधन से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान की मांग करते हुए कहा कि खदानों के धूल से ग्रामीणों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है, जिसका निष्पादन करने एवं खदान में किए जा रहे ब्लास्टिंग की तीव्रता पर रोक लगाने एवं ग्रामीणों की पानी की समस्याओं का समाधान की मांग की है। अंत में मोर्चा के अध्यक्ष मुखिया संतोष ने बताया कि मोर्चा की आगामी बैठक 01 मार्च दिन शनिवार को तुमांग पंचायत सचिवालय भवन में की जाएगी। जहां तुमांग पंचायत के सभी ग्राम टोलों के ग्रामीणों को उपस्थित रहना आवश्यक है। इस मौके पर संजय राम, उमेश मेहता, विनोद राम, प्रेम साव, उपेंद्र राम, क्यूम अंसारी, मनोज रजक, महेश भुइयां, नवीन टोपनो, संकुन्तला देवी, सविता देवी, प्रमिला देवी, शिशिल्या देवी आदि उपस्थित थे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा मे लीगल लिटरेसी क्लब का हुआ उदघाटन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा मे रविवार को झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेज अथोरिटी (झालसा) के मार्गदर्शन में लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन किया गया।झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने ऑनलाइन इस क्लब का विधिवत रूप से उद्घाटन किया।इस मौके पर उद्घाटन कार्यक्रम में चतरा न्यायालय के सिविल जज मिलन कुमार और जितेंद्र कुमार भी मौजुद थे।इस संबंध में चतरा न्यायालय के सिविल जज मिलन कुमार ने बताया कि लीगल लिटरेसी क्लब बच्चों को दहेज़ प्रथा,बाल विवाह, मानव तस्कर,बाल मजदूरी, मानव अधिकार एवं अफीम और गांजा की खेती होने पर रोकथाम करने हेतु जानकारी दी जाएगी।उन्होंने बताया कि क्लब के माध्यम से स्कूली बच्चों के अलावा क्षेत्र के लोगों को कई प्रकार की कानूनी जानकारी प्राप्त होगी।उन्होंने कहा कि क्लब के माध्यम से स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक कानूनी जानकारी एवं कानूनी सहायता प्रदान की जाएगी।उन्होंने कहा की जानकारी के अभाव में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है और उन्हें संवैधानिक अधिकारों से वंचित रहना पड़ता है,ऐसे में झालसा के निर्देश पर जगह-जगह इस तरह का क्लब का गठन कर लोगों को कानूनी सहायता एवं जानकारी प्रदान की जा रही है।उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान तक गरीब एवं असहाय लोगों की भी क्लब के माध्यम से सहायता की जाएगी।इस मौके पर पीएलबी शिव कुमार,जितेंद्र कुमार,ड़ीएवी बचरा के वरिष्ट शिक्षक आरबी प्रसाद,एके लाल, शाहीद अंसारी,सुमित कुमार,आभा खन्ना,आरआर दत्ता,सुदिप्ता डे सहित स्कूल के कई शिक्षक व बच्चे मौजूद थे।

## सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सचिव का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सचिव का निधन रविवार की सुबह रांची में इलाज के दौरान हो गई। जानकारी के अनुसार छोटा मुरी निवासी बलराम महतो कुछ दिन पहले अपने बाइक से गिरकर घायल हो गए थे।जिनका इलाज रांची के अस्पताल में चल रहा था। रविवार कि सुबह इलाज के दौरान उनका मृत्यु हो गया।उनकी मौत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी।उनका अंतिम संस्कार मुरी स्वर्ण रेखा घाट पर किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष सयैद कमर आलम,मनिराम दास, निताई महतो, फलहारी महतो, अमित कुमार, मुखिया कन्हाई लोहरा, पंचायत समिति अरविंद कुमार, नारायण सिंह मुंडा, बलवीर सिंह, भगिरथ महतो, गोपाल महतो, डॉ रुपेश कुमार,वी वेंकट राव,बुकु राय, समेत पार्टी के कार्यकर्ता एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## कृषि मंत्री से मिले ओरमाझी पंचायत के प्रतीनिधि

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के कृषि व पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिकी से उनके आवास में जाकर ओरमांझी पंचायत के मुखिया दीपक बडाईक उपमुखिया संतोष गुप्ता ग्राम प्रधान दीनदयाल लोहार मुण्डा समाजिक कार्यकर्ता कुलदीप तिवारी अमिताभ पाण्डेय मिले और उन्हें ज्ञापन मांग पत्र देकर ओरमांझी प्रखंड के किसानों का सबसे बड़ा साप्ताहिक बाजार को डेली मार्केट बनाने के लिए बाजार परिसर में नया शेड निर्माण कराने पुराने जर्जर शेड का मरम्मत कराने व बाजार के चारों ओर दुकान भवन बनाने के साथ अन्य आधारभूत संरचना निर्माण कराने की मांग किया गया और कहा गया इसके डेली मार्केट बन जाने से ओरमांझी प्रखंड के साथ कांके अनगड़ा व रामगढ़ प्रखंड के किसानों को लाभ मिलेगा उनके उगाएं हुए सब्जियों का उचित मूल्य मिल पाएगा।

## जे.फैशन मॉल का भव्य उद्घाटन

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजधानी रांची जिले के चूट्टू तालाब रिंग रोड स्थित जे.फैशन मॉल का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जावेद अख्तर अंसारी, कांके प्रखंड प्रमुख सोमनाथ मुंडा,मेसरा हॉस्पिटल के निदेशक जावेद अख्तर,कांग्रेस के महासचिव अनवारूल अंसारी, मॉल के संचालक दाऊद अंसारी ने संयुक्त रूप से किया.इस मॉल में ग्राहकों को मेन्स वियर,लेडिज वियर और किड्स वियर के लिए बेहतरीन कलेक्शन मिलेगा,वह भी किफायती दरों पर.संचालक दाऊद अंसारी के अनुसार,यहां हर कपड़ा बाजार से सस्ते दामों पर उपलब्ध रहेगा,जिससे स्थानीय लोगों को किफायती खरीदारी का लाभ मिलेगा.उद्घाटन के मौके पर खास ऑफर के तहत 30 प्रतिशत की छूट के साथ बेहतरीन वस्त्र उपलब्ध हैं. इसके अलावा, खरीदारों को विशेष उपहार भी दिए जाएंगे.मुख्य मुख्य अतिथि जावेद अख्तर में कहा कि चूट्टू और आसपास के लोगों के लिए यह मॉल एक बेहतरीन शॉपिंग डेस्टिनेशन साबित होगा,जहां एक ही स्थान पर हर प्रकार के कपड़े मिलेंगे.मॉल के संचालक दाऊद अंसारी व सदाम अंसारी ने ग्राहकों से इस खास मौके का लाभ उठाने की अपील की है.मॉल के द्वारा ग्राहकों की सुविधा के लिए कस्टमर केयर नंबर 8210318409,8292536197 भी जारी किया गया है. इस अवसर पर मुख्य रूप से जावेद अख्तर अंसारी, प्रमुख सोमनाथ मुंडा,मेसरा हॉस्पिटल के निदेशक जावेद अख्तर, मौलाना अजीज,अनवारूल अंसारी,हाजी हयात अंसारी,शरीफ अंसारी, जहांगीर अंसारी,मजनू अंसारी,अलीमाम,सफीक अंसारी,उप मुखिया शईद अंसारी,संचालक दाऊद अंसारी,सदाम अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सरकारी कर्मचारियों व शिक्षकों की मांग को लेकर झारोटेफ ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**ओरमांझी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड ऑफिसर्स टीचर्स एंप्लॉई फेडरेशन ( झारोटेफ ) के तत्वावधान में राज्य के सरकारी कर्मचारियों के हितार्थ ज्वलंत मांगों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत सिंह एवं राज्य कमेटी के आह्वान पर समस्त राज्य में हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत हो चुकी है इसी क्रम में झारोटेफ ओरमांझी में रांची जिला उपाध्यक्ष इमामुल हक़ , प्रखण्ड अध्यक्ष कुमार भगीरथ सिंह , जनसेवा , संघ के सुलेखा कुमारी , आशाराम महतो विभिन्न कार्यालयों एवं विद्यालयों में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है । जिसमें तत्काल शिक्षकों को एम ए सी पी , सरकारी कर्मचारियों को शिशु शिक्षण भत्ता , और हर हाल में सेवानिवृत्त उम्र 62 वर्ष करने की मांग है ।

## एकदिवसीय हज प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी स्थित मदीना मैरेज हॉल में रविवार को एकदिवसीय हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशिक्षण समन्वयक हाजी कैसर आलम ने हज के अरकान व हज के पूर्व की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने कहा इस वर्ष हज के दिनों में मक्का में शदीद गर्मी का मौसम होगा। ऐसे में हज-यात्री तेज़ धूप में निकलने से बचें और हज के अरकान अदा करने में ऐसे समय का चयन करें जिसमें गर्मी कम हो। शिविर में हज के पूर्व की तैयारी, हवाई यात्रा, सऊदी अ़रब के नियम क़ानून के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि हज-यात्रियों को मक्का पहूँच कर पहले ऊ़मरा करना होता है। शिविर में राँची, खूँटी,गुमला,लोहरदगा और चतरा ज़िला के हज-यात्री शामिल हुए। शिविर को सफल बनाने में मेराज आलम, मुहसिन ज़फ़र, अबरार इमाम, क़मरोश क़ैसर, अहजम नबील, अदनानुल हक, बबलू और सरफ़राज़ का सक्रिय सहयोग रहा।

## समर हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर ने स्वास्थ्य शिविर का आयोजन नेहालू पंचायत सचिवालय में किया

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के नेहालु पंचायत सचिवालय में समर हासपीटल एवं रिसर्च सेंटर ने रविवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में सैकड़ों ग्रमीणो को निःशुल्क जांच एवं दवा का वितरण किया गया। इस शिविर में लोगों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी जैसे नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता का ध्यान कैसे रखें, स्वास्थ्य आहार खाने, व्यायाम और शारीरिक गतिविधियों, धूम्रपान और शराब से बचने आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों का साथ व सहयोग रहा। मुखिया वीरेंद्र भगत ने कहा कि हम सबों को स्वच्छता के प्रति सचेत रहने की अवश्यकता है। अपने खान-पान के अलावे सभी प्रकार के सवधानियां बरतने की अवश्यकता है। ताकि किसी प्रकार का दिक्कत न हो। मुफ्त शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु आग्रह किया।

# कर्रा में ग्राम प्रधान संघ कि बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** कर्रा प्रखंड सभागार में ग्राम प्रधान एवं पड़हा राजाओं कि बैठक ग्राम प्रधान बिरसा उरांव कि अध्यक्षता पर किया गया. बैठक में पंचायती राज विभाग के आदेश के आलोक में प्रत्येक पारम्पारिक ग्राम सभा कि विडीयो ग्राफी कर केन्द्र को भेजा जाना है जिसपर चर्चा किया गया जिसमें ग्राम प्रधान एवं पड़हा राजाओं के मानदेय शुरूआत में दो हजार कि दर से भुगतान किया गया था जिसे घटाकर एक हजार रूपया कर दिया गया था लेकिन पिछले छह माह से मानदेय का राशि बकाया है जिसे झारखंड सरकार दुगुना करने कि बात कही थी, सभी ग्राम प्रधानों ने अपनी मांग रखते हुए कहा की हम पारम्पारिक ग्राम प्रधान है ना कि ग्राम सभा प्रधान क्योंकि पूर्व से हम ग्राम प्रधान के नाम से जाने जाते थे ना कि ग्राम सभा प्रधान के नाम से, आगामी बैठक में सभी ग्राम प्रधान व पड़हा राजाओं को पारम्पारिक परिधान अथवा वेषभूषा में बैठक पर आने कि बात कही गयी और सभी निर्णय को सर्वसम्मती से पारित किया गया. बैठक पर ग्राम प्रधान संघ के प्रखंड सचिव पीटर बारला, पड़हा राजा सुनील होरो, ग्राम प्रधान बिरसा उरांव, कर्मा मुंडा, लाल सिंह मुंडा, रनिया प्रखंड के ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष सुरेश कोनगाड़ी ने ग्राम सभा से संबंधित सुझाव रखें. बैठक में विभिन्न गांव के ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## जमीयतुल इराकीन वेलफेयर फाउंडेशन की हुई बैठक, लिए गए कई अहम निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखण्ड अंतर्गत डांडकंडरिया में जमीयतुल इराक़ीन वेलफेयर फाउंडेशन की एक अहम बैठक सदर मोहम्मद जावेद की अध्यक्षता में संपन्न हुई द्य इस बैठक में मुस्लिम महिलाओं के उत्थान एवं रोजगार हेतु 40 कैंडिडेट के बीच सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाये जाने की चर्चा हुई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उम्र की सीमा 20 से 40 वर्ष रखी जायेगी एवं इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्राथमिकता के तौर पर विकलांग विधवा एवं अनाथ गरीब महिलाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। इस बैठक में सामाजिक शादी ब्याह तलाक और अन्य बुराइयों पर भी चर्चा किया गया और इस पर अंकुश लगाने की पहल की गई। बैठक में जमीअतुल इराक़ीन वेलफेयर फाउंडेशन के सदर मोहम्मद जावेद, सेक्रेटरी प्रवेज आलम , जनाब हाजी मुस्लिम साहब, मो मुर्तुजा आलम , नोमान रशीद , मो शमशाद , मास्टर कयूम, अकील अख्तर, मास्टर अशरफ , मो तौफीक, हाजी नसीम , अब्दुल वहाब , अब्दुल लतीफ तथा अन्य अन्य गण मान्य लोग उपस्थित थे।

# पिपरवार के बीओसी में हुई झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बीओसी हनुमान मंदिर के प्रांगण में झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता यूनियन के मुख्य संयोजक इकबाल हुसैन और संचालन मुकेश साव ने किया।बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे यूनियन के पूर्व जोनल उपाध्यक्ष रामचंद्र उरांव एंव अनिल राम शामिल हुए।बैठक मे क्षेत्र के संगठित और असंगठित मजदूरो के विभिन्न समस्याओ पर विचार विमर्श किया गया।असंगठित मजदूरो के ड्युटी,बोनस, पीएफ भुगतान,हाई पावर कमेटी की अनुशंसा को लागु करने एवं सीसीएल कामगारो के सर्विस बुक मे सुधार,आवास आवंटन, आवास मरम्मति,प्रमोशन, शेप,पिट आफिस मे पेयजल,शौचालय सहित कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं समस्याओं के समाधान को लेकर जल्द ही प्रबंधन और नीजी कंपनियो को मांग पत्र सौपने का निर्णय लिया।बैठक मे सदस्यता अभियान चलाते हुए संगठन का विस्तार करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में मजदूरों के हक और अधिकार को लेकर जमकर नारेबाजी की गई एवं सभी मजदूरों को एक मंच पर रहने का आह्वान किया गया।बैठक मे इकबाल हुसैन,रामचन्द्र उरांव,जेपी महाराज,बीरु मुडा,कमेश्वर गंझु, प्रदीप महतो,अशोक पासी,सुनिल उरांव, इलियास टाना भगत,बाबूलाल भगत,मोहम्मद जमशेद,मोहम्मद सैफुल्लाह,रघुनाथ प्रजापति, रवि गंझु सहित कई लोग मौजुद थे।

# डीएवी खलारी में लीगल लिटरेसी क्लब की हुई शुरूआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** झारखंड स्टेट लीगल सर्विसेज अथोरिटी (झालसा) के मार्गदर्शन में डीएवी स्कूल खलारी में लीगल लिटरेसी क्लब की विधिवत शुरुआत हुई. अतिरिक्त न्यायिक आयुक्त पवन कुमार व सिविल जज मनोजकुमार इंदवार ने एएलएडीसी सौरभ पांडेय, पीएलवी मुन्नू शर्मा व रंजना गिरि तथा स्कूल के सुपरवाइजरी हेड कंचन सिंह के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की. कंचन सिंह ने अधिकारियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में क्लब की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि इस क्लब के मार्गदर्शन में विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ साथ शिक्षकों को भी बहुत लाभ होगा. क्लब इंचार्ज वाणिज्य शिक्षक आनंद तिवारी ने लीगल लिटरेसी क्लब के गठन का उद्देश्य बताया. कहा कि यह क्लब विद्यालय में विद्यार्थियों को नागरिकों के अधिकारों और जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करेगा. विद्यालय की हेड गर्ल रिया कुमारी ने लीगल लिटरेसी क्लब की विद्यालय में भूमिका पर प्रकाश डाला. कहा कि यह क्लब बच्चों के सही मार्गदर्शन में सहयोग करता है. अतिरिक्त न्यायिक आयुक्त पवन कुमार ने अपने संबोधन में पीएलवी के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कानून में करियर के बारे में बताया. नागरिकों के मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर अपने विचार व्यक्त किए.

कहा कि एक का अधिकार दूसरे का कर्तव्य है. कानून के जाने-माने लोगों जज, वकील आदि को महीने में एक दिन विद्यालय में आनलाइन या आफलाइन मीटिंग करवाने का सुझाव दिया जिससे बच्चे कानूनी बारीकियां समझ सकें. कहा कि लोग अपने अधिकारों की बजाय अपने कर्तव्यों के बारे में जानें कि देश समाज के लिए मुझे क्या करना चाहिए. उपस्थित विद्यार्थियों को गणित, विज्ञान विषयों को रूचि लेकर पढ़ने का सुझाव दिया. सिविल जज मनोज कुमार ने लीगल लिटरेसी क्लब के महत्व एवं वर्तमान समय में उसकी भूमिका के बारे में विस्तार से बताया. बच्चों को बाल विवाह, मानव तस्करी, डायन प्रथा आदि सामाजिक बुराइयों के लिए कानूनी सहायता एवं समाधान हेतु विस्तृत जानकारी दी गई. डीएवी स्कूल खलारी में डीएवी प्रबंधन एवं झालसा की तरफ से रांची में आयोजित 72 डीएवी विद्यालयों के कार्यक्रम की आनलाइन प्रस्तुति दिखाई गई. विद्यालय के प्राचार्य डा कमलेश कुमार भी रांची में आयोजित इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित थे. ज्ञात हो कि झालसा के मार्गदर्शन में झारखंड के सभी 72 डीएवी स्कूलों में लीगल लिटरेसी क्लब का गठन किया गया है. झारखंड के इस राज्य स्तरीय समारोह का रांची में आयोजन किया गया जिसका डीएवी खलारी में आानलाइन प्रसारण किया गया. इसी उद्देश्य से डीएवी स्कूल खलारी में लीगल लिटरेसी क्लब जो 5 जून, 2024 से ही संचालित है. उसकी वर्चुअली विधिवत शुरुआत झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद सह चेयरमैन झालसा ने आज की है. उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं इसलिए उन्हें इस क्लब में शामिल करना डीएवी का बहुत महत्वपूर्ण कदम है. लीगल लिटरेसी क्लब का उद्देश्य है लोगों को समय समय पर आने वाले नए नए कानूनों की जानकारी, समय पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराना, संतुलित जीवन के लिए सरकार की बहुत सी योजनाओं का प्रचार प्रसार करना. उन्होंने डीएवी प्रबंधन की लीगल लिटरेसी क्लब के गठन हेतु प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह प्रयास राज्य के साथ साथ देश को भी तरक्की के पायदान पर ले जाएगा.

## नेत्र जांच शिविर आयोजित



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट एवं सेवा भारती सिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में 23 फरवरी को सिल्ली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है । डॉ राहुल प्रसाद और हरिदास के द्वारा शिविर में नेत्र रोग के 153 लोगों की जांच हुई। जांच उपरांत । मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, जिनका ऑपरेशन 24 फरवरी को निरामया अस्पताल रांची में किया जाएगा । मरीज सिल्ली,राहें, बंगाल के क्षेत्रों से आए थे।शिविर को सफल बनाने में प्रवीण अगरवाल , आयुष अग्रवाल, प्रशान्त रविदास , प्रथम अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, उपेंद्र लाल महतो,वीरेन महतो,पीयुष, विमल वाहा,एलिजाबेथ दीदी,आदि सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## प्रखंड स्थापना दिवस आयोजन करताओ से नाराज पेंशनर समाज ने की निंदा



**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इटकी प्रखंड 17 वे स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में आयोजक द्वारा प्रखंड निर्माण के आन्दोलनकारियों की अनदेखी करने और समारोह में अव्यवस्था के कारण ग्रामीणों को हुए कठिनाई पर पेंशनर समाज द्वारा रविवार को आहुत बैठक में निन्दा प्रस्ताव पारित करते हुए कहा गया है कि पेशनर समाज के अनेक प्रतिनिधि भी इस समारोह में शामिल थे पर समारोह में बुनियादी सुविधा की भारी कमी के कारण उन्हें भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। बैठक में राज्य सरकार के आयुष्यमान स्वास्थ्य योजना पर भी चर्चा की गयी। साथ ही पेंशनर समाज के सदस्य कुन्दी निवासी दिवंगत कुर्बान अंसारी के पिछ्ले दिनों हुई आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक में मुश्ताक अहमद, किशोर गोप, जगदीश गोप, नूरूल हक, जियाआउल हक, मो. शरीफ, मजीद, कयूम, ओबैदुल्लाह, मो. सज्जाद, बिनोद सिन्हा सहित दर्जनों सदस्य शामिल थे।

## माली प्रशिक्षण संपन्न



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड में जुब्बी उरांव कॉम्प्लेक्स में माली कार्य को सीखने हेतु उद्यान विकास विभाग की ओर से 25 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कृषक मित्र बिंदेश्वर गोप ने बताया कि यह प्रशिक्षण का कार्यक्रम जिला स्तरीय है जो कि जिला में होना था को हमारे प्रयास से बेड़ो में अवस्थित जुब्बी कॉम्प्लेक्स में कराया गया। इस माली प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 25 सीट था और कुल 25 लोगों ने भाग लेकर प्रशिक्षण हासिल किया। इस कार्यक्रम में व्यक्तियों को बागवानी और माली कार्यो में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में, व्यक्तियों को पौधों की देखभाल, पौधों की पहचान, मिट्टी की तैयारी, पौधों की प्रजनन, और अन्य बागवानी संबंधी कार्यो में प्रशिक्षित दिया गया है। 25 दिवसीय इस प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत सभी प्रशिक्षुओं को उनके द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र जिला परिषद बेरोनिका उरांव के द्वारा दिया गया। मौके पर कृषक मित्र बिंदेश्वर गोप, आदिवासी कृषक महीला कल्याण परिषद रांची की ओर से आदिल खान एवं सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।

## फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के करांजी गांव निवासी 25 वर्षीय युवक विश्राम लोहरा पिता स्व महेंद्र लोहरा ने शनिवार की रात्री में अपने ही घर में पंखे के सहारे साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। इधर घटना की सूचना मिलने पर बेड़ो के थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान घटना स्थल पहुंचे और शव को बरामद किया और पंचनामा कर ने पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृतक के परिजनों के अनुसार युवक राज मिस्त्री का कार्य करता था। जो शराब का अत्यधिक सेवन भी करता था। शराब के कारण दिमागी हालत खराब होने के कारण वह पहले भी बार बार मरने की बात कहता रहता था। वहीं घटना के समय उसकी पत्नी अपने दोनों बच्चों के साथ लापुंग थाना क्षेत्र के पोला गांव अपने मायके गई हुई थी। वहीं गरीब परिवार के लोगों के पास पैसे नहीं रहने के कारण थाना प्रभारी ने आर्थिक मदद की ताकि उसका अंतिम संस्कार किया जा सके। वहीं बेड़ो पुलिस यूडी का मामला दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

## डीसी एकादश ने दोस्ताना मैच 22 रन से जीता



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कीनन स्टेडियम में रविवार को खेले गए एक दोस्ताना मैच में डीसी एकादश ने प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर को 22 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के कप्तान कुमार भवानंद ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसी एकादश ने 15 ओवर में चार विकेट पर 110 रन बनाए। डीसी एकादश के कप्तान अनन्या मित्तल ने 8 रन, ऋषभ गर्ग ने 28 गेंदो पर 33 रन, रतन ने नौ गेंदो पर 11 रन बनाए। प्रेस क्लब की ओर से राकेश मिश्रा ने एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रेस क्लब एकादश की टीम 15 ओवर में पांच विकेट पर 88 रन ही बना सकी। राघवेंद्र ने 15 गेंदो पर 18 रन और जयप्रकाश ने 20 गेंदो पर 16 रन बनाए। ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग को मैन ऑफ द मैच समाजसेवी शेखर डे ने दिया।

## डीडीसी ने किया योजनाओं का निरीक्षण



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में रविवार को प्रभारी उप विकास आयुक्त (डीडीसी) आशीष अग्रवाल ने योजनाओं का औचक निरीक्षण किया। उप विकास आयुक्त ने ईचागढ के रघुनाथपुर गांव में मनरेगा, आबुआ आवास, सिंचाई कुआं, 15 वें वित्त आयोग योजना सहित कई योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कुकड़ु प्रखंड कार्यालय व तिरूलडीह पंचायत क्षेत्र में चल रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली एवं समय पर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने आबुआ आवास को समय पर पूरा कराने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी राजश्री ललिता बाखला को दिया। वे तिरूलडीह पंचायत सचिवालय में आयोजित ग्राम सभा में भी शामिल हुए और पंचायत प्रतिनिधि व ग्रामीणों से योजनाओं का लाभ लेने तथा योजनाओं को समय पर पूरा करने की अपील की। तिरूलडीह में मनरेगा कुआं, आबुआ आवास आदि योजनाओं का निरीक्षण भी किया। मौके पर बीडीओ राजश्री ललिता बाखला, सहायक अभियंता सुदर्शन, कनीय अभियंता भोलानाथ महतो, बीपीओ राम लगन उरांव व मुखिया सुधीर सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## पटमदा सीपीआई के संस्थापक सदस्य कॉमरेड रंगलाल महतो का निधन, शोक की लहर



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुमीर गांव निवासी सीपीआई कॉमरेड रंगलाल महतो (78) का निधन शनिवार की देर रात लिटिल हार्ट अस्पताल, कांकीडीह (महुलतल) हो गया । उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई । रंगलाल बाबू का शनिवार की सुबह अचानक तबीयत बिगड़ने से लिटिल हार्ट अस्पताल में परिजनों ने भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। रंगलाल बाबू चार भाइयों में से सबसे बड़े थे। वह अपने पीछे पत्नी के अलावा पांच पुत्रों का भरापूरा परिवार छोड़ गए। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रंगलाल बाबू ने रेवती चटर्जी, (ढकाई बांग्लादेशी) के सानिध्य में रहकर सेवा ,संस्कार ,जाती भेद उन्मूलन के अलावा अन्याय के विरुद्ध आंदोलन करना सिखा। वे छात्र जीवन से ही राजनीति में आए थे तथा अन्याय के विरुद्ध आवाज बुलंद करने की साहस रखता था। हमेशा श्रमिकों का हितों में आंदोलन करता था ,जिस कारण उनको दो बार हजारीबाग सेंट्रल जेल भी जाना पड़ा था। अंतिम दर्शन के लिए कॉमरेड मनसाराम महतो, विश्वनाथ महतो, गोराचांद महतो, स्वपन महतो, निरंजन महतो, निर्मल महतो आदि शामिल हुए।

## लावा में पेसा कानून पर प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पटमदा के लावा निताई सिंह भवन में रविवार को माझी परगाना महाल एवं जन अधिकार मंच पटमदा की ओर से एक दिवसीय पेसा कानून प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संविधान विशेषज्ञ विजय कुजूर एवं विशिष्ट अतिथि में सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा हांसदा शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि विजय कुजूर ने उपस्थित लोगों को पेसा कानून के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए उससे होने वाले फायदे के बारे में भी लोगों को समझाया। इस दौरान सभी लोगों ने पेसा कानून को जल्द से जल्द लागू करने की मांग राज्य सरकार से की। शिविर में मुख्य रूप से जितुलाल मुर्मू, अमर सिंह सरदार, दिवाकर टुडू, शत्रुघ्न सिंह, कमलाकांत मुर्मू, कालीराम सिंह, सनत बेसरा, सुखदेव हेंब्रम, विभूति हांसदा, टीकाराम मुर्मू, नगेन बास्के, सामंत मुर्मू, मानसिंह मुर्मू, हाराधन हांसदा, सागर मांडी, दशरथ बेसरा समेत पटमदा प्रखंड के 40 गांवों के माझी बाबा, सामाजिक कार्यकर्ता व मुंडा आदि शामिल हुए।

## बोड़ाम में खस्सी चोरी करते 2 पकड़ाए, ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा




**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बोड़ाम थाना क्षेत्र अंतर्गत बोंटा गांव में शनिवार की रात करीब 2 बजे खस्सी चोरी करते हुए रंगेहाथों दो लोगों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। जबकि उसके 2 और साथी भागने में सफल रहे। इसके बाद बोड़ाम थाना प्रभारी को सूचित करते हुए दोनों आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पकड़े गए आरोपियों में ओलिडीह, मानगो निवासी कार्तिक उरांव एवं उसका एक साथी 17 वर्षीय नाबालिग लड़का है। ग्रामीणों ने चोरी में प्रयुक्त एक स्प्लेंडर बाइक भी पुलिस को सौंपा है जिसपर दोनों सवार थे। सूत्र बताते हैं कि 2 बाइक पर 4 लड़के जमशेदपुर के मानगो क्षेत्र से शनिवार की रात करीब 1 बजे बोड़ाम थाना क्षेत्र के भुईयांसिनान में चोरी की पहली घटना को अंजाम दिया। यहां बाबूलाल मरांडी के घर से 2 खस्सी लेकर भागने लगे एवं जब तक मरांडी को पता चला तब तक भाग चुके थे। इसकी सूचना आसपास के लोगों को दिए जाने के बाद क्षेत्र के लोग अलर्ट हो गए। करीब एक घंटे के बाद वही गिरोह द्वारा भुईयांसिनान से 4 किमी दूर बोंटा महतो टोला में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। यहां गुरुचरण महतो के घर से 2 खस्सी चुराकर भागने के क्रम में ग्रामीणों ने एक बाइक पर सवार दो लड़कों को पकड़ लिया। चूंकि शुक्रवार की रात को चाकुलिया में खस्सी चोरी के बाद मॉब लिंचिंग की बड़ी घटना हुई थी इसलिए ग्रामीणों ने जागरूकता का परिचय देते हुए तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दे दी। हालांकि कुछ आक्रोशित ग्रामीण पकड़े गए लड़कों की पिटाई करना चाहते थे जो सफल नहीं हो पाए। बोड़ाम थाना प्रभारी मनोरंजन कुमार ने दोनों युवकों के हिरासत में लिए जाने की पुष्टि की है और दोनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में भेज दिया है । घटना में शामिल अन्य दो आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु दोनों आरोपियों की निशानदेही पर छापेमारी की गई। लेकिन देर शाम तक अन्य दो आरोपी नहीं पकड़े जा सके।

# टिनप्लेट में जैम@स्ट्रीट के तीसरे संस्करण में उमड़े लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूआईएसएल द्वारा टाटा पावर, जोजोबेड़ा के सहयोग से आयोजित जैम@स्ट्रीट के तीसरे संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन टिनप्लेट, जमशेदपुर में किया गया। इसमें 25 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। यह आयोजन सुबह 6:30 बजे शुरू हुआ और टिनप्लेट काली मंदिर राउंड अबाउट से नीलडीह ट्रैफिक सिग्नल तक फैला हुआ था, जो सामुदायिक जुड़ाव और जनभागीदारी का एक भव्य उत्सव साबित हुआ। इस संस्करण का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 में शहर को पहले स्थान पर लाने के लिए जमशेदपुर की स्वच्छता पर निवासियों की प्रतिक्रिया प्राप्त करना था। साथ ही, टाटा पावर ने प्रभावशाली 3 स्टॉल और एक प्रेरक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा दिया। क्लब एनर्जी, इको क्रू और क्लाइमेट क्रू स्टाल ने बच्चों को ऊर्जा संरक्षण, जलवायु कार्रवाई और स्थायी जीवन के बारे में जागरूक किया। अनोखा धागा स्टॉल द्वारा सशक्त महिला कारीगरों द्वारा बनाए गए हस्तनिर्मित जूट उत्पादों, वैनिटी बैग, कुशन और नाइटवेयर को प्रदर्शित किया गया। इस स्टॉल में जमशेदपुर और ओडिशा के अनोखा धागा केंद्रों के



उत्पादों को प्रदर्शित किया गया, जिसका उद्देश्य आर्थिक सशक्तिकरण और स्थायित्व को बढ़ावा देना था। पे अटेंशन और ई-सानिध्या स्टॉल द्वारा न्यूरोडायवर्सिटी और ऑटिज्म के बारे में जागरूकता बढ़ाई, जिसमें समावेशी देखभाल के लिए डिजिटल उपकरण और प्रारंभिक स्क्रीनिंग समाधान प्रदान किए गए। टाटा पावर स्किल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ने पावरिंग सस्टेनेबल फ्यूचर के बारे में जागरूकता फैलाई। साथ ही, इसने वाणिज्यिक और आवासीय उद्देश्यों के लिए अपने सोलर रूफटॉप के बारे में जागरूकता फैलाई। टाटा पावर की जैम@स्ट्रीट में भागीदारी ने न केवल समुदाय को जोड़ा बल्कि वास्तविक प्रभाव भी डाला। कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्टॉल का दौरा किया, जिसमें सीईओ - आईईएल और चीफ, टाटा पावर जमशेदपुर और चीफ ऑफ प्रोजेक्ट्स (जनरेशन) शामिल थे। जैम@स्ट्रीट में विभिन्न रुचियों के लिए कई गतिविधियां शामिल थीं, जिससे सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए यह एक रोमांचक अनुभव बन गया। प्रतिभागियों ने बैडमिंटन, जुम्बा वर्कआउट और स्वस्थ खाद्य विकल्पों का आनंद लिया। इस आयोजन में लाइव संगीत प्रदर्शन, रोमांचक बास्केटबॉल और कराटे प्रदर्शन, एडवेंचर स्पोर्ट्स, पेंटिंग गतिविधियां और अस्थायी टैटू स्टॉल भी शामिल थे। जुम्बा डांस सत्र एक प्रमुख आकर्षण था, जिसने पूरे आयोजन में ऊर्जा का स्तर बनाए रखा।

## बजरंग अखाड़ा समिति की बैठक में पुराने लाइसेंसी अध्यक्ष को हटाने पर चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** श्री श्री बजरंग अखाड़ा समिति, साकची शहीद चौक की एक बैठक में पुराने लाइसेंसी अध्यक्ष को हटाकर नए लाइसेंसी अध्यक्ष को निर्गत करने एवं रामनवमी उत्सव धूमधाम से मनाने पर चर्चा की गयी। पिछले दिनों संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता श्री श्री बजरंग अखाड़ा कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश साहू ने की। जिसमें पिछले साल चंदा का हिसाब मांगने पर अखाड़ा लाइसेंसी अध्यक्ष प्रहलाद कुमार साव द्वारा किये गये खराब व्यवहार के कारण हुए विवाद पर भी चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि पिछले वर्ष लाइसेंसी अध्यक्ष के द्वारा लड़ाई झगड़ा करना, आपसी भाईचारा खराब करना, मंदिर पर जबरन कब्जा करना, मंदिर कमेटी के लोगों को डाराना धमकाना, अखाड़ा में नहीं जाने की धमकी देना, माहौल खराब करने की जो भी घटना घटी थी, वही घटना दोबारा ना घटे इसके लिए इस बार मिलकर नई कमेटी का गठन करने का प्रस्ताव पारित किया गया। जो इस प्रकार है- इस बार अखाड़ा का लाइसेंसी राकेश साहू को बनाया जाए जो पूर्व से अखाड़ा में कार्यकारी अध्यक्ष हैं। संरक्षक परविंद सिंह तथा सह संरक्षक नवल सिंह को बनाने पर विचार विमर्श किया गया। उपाध्यक्ष के लिए सुरेंद्र शर्मा, धर्मा राव, बिट्टू सिंह, प्रमोद सिन्हा के नाम का प्रस्ताव पारित किया गया। महामंत्री के लिए एसआर कमलेश, सचिव के लिए प्रवीर कुमार, मुकेश सिंह, बलवीर सिंह, संतोष मिश्रा, सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष अजीत कुमार शर्मा को बनाने का प्रस्ताव पारित किया। इस विषय में जल्द ही जिला प्रशासन से मिलकर अपनी बातों को रखने की बात कही गयी। बैठक में मुख्य रूप से संतोष सिंह, प्रमोद कुमार, करण कुमार, राकेश सिंह अन्य पूजा कमेटी के सदस्य गण मौजूद थे।

## उपायुक्त से मिले विधायक संजीव सरदार, कहा : रैयतदारों को जल्द मिले भूमि अधिग्रहण का मुआवजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पोटका विधायक संजीव सरदार ने रविवार को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल से उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात कर जमशेदपुर, पोटका और डुमरिया प्रखंड की दो अहम समस्याओं–गर्मी के मौसम में पेयजल संकट और रैयतदारों को भूमि अधिग्रहण मुआवजा न मिलने पर चर्चा की। उपायुक्त ने इन दोनों मामलों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान हेतु पहल की है।

विधायक संजीव सरदार ने उपायुक्त से कहा कि जमशेदपुर प्रखंड के पश्चिम किताडीह, उत्तरी किताडीह, पूर्वी किताडीह, पश्चिमी बागबेड़ा, दक्षिणी बागबेड़ा, उत्तर-पूर्व बागबेड़ा, मध्य बागबेड़ा, पूर्वी बागबेड़ा, बागबेड़ा कॉलोनी, दक्षिणी करनडीह, उत्तरी करनडीह, उत्तरी घाघीडीह, पूर्वी घाघीडीह, पश्चिम घाघीडीह, मध्य घाघीडीह, पुडीहासा, ब्यांगबिल एवं केरुवाडूंगरी पंचायतों में गर्मी के महीने में पेयजल संकट गहराने लगता है, उन्होंने अपने विधायक निधि से पांच टैंकर उपलब्ध कराए हैं, लेकिन यह पर्याप्त नहीं हैं, कम से कम 10 और टैंकरों की जरूरत है जिसे जिला प्रशासन अविलंब प्रदान करे। उपायुक्त ने कहा कि तत्काल अतिरिक्त टैंकरों की व्यवस्था कराई जाएगी और इन पंचायतों में नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। पथ निर्माण विभाग द्वारा पोटका और डुमरिया प्रखंड में सड़क निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा अब तक संबंधित रैयतदारों को नहीं मिला है। कई ऐसी सड़कें है जिनके लिए जमीन अधिग्रहित की गई है और मुआवजा नहीं दी गई है। विधायक ने बताया कि इन सड़कों का 80 से 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक रैयतदारों को भूमि अधिग्रहण की मुआवजा राशि नहीं मिली, जिससे उनमें भारी रोष है।

## विधायक दशरथ गागराई ने किया 11.70 करोड़ की पांच योजनाओं का शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खरसावां :** खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने रविवार को खरसावां में 11.70 करोड़ की लागत से पांच विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। विधायक दशरथ गागराई ने खरसावां ब्लॉक परिसर में 10.38 करोड़ की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन व 72 लाख की लागत से गोदाम, 22.41 लाख की लागत से खरसावां के आगरा परियोजना केंद्र परिसर में टैक्सटाइल मार्ट, बेहरासाई व देहरीडीह में नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए विधायक दशरथ गागराई ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगिण विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। गांवों में स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पूरे राज्य का विकास हो रहा है। आने वाले समय में खरसावां विधान सभा क्षेत्र को विकास के मामले में अव्वल बनाएंगे। विधायक दशरथ गागराई ने सभी कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ करने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य काली चरण बानरा, बासंती गागराई, विधायक प्रतिनिधि अर्जुन गोप, अनूप सिंहदेव, भरत सिंह मुंडा, मुन्ना सोय, भवेश मिश्रा, राजेश दलबेहरा, प्रवीण सिंह, ठाकुर संवित दाश, बासंती गागराई, रानी हेंब्रम, प्रेमेंद्र मिश्रा, कोंदो कुंभकार,अरुण जामुदा, मुन्ना मोहंती, रघुनाथ गोप, घनश्याम सोय व गारदी सोय समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मुक्तेश्वर धाम में लगेंगी 52 स्ट्रीट लाइटें, विधायक संजीव सरदार ने किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर/पोटका :** पोटका विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध मुक्तेश्वर धाम हरिणा मंदिर परिसर में स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन कार्य का रविवार को विधायक संजीव सरदार ने विधिवत शिलान्यास किया। क्षेत्र में धार्मिक स्थलों का सौंदर्यकरण और विकास संजीव सरदार की प्राथमिकताओं में से एक रहा है। अब विधायक की अनुशंसा पर झारखंड सरकार के खेल शाखा विभाग ने सौंदर्यकरण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुक्तेश्वर धाम हरिणा मंदिर परिसर में स्ट्रीट लाइट लगने से क्षेत्र की सुंदरता और सुरक्षा में सुधार होगा। इस परियोजना की कुल लागत 24 लाख 86 हजार है, जिससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। शिलान्यास के मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि मुक्तेश्वर धाम हमारे क्षेत्र की आस्था का केंद्र है। इसके विकास के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। इस परियोजना से मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण होगा और श्रद्धालुओं को रात में अच्छी रोशनी मिलेगी। हमारी सरकार धार्मिक स्थलों और जनसुविधाओं के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुखिया सरस्वती मुर्मू, पुजारी बज्रांकन दंडपात, अनिरुद्ध नायक, फूलचंद सरदार, सागर सीट, दीपंकर सीट, रासानन्द सीट, सपन सतपति, पिंटू नायक, चमका सरदार, मनोहर सरदार, रघु नायक, अनादि सीट, मनोरंजन सरदार, गुरूपदो भगत, शंकर भगत, भगत बास्के, रूद्रप्रताप सीट व भुवनेश्वर सरदार आदि उपस्थित थे।

## झारखंड में टाटा स्टील आयरन ओर माइंस ने एमईएमसी समापन समारोह में जीते 7 पुरस्कार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची :** झारखंड में टाटा स्टील की नोआमुंडी आयरन माइंस और विजय आयरन माइंस ने 31वें माइंस एनवायरनमेंट एंड मिनरल कंजर्वेशन (एमईएमसी) वीक 2023-24 के समापन समारोह में 7 पुरस्कार जीते। यह आयोजन भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम), रांची क्षेत्र के तत्वावधान में शनिवार को रांची में हुआ।नोआमुंडी आयरन माइंस को ए-1 ग्रुप की खदानों में ओवरऑल परफॉर्मेंस श्रेणी का विजेता घोषित किया गया। इसी तरह, खदान को वनीकरण श्रेणी में भी विजेता चुना गया। इसके अलावा, पर्यावरण निगरानी और प्रचार-प्रसार सहित अन्य श्रेणियों में इसे द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह, विजय- 2 आयरन माइंस को खनिज संरक्षण श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। इसे सतत विकास और वेस्ट डंप मैनेजमेंट श्रेणियों में द्वितीय पुरस्कार मिला। टाटा स्टील को खदान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए लगाए गए स्टॉल डिस्प्ले में द्वितीय पुरस्कार मिला। टाटा स्टील के अधिकारियों को ये प्रतिष्ठित पुरस्कार मुख्य अतिथि पंकज कुलश्रेष्ठ, मुख्य खान नियंत्रक (एमईएस), आईबीएम द्वारा प्रदान किए गए। इस आयोजन में राज्य भर की 31 खदानों की भागीदारी रही, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में कुल 75 पुरस्कार प्रदान किए गए।

## सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम का आयोजन सराहनीय कदम : राजकुमार सिंह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम एक सराहनीय कदम है। इसमें खासकर वैसे लोग लाभान्वित हो रहे हैं जो समय पर इस संस्कार के आयोजन हेतु आर्थिक तंगी के कारण सक्षम नहीं हो पाते हैं। झारखंड बैष्णव बैरागी समिति ने समाज के उत्थान के लिए जो बीड़ा उठाया है यह सचमुच प्रशंसनीय है। इसके लिए झारखंड बैष्णव बैरागी समिति पटमदा एवं बोड़ाम प्रखंड कमेटी को साधुवाद देते हैं। यह बातें रविवार को पटमदा के लावा गांव में आयोजित सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजकुमार सिंह ने कहीं। उन्होंने कहा कि पटमदा, बोड़ाम, नीमडीह, चांडिल, जमशेदपुर, सरायकेला के अलावा पश्चिम बंगाल के विभिन्न जगहों से आए लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होकर यह साबित कर दिया कि यह कार्यक्रम समाज के लिए कितना उपयोगी है। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो व प्रदीप बेसरा एवं पूर्व पार्षद पिंटू दत्ता ने भी संबोधित किया। मौके पर 19 बटुकों को जनेऊ धारण कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बृंदावन दास, गोलक बिहारी दास, उज्ज्वल कांति दास, अश्विनी दास, विश्वामित्र दास, अर्जुन दास, अमर दास, गोपी दास, विजय कृष्ण मल्लिक, बीरेंद्र प्रताप सिंह, मिलन दास, बलराम मल्लिक, मृत्युंजय महतो, सुभाष कर्मकार आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। सुबह से शाम तक हरिनाम संकीर्तन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन हुआ।

## खेलकूद से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है : महाबीर मुर्मू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** एएएमएमएम छोटा गोविंदपुर की ओर से आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल व वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के समापन समारोह में रविवार को मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता महाबीर मुर्मू शामिल हुए। दो दिवसिय फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल प्रतियोगिता में सुभाश्री डोमजुड़ी बनाम गोप ब्रदर्स के बीच खेला गया। सुभाश्री डोमजुड़ी फुटबॉल टीम विजेता और गोप ब्रदर्स टीम उप विजेता बनी। मौके पर महाबीर मुर्मू के हाथों विजेता टीम को 30 किलो खस्सी और नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। जबकि उप विजेता टीम 25 किलो खस्सी और नगद राशि का पुरस्कार दिया गया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महाबीर मुर्मू ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फुटबॉल के साथ- साथ अन्य खेलों में भी झारखंड के खिलाड़ियों का बहुत योगदान रहा है। लेकिन खासकर झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल के प्रति काफी लगाव है इसलिए हर गांव में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। मौके पर नारायण सोरेन, रामचंद्र सोरेन, ईश्वर सोरेन, बबलू मार्डी, मंगल मुर्मू, कृष्ण हेंब्रम, चंदन पूर्ति दुर्गा प्रसाद हांसदा, प्रतीक सिंह दिनकर, मनोज तांती, करण कालिंदी एवं क्लब के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे ।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत, रात भर रोड के किनारे झाड़ियों में पड़ा रहा शव, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** सरायकेला के नरोडीह राजनगर रोड में शनिवार की रात लगभग 8:00 से 8:30 बजे के अंदर सरायकेला निवासी सीताराम राणा के पुत्र सुरेश राणा नामक (38 वर्ष) युवक की अज्ञात बाइक की टक्कर से मौत हो गई। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सुरेश का परिवार सरायकेला के इंद्रटांडी मोहल्ले में किराए के एक मकान में रहता है। वहीं सुरेश नगर पंचायत द्वारा उपलब्ध कराई गई फ्लैट में रहता था। बता दें कि सुरेश ड्राइवरी का कार्य करता था एवं प्रतिदिन की तरह वह अपने इंद्रटांडी स्थित किराए के मकान से खाना खाकर सोने के लिए रोज की तरह अपने नोरोडीह स्थित फ्लैट पर आ ही रहा था कि फ्लैट पहुंचने के महज कुछ ही दूरी में ही पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार से टक्कर मार दी जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया एवं उसका एक पैर भी टूट गया था। बता दें कि बीती रात हो रही जोरदार बारिश और रोड सुनसान होने के कारण घटना की किसी को भी खबर नहीं मिली जिससे सुरेश रात भर सड़क के किनारे झाड़ियों में पड़ा रहा। उसकी मृत्यु होने की आशंका जताई जा रही है वहीं सुबह जब आस पड़ोस के लोग उसे रोड के किनारे झाड़ियों में देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई वहीं कुछ स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना परिजनों एवं सरायकेला पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



विचार प्रवाह

संपादकीय

## दिल्ली की नेतृत्व-रेखा

**भाजपा** ने महिला विधायक रेखा गुप्ता को दिल्ली अद्र्धराज्य का मुख्यमंत्री चुना है। दिसंबर, 1998 में मुख्यमंत्री रहीं सुषमा स्वराज के बाद रेखा गुप्ता दिल्ली की दूसरी भाजपाई मुख्यमंत्री हैं। यदि शीला दीक्षित और आतिशी को भी गिनें, तो वह दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। देश के 13 राज्यों में भाजपा मुख्यमंत्री हैं, लेकिन महिला मुख्यमंत्री कोई नहीं थी। एनडीए सरकारों का नेतृत्व भी पुरुष मुख्यमंत्री कर रहे हैं। अलबत्ता राजस्थान और ओडिशा में भाजपा की उपमुख्यमंत्री जरूर हैं। अब भाजपा की सूची में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता महिला और वैश्य समुदाय का प्रतिनिधित्व करेंगी, लेकिन अब भी भाजपा किसी दलित को मुख्यमंत्री नहीं बना पाई है। आरएसएस प्रमुख भी आज तक किसी दलित को नहीं बनाया गया है। यह संयोग है अथवा परंपरागत प्रयोग है? रेखा गुप्ता 2025 के विधानसभा चुनाव में पहली बार ही विधायक बनी हैं। हालांकि उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के सचिव तथा अध्यक्ष, तीन बार नगर निगम पार्षद, भाजपा में पदाधिकारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर 30 लंबे सालों का राजनीतिक सफर पार किया है, लेकिन सवाल किया जा रहा है कि रेखा गुप्ता को ही दिल्ली की मुख्यमंत्री का दायित्व क्यों दिया गया? जबकि कई अनुभवी और 5-6 बार के चुने हुए विधायक भी पार्टी में हैं। इसका साफ जवाब है कि महिला और वैश्य समाज को साधने का प्रयास किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी अब महिला सशक्तिकरण की राजनीति पर ज्यादा फोकस करना चाहते हैं। दरअसल वैश्य 'जनसंघ' के दिनों से ही संघवादी राजनीति के कोर समर्थक रहे हैं। भाजपा को भी 1980 के दौर में ब्राह्मणों-बनियों की पार्टी माना जाता था। बाद में पंजाबियों का समर्थन भी मिलने लगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी, ओबीसी और कुछ हद तक दलितों को भी भाजपा के साथ जोडऩे की सफल राजनीति की है, नतीजतन 20 से अधिक राज्यों में भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं। बहरहाल दिल्ली का परिदृश्य कुछ अलग रहा है। दिल्ली में साक्षरता दर 88 फीसदी से अधिक है। प्रति व्यक्ति आय भी औसतन 4 लाख रुपए से ज्यादा है। नागरिक जागरूकता भी काफी है। दिल्ली देश की राजधानी के साथ-साथ 'मिनी भारत' भी है। चूंकि केजरीवाल भी बनिया समाज के हैं, लिहाजा उनके नेतृत्व में जब आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीति परवान चढ़ी, तो वैश्य भी उनकी ओर धुरवीकृत हुए, लिहाजा भाजपा ने अपने कोर वोटर को खिसकने का संकट महसूस किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 2025 के चुनाव में महिलाओं पर खूब फोकस रखा, नतीजतन पार्टी को 45 फीसदी से अधिक महिला वोट मिले। अब रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बना कर महिला और बनियों के जनाधार को साधने की कोशिश की गई है। दिल्ली में वैश्य आबादी सिर्फ 8 फीसदी है। जाट आबादी भी लगभग इतनी ही है। भाजपा ने नई नेतृत्व-रेखा खींच कर दिल्ली की करीब 1 करोड़ महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया है। भाजपा भी नए मुख्यमंत्री की व्याख्या इसी तरह कर रही है। अब पूरे देश में ममता बनर्जी और रेखा गुप्ता, दो ही महिला मुख्यमंत्री हैं। बहरहाल केजरीवाल सरकार की मुफ्त योजनाओं को जारी रखना, प्रदूषण कम करने की शुरुआत करना, स्वच्छ पेयजल, सडक़ों का परिसंस्कार और यमुना की सफाई जैसे मसलों पर परीक्षा होगी।


दिसंबर, 1998 में मुख्यमंत्री रहीं सुषमा स्वराज के बाद रेखा गुप्ता दिल्ली की दूसरी भाजपाई मुख्यमंत्री हैं। यदि शीला दीक्षित और आतिशी को भी गिनें, तो वह दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। देश के 13 राज्यों में भाजपा मुख्यमंत्री हैं, लेकिन महिला मुख्यमंत्री कोई नहीं थी। एनडीए सरकारों का नेतृत्व भी पुरुष मुख्यमंत्री कर रहे हैं। अलबत्ता राजस्थान और ओडिशा में भाजपा की उपमुख्यमंत्री जरूर हैं। अब भाजपा की सूची में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता महिला और वैश्य समुदाय का प्रतिनिधित्व करेंगी, लेकिन अब भी भाजपा किसी दलित को मुख्यमंत्री नहीं बना पाई है। आरएसएस प्रमुख भी आज तक किसी दलित को नहीं बनाया गया है। यह संयोग है अथवा परंपरागत प्रयोग है? रेखा गुप्ता 2025 के विधानसभा चुनाव में पहली बार ही विधायक बनी हैं। हालांकि उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के सचिव तथा अध्यक्ष, तीन बार नगर निगम पार्षद, भाजपा में पदाधिकारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर 30 लंबे सालों का राजनीतिक सफर पार किया है, लेकिन सवाल किया जा रहा है कि रेखा गुप्ता को ही दिल्ली की मुख्यमंत्री का दायित्व क्यों दिया गया? जबकि कई अनुभवी और 5-6 बार के चुने हुए विधायक भी पार्टी में हैं। इसका साफ जवाब है कि महिला और वैश्य समाज को साधने का प्रयास किया गया है।


### भारत इस सूची मे पड़ौसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है

## नेताओं-नौकरशाहों की जिम्मेदारी के बगैर भ्रष्टाचार को मिटाना असंभव

योगेंद्र योगी


प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार एक दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है और वह देश को इस बुराई से मुक्त करने के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस दृढ़निश्चय के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार कैंसर की तरह फैलता जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें, सभी भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़े दावे-वादे करती रहीं हैं, किन्तु यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह विकराल होती जा रही है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 की भ्रष्टाचार की सूची वाले देशों में भारत 96वें पायदान पर पहुंच गया है। साल 2023 में भारत की रैंक 93 थी।


**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने संसद में कहा था कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए एजेंसियों को खुली छूट दे दी है और इसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार एक दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है और वह देश को इस बुराई से मुक्त करने के लिए पूरे मनोयोग से काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के इस दृढ़निश्चय के बावजूद भारत में भ्रष्टाचार कैंसर की तरह फैलता जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार हो या राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें, सभी भ्रष्टाचार के विरुद्ध बड़े दावे-वादे करती रहीं हैं, किन्तु यह समस्या सुरसा के मुंह की तरह विकराल होती जा रही है। करप्शन परसेप्शन इंडेक्स-2024 की भ्रष्टाचार की सूची वाले देशों में भारत 96वें पायदान पर पहुंच गया है। साल 2023 में भारत की रैंक 93 थी। भारत इस सूची मे पड़ौसी देशों की ज्यादा बुरी हालत पर कुछ राहत महसूस कर सकता है। भ्रष्टाचार की इस सूची में भारत के पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 135 नंबर पर और श्रीलंका 121 पर हैं, जबकि बांग्लादेश की रैंकिंग और भी नीचे 149 पर चली गई है। इस लिस्ट में चीन 76वें स्थान पर है। डेनमार्क सबसे कम भ्रष्ट राष्ट्र होने की सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद फिनलैंड और सिंगापुर हैं। 1995 से 2024 तक भारत में भ्रष्टाचार की औसत दर 78.03 रही, जो 2024 में 96.00 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई और 1995 में 35.00 के रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर पहुंच गई थी। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक यानी सीपीआई दुनिया में सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली वैश्विक भ्रष्टाचार रैंकिंग है। यह मापता है कि विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार प्रत्येक देश का सार्वजनिक क्षेत्र कितना भ्रष्ट है। प्रत्येक देश का स्कोर 13 विभिन्न भ्रष्टाचार सर्वेक्षणों और आकलनों से प्राप्त कम से कम 3 डेटा स्रोतों लिया जाता है। ये सोर्स विश्व बैंक और विश्व आर्थिक मंच सहित विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा एकत्र किए जाते हैं। सीपीआई की गणना करने की प्रक्रिया की नियमित रूप से समीक्षा की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जारी की जाने वाली सूची यथासंभव मजबूत और सुसंगत है या नहीं। भारत में विदेशी निवेश अपेक्षाकृत नहीं आने का एक प्रमुख कारण भ्रष्टाचार है। भ्रष्टाचार के कारण भारत की



अंतरराष्ट्रीय साख कमजोर है। विदेशी कंपनियां यहां निवेश करने से कतराती हैं। देश के उद्योगपति और लघु व मध्यम व्यवसायी इसकी मार से बच नहीं सके हैं। भारत एक तरफ वैश्विक ताकत बनने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचार की जंजीर इसके बढ़ते कदम को रोक रही है। ऐसा देश का शायद ही कोई चुनाव होगा जिसमें प्रधानमंत्री मोदी भ्रष्टाचार का जिक्र नहीं किया हो। मोदी ने लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव के दौरान भ्रष्टाचार पर प्रहार करने में कसर बाकी नहीं रखी। संसद में दिए गए भाषण में उन्होंने कहा था कि मेरे लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई चुनावी जीत या हार के पैमाने पर नहीं है। मैं चुनाव जीतने या हारने के लिए भ्रष्टाचार से नहीं लड़ रहा हूं। यह मेरा मिशन है, मेरा विश्वास है। मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार एक ऐसा दीमक है जिसने देश को खोखला कर दिया है। मैं इस देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने और आम लोगों के मन में भ्रष्टाचार के खिलाफ नफरत पैदा करने के लिए पूरे दिल से काम कर रहा हूं। प्रधानमंत्री के देश से पूरी तरह भ्रष्टाचार के खात्मे के प्रति प्रतिज्ञा लेने के बावजूद यदि यह संक्रामक रोग की तरह बढ़ता ही जा रहा है तो इसके लिए ज्यादातर राजनीतिक दल जिम्मेदार हैं। क्षेत्रीय दलों की हालत यह है कि उनका एकमात्र मकसद किसी भी हालत में सत्ता में बने रहना है। इसके लिए बेशक भ्रष्टाचार से किसी भी हद तक समझौता क्यों न करना पड़े। यही वजह रही है कि इंडिया गठबंधन लगातार चुनावों में शिकस्त खाता रहा है। आश्चर्य यह है कि लोकसभा चुनावों और राज्यों के विधानसभा चुनावों में करारी हार के बावजूद विपक्षी दलों ने भ्रष्टाचार को कभी भी प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं बनाया। भ्रष्टाचार को लेकर हालात ये हैं कि जैसे ही कोई भी विपक्षी दल भ्रष्टाचार का जिक्र करता है, तत्काल सत्तारुढ़ दल न सिर्फ उसके बचाव में उतर आता है बल्कि विपक्षी दल के कारनामे गिनाने लगता है। यही वजह है कि क्षेत्रीय दल अपने राज्यों में मनमानी करने पर आमदा हैं। यदि केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय कोई कार्रवाई करता है तो राज्य के सत्तारुढ़ दल इसे बदले की कार्रवाई करार देने लगते हैं। इसका उदाहरण पश्चिमी बंगाल की ममता बनर्जी सरकार, तमिलनाडु की स्टालिन सरकार और कर्नाटक की सिद्धरमैया की सरकार है। इतना ही नहीं राजनीतिक दलों का भरसक प्रयास होता है कि अदालतों में चल रहे भ्रष्टाचार के मामलों को भी प्रभावित किया जाए। गौरतलब है कि सीनियर वकील हरीश साल्वे सहित देश के 600 से ज्यादा वकीलों ने सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर न्यायपालिका पर सवाल उठाने को लेकर चिंता जाहिर की थी। सीजेआई को लिखी चिट्ठी में वकीलों ने कहा था कि ये समूह न्यायिक फैसलों को प्रभावित करने के लिए दबाव की रणनीति अपना रहा है, और ऐसा खासकर सियासी हस्तियों और भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े मामलों में हो रहा है। चिट्ठी में कहा गया है कि ये समूह ऐसे बयान देते हैं जो सही नहीं होते हैं और ये राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा करते हैं। अपनी चिट्ठी में वकीलों ने ऐसे कई तरीकों पर प्रकाश डाला है, जिनमें न्यायपालिका के तथाकथित 'स्वर्ण युग' के बारे में झूठी कहानियों का प्रचार भी शामिल है। न्यायपालिका तक को प्रभावित करने के प्रयासों से अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत में भ्रष्टाचार किस हद तक व्याप्त है। देश की भ्रष्टाचार में रैंकिंग बेशक बढ़ रही हो, इसके बावजूद विगत चुनावों में भाजपा अकेली पार्टी रही, जिसने भ्रष्टाचार के खात्मे की बात कही। अन्य दल तो इस मुद्दे पर चर्चा करने तक से कतराते हैं। विपक्षी दलों ने केंद्र के सत्तारुढ दल को भ्रष्टाचार में लपेटने की कई बार नाकाम कोशिश की है, चाहे वह मुद्दा युद्धक विमान राफेल की खरीद का हो या अडानी गुरप से जुड़ा हुआ हो। विपक्षी दल सुप्रीम कोर्ट तक में भ्रष्टाचार के मामले को ले गए पर इसे साबित नहीं कर पाए। ऐसा भी नहीं है कि भाजपा भ्रष्टाचार को लेकर दूध की धुली है। भाजपा का दामन थामने वाले विपक्षी दलों के नेताओं के ऐसे मामलों को नजरांदाज किया जाता रहा है।

दृष्टि कोण

## अमरीका से निष्कासित हो रहे भारतीय

**अपने** देश को छोडक़र किसी दूसरे देश में जाने के लिए उस देश की सरकार से वीजा लेना पड़ता है। वीजा लेने की यह व्यवस्था बीसवीं शताब्दी में ही शुरू हुई थी। उससे पहले लोग इच्छानुसार एक स्थान से दूसरे स्थान पर आ-जा सकते थे। लेकिन उसके बाद व्यवस्था बदल गई। पर एक दूसरी समस्या आ गई। जरूरी नहीं कि जिस देश में आप जाना चाहते हैं वहां की सरकार आपको वीजा दे ही दे। लेकिन यदि जाना बहुत ही जरूरी हो तो बिना वीजा भी जाने के रास्ते हैं। लेकिन उन रास्तों पर ले जाने के लिए दुनिया भर में गिरोह बने हुए हैं। ये गिरोह अपने आपको एजेंट कहते हैं। बिना वीजा के लोगों को विभिन्न देशों की सरहदें पार करवा देने के काम को पंजाब में डोंकी फ्लाइट कहा जाता है। यदि आप किसी दूसरे देश में वीजा लेकर जाते हैं तो परिवहन की रेगुलर फ्लाइट से जाएंगे। यदि बिना वीजा जाते हैं तो डोंकी फ्लाइट से जाएंगे। रेगुलर फ्लाइट का किराया तो बहुत कम है, लेकिन डोंकी फ्लाइट का किराया पचास लाख से लेकर एक करोड़ तक हो सकता है। अलबत्ता इतना निश्चित है कि यदि डोंकी फ्लाइट से यात्री जाता है तो पकड़े जाने पर देश वापसी रेगुलर फ्लाइट से ही होगी। अब जब ऐसा हो रहा है तो बहुत हो-हल्ला होगा ही। लेकिन असली प्रश्न है कि लोग बिना वीजा लिए अमेरिका-कनाडा जाते क्यों हैं? यह प्रश्न बहुत ही उलझा हुआ है। इसका उत्तर जलेबीनुमा ही हो सकता है। यदि यह मान ही लिया जाए कि अपने मुल्क में नौकरी नहीं मिलती, इसलिए दूसरे देश में नौकरी की तलाश में लोग चले जाते हैं। लेकिन पंजाब और गुजरात से तो उन परिवारों के युवा जा रहे हैं जिनका अच्छा खासा व्यवसाय है। भरी-पूरी खेती है। पंजाब में तो बहुत से आईएएस प्रशासकों ने कनाडा की पीआरशिप ले रखी है। उनके लिए तो बेरोजगारी समस्या नहीं है। बहुत से युवा तो नौकरी छोड़ कर विदेश जाने के लिए 'गधे पर सवार' (डोंकी फ्लाइट) हो रहे हैं। पंजाब में तो अच्छी भली खेती कर रहे युवा खेत बेच कर उत्तरी अमेरिका में मजदूरी तक करने के लिए भाग रहे हैं। इसलिए यह प्रश्न बहुत गुंझलदार है। इसकी तह में जाने की बजाय उस काले धंधे के एजेंटों की दुनिया में झांकने की कोशिश करते हैं जो 'गधा एअरवेज' का संचालन करते हैं। पंजाब के मुख्यमंत्री भी डोंकी फ्लाइट वालों की वतन वापसी को लेकर बहुत चिंतित हैं। लेकिन उनकी चिंता महज इतनी ही है कि डोंकी फ्लाइट से गए यात्रियों को वापस ला रहे जहाज अमृतसर हवाई अड्डा पर न उतरें, बल्कि वे दिल्ली या अहमदाबाद में उतरें। वैसे गधा एअरवेज कैसे आपरेट करती हैं, इसकी थोड़ी बहुत मालूममात भगवंत मान को भी होगी ही क्योंकि बहुत बार कलाकारों के जत्थे भी ऐसे अभियानों में पाए जाते हैं। गधा एअरवेज अरबों की आर्थिक राजनीति है। एक-एक यात्री से लाखों रुपए वसूले जाते हैं। यह गधा एअरवेज बिना सुसंगठित तंत्र के तो चलाई नहीं जा सकती। यह एअरवेज गैर कानूनी है, इसमें तो कोई शक नहीं। फिर भी यदि यह सफलतापूर्वक चल रही है तो इसके अनेक स्टेकहोल्डर होंगे ही। सबसे बड़ा स्टेकहोल्डर तो वे हैं जो उत्तरी अमेरिका के दिवास्वप्न दिखाते हैं। सबसे बड़ा स्वप्न है कि 'कनाडा और अमेरिका में 'शरण' मिलने की संभावना है। हम यह शरण दिलवा सकते हैं, लेकिन इसके लिए इतने लाख रुपया देना होगा।' क्या भगवंत मान यह नहीं जानते कि कनाडा या अमेरिका में शरण दिलवाने की एजेंसी किन लोगों ने खोल रखी है? इस एजेंसी को पकडऩे के लिए पंजाब सरकार ने अभी तक कोई कदम उठाया है? यदि नहीं उठाया तो उसका क्या कारण है? आर्थिक कारण या राजनीतिक कारण? अमेरिका में डोंकी फ्लाइट के माध्यम से जब एक युवक ने अमेरिका में प्रवेश किया और कुछ दिन बाद ही अमेरिकी पुलिस ने उसे पकड़ कर नजरबन्द कर दिया तो उसने सबसे पहले अपने घर फोन करके नजरबन्द होने की ही 'खुशखबरी' दी। जेल में जाना खुशखबरी कैसे हो सकती है? उसने इसका भी खुलासा किया। अब 'वह अमेरिका में शरण के लिए आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत करेगा। कोर्ट में लम्बा केस चलेगा। कुछ दिन बाद जमानत पर नजरबन्दी से छूट जाएगा। तब तक तो अमेरिका से कानूनन ही कोई निकाल नहीं पाएगा। आशा है अंततः शरण मिल जाएगी।' क्या पंजाब सरकार का धर्म नहीं है कि वह शरण दिलवाने के लिए झूठे-सच्चे कागज मुहैया करवाने की चल रही फैक्टरी पर शिकंजा कसे। गधा एअरवेज का संचालन करने वाले एजेंटों पर कभी पंजाब सरकार ने कार्रवाई की? यह एअरवेज तो कई दशकों से चल रहा है।

कुछ अलग

## मेरा फोन टेप करो...

**राजनेताओं** के फोन टेप हो रहे हैं और मैं टुकुर-टुकुर देख रहा हूं। मैं सार्वजनिक घोषणा करता हूं कि मेरा फोन भी टेप किया जाए। मैं फोन टेपिंग से डरता नहीं हूं। पता नहीं राजनेता इससे डरते क्यों है? डरने की इसमें बात क्या है, राजनेता का जीवन तो खुली किताब की तरह होता है। उसका जीवन राष्ट्रहित को समर्पित होता है, इसलिए उनके फोन भी राष्ट्रीयता से ही भरे हुए होंगे, इसमें आरोप-प्रत्यारोप की बात ही क्या है! वे डरें तो डरें लेकिन मैं फोन टेपिंग से तनिक भी नहीं घबराता हूं, क्योंकि मेरे फोन में कोई आपत्तिजनक वार्ता सम्मिलित है ही नहीं। सरकार से मैं करबद्ध प्रार्थना करता हूं कि वे मेरा फोन मुझे बता कर टेप कर ले या चुपचाप करा ले, मैं दोनों ही स्थितियों के लिए तैयार हूं। अरे भाई मैं कोई साजिश तो रच नहीं रहा अथवा देशद्रोह जैसा अपराध भी नहीं कर रहा, इसलिए मैं निर्भय हूं। मुझे सांसदों अथवा विधायकों की खरीद-फरोख्त नहीं करनी, किसी की सरकार न बनानी और न गिरानी तो, मैं डरूं क्यों? मैं थोड़ा सा अपने फोनों का विवरण बता दूं कि मेरे फोन मेरे एकदम वैयक्तिक हैं, किसी षड्यंत्र का भाग नहीं है। मित्रों व परिजनों से कुशलक्षेम के फोन, हारी-बीमारी में एक-दूसरे के हाल-चाल जानने के फोन और गांव में माता-पिता कैसे हैं, उनकी कुशलता जानने के अलावा फोनों में रखा क्या है! मेरे एक मित्र हैं, वे पढ़े-लिखे हैं, बुद्धिजीवी हैं, उनके फोन अवश्य देश की चिंता को लेकर आते हैं। उसमें भी यही विश्लेषण होता है कि आखिर देश को और सरकार को अथवा राजनेताओं को हो क्या गया है कि वे इसे रसातल में ले जाने को उतारू हो रहे हैं। अब कोई रिश्वत और कमिशन खाए तो यह तो वार्ता होगी नहीं कि उसने यह अच्छा कार्य किया है। उसकी आलोचना ही होती है और यह अधिकार अभिव्यक्ति के रूप में संविधान ने नागरिक रूप में हमें दिया हुआ है। इस फोन वार्ता में आपत्तिजनक है क्या? देश को सरासर लूटो, गबन-घोटाला करो तो उस आदमी की आलोचना तो आम आदमी भी करेगा ही। इसलिए यदि मेरी इन फोनवार्ताओं के आधार पर मेरा कोई विधिसम्मत मामला भी बनता है तो मैं इसके लिए सहर्ष तैयार हूं। मुझे अपने देश और लोकतंत्र की पैरवी करने का जन्मसिद्ध अधिकार है। एक फोन मुझे नियमित रूप से डॉक्टर से और अपने दवा वाले को करना पड़ता है। भाई यह दवा खत्म हो गई, दे जाना और बिल बनाकर पैसे ले जाना। डॉक्टर से भी रुग्णता के समाचार बताकर दवाओं को समझना पड़ता है। अब यह कोई हवाला का तो लेन-देन है नहीं, जो मैं डरूं! महिलाओं के भी फोन आते हैं। कुछ महिलाएं मुझसे बात करना चाहती हैं तो कुछ मेरी धर्मपत्नी से। लेकिन इन फोनों में भी सीडी बनाने लायक वार्तालाप कुछ नहीं है। साफ-सुथरी वार्ताएं हैं, जो मैं महिलाओं से भी करता हूं। अश्लील वार्तालाप करूं तो सामने वाला सूरत नहीं बदल देगा। मेरा कहने का आशय यह है कि चुपके-चुपके फोन वार्ता करने जैसी कोई बात नहीं है। जरूरतों का मारा आम आदमी हूं, इसलिए एय्याशी की वार्ता का भी सवाल नहीं है। कोई अवैध व्यवसाय करता नहीं हूं जिसमें डरने जैसी कोई बात हो। मेरा मतलब है न तो मैं कोई काम करवाने का पैसा लेता, न किसी की हत्या की सुपारी लेता अथवा तस्करी नहीं करता और न ही कोई दो नंबर का काम करता, तो फिर मुझे फोन टेपिंग से डरने की क्या बात है। आराम से करो मेरा फोन टेप, मुझे खुशी होगी।

देश दुनीया से

## अधिक से अधिक प्ले फील्ड बनाओ

**किसी** भी सभ्यता या देश को इतनी क्षति युद्ध या महामारी से नहीं होती है जितनी तबाही नशे के कारण हो सकती है। आज जब देश के अन्य राज्यों सहित हिमाचल प्रदेश में भी नशा युवा वर्ग पर ही नहीं, किशोरों तक चरस, अफीम, स्मैक, नशीली दवाओं तथा दूरसंचार के माध्यमों के दुरुपयोग से शिकंजा कस रहा है। इसलिए सरकार, स्कूल प्रशासन व अभिभावकों को इस विषय पर सचेत हो जाना चाहिए। यदि विद्यार्थी किशोरावस्था में नशे से बच जाता है तो वह फिर युवावस्था आते-आते समझदार हो गया होता है। इसलिए विद्यालय स्तर पर माध्यमिक से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विभिन्न विधाओं में व्यस्त रखने के साथ-साथ शारीरिक फिटनेस की तरफ मोडऩा बेहद जरूरी हो जाता है। इसलिए शिक्षा संस्थानों, स्थानीय पंचायत तथा गांव व मोहल्ला स्तर पर खुले मैदानों व इंडोर प्ले फील्ड का होना बहुत जरूरी है। मानव का सर्वांगीण विकास शिक्षा के बिना अधूरा है। शिक्षा की परिभाषा में साफ-साफ लिखा है कि यहां शारीरिक व मानसिक दोनों तरह से बराबर विद्यार्थियों का विकास करना है जिससे वह आगे चलकर जीवन को सफलतापूर्वक खुशहाल जी सके। शारीरिक विकास के लिए खेलों के माध्यम से फिटनेस कार्यक्रम बहुत जरूरी हो जाता है। खेल ही वह माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थी को नशे से दूर रखा जा सकता है। इस विषय पर इस कॉलम के माध्यम से पहले भी अनेकों बार अभिभावकों व विद्यालय प्रशासन को सचेत किया है कि अपने विद्यार्थी बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में अब तो सोच कर कुछ हल निकालो। पड़ोसी राज्य पंजाब एक समय तरक्की में देश का अग्रणी राज्य था। इस सबके पीछे कारण तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों की दूरगामी सोच थी। खेलों में उत्कृष्टता उस प्रदेश की तरक्की व खुशहाली का भी पैमाना होती है। पंजाब में हजारों प्रशिक्षक विभिन्न खेलों में खेल प्रशिक्षण के लिए नियुक्त होने के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण के लिए आधारभूत ढांचा होना वहां के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का प्रमुख कारण रहा था। बाद में जब पंजाब धीरे-धीरे खेलों से दूर हुआ तो पहले वहां आतंकवाद और फिर आजकल पंजाब नशे का अड्डा बना हुआ है। यही कारण है कि हर क्षेत्र में आज हरियाणा पंजाब से काफी आगे निकल गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एशियाई, राष्ट्रमंडल व ओलंपिक खेलों में पदक विजेता होने पर खिलाडियों को करोड़ों रुपए के नगद ईनाम व सम्मानजनक नौकरी देकर हरियाणा में खेलों के लिए बहुत ही उपयुक्त वातावरण तैयार किया है। उसी का नतीजा है कि आज हरियाणा का हर किशोर व युवा किसी न किसी खेल के मैदान में नजर आता है। नब्बे के दशक चलते ही हिमाचल प्रदेश में खेलों के लिए तत्कालीन खेल मंत्री रामलाल ठाकुर ने शुरुआती दौर में अच्छा कार्य किया था। प्रेम कुमार धूमल ने राज्य में अंतरराष्ट्रीय खेल ढांचा, सरकारी नौकरियों में तीन प्रतिशत आरक्षण तथा प्रशिक्षकों की नियुक्ति करके खेलों को गति दी। जयराम सरकार में पहले गोविंद ठाकुर व बाद में राकेश पठानिया ने खेल मंत्री रहते हुए नई खेल नीति दी जिसमें काफी आकर्षक व नगद ईनाम रखे हैं। अब सुक्खू सरकार ने कुछ ईनामों में और सम्मानजनक बढ़ोतरी कर दी है। अच्छा होता राज्य प्रशिक्षक भी भर्ती होते क्योंकि खिलाड़ी तो प्रशिक्षक ही बनाएगा, मगर सरकार तो ठेके पर मजदूर की दिहाड़ी पर अब प्रशिक्षक व अन्य कर्मचारी नियुक्त कर रही है। जब लाखों बच्चों के लिए फिटनेस कार्यक्रम बनेगा तो उसमें से ही फिट नागरिक प्रदेश को मिलेंगे। हिमाचल प्रदेश इस समय शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। पिछले कुछ दशकों से हिमाचल प्रदेश के नागरिकों की फिटनेस में बहुत कमी आई है। इसका प्रमुख कारण है विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम का न होना। रट्टे वाली पढ़ाई की होड़ में हम विद्यार्थियों की फिटनेस को ही भूल गए हैं। हिमाचल प्रदेश की अधिकांश आबादी गांव में रहती थी। वहां पर सवेरे-शाम वर्षों पहले विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ कृषि व अन्य घरेलू कार्यों में सहायता करता था। विद्यालय आने-जाने के लिए कई किलोमीटर दिन में पैदल चलता था। इसलिए उस समय के विद्यार्थी को किसी भी प्रकार के फिटनेस कार्यक्रम की कोई जरूरत नहीं थी। आज का विद्यार्थी घर के आंगन में बस पर सवार होकर विद्यालय के प्रांगण में उतरता है। पढ़ाई के नाम पर ज्यादा समय खर्च करने के कारण फिटनेस के लिए कोई समय नहीं बचता है। अधिकांश स्कूलों के पास फिटनेस के लिए न तो आधारभूत ढांचा है और न ही कोई कार्यक्रम है। आज का विद्यार्थी फिटनेस व मनोरंजन के नाम पर दूरसंचार माध्यमों का कमरे में बैठ कर खूब दुरुपयोग कर रहा है। ऐसे में विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास की बात मजाक लगती है। आज के विद्यार्थी के लिए विद्यालय या घर पर आधे घंटे के फिटनेस कार्यक्रम की सख्त जरूरत है। इसमें 15 से 20 मिनट धीरे-धीरे दौडऩा तथा विभिन्न कोणों पर शरीर के जोड़ों की विभिन्न क्रियाओं को पूरा करने के बाद शरीर को कूलडाऊन करना होगा। कई मिनटों तक शारीरिक क्रियाओं के करने से रक्त वाहिकाओं में रक्त संचार तेज हो जाता है। हर मसल व अंग को उपयुक्त मात्रा में प्राणवायु मिलने से उसका समुचित विकास होता है। आज के विद्यार्थी को अगर कल का अच्छा नागरिक बनाना है, तो हमें विद्यालय व घर पर उसके लिए सही फिटनेस कार्यक्रम देना होगा और उसके लिए जगह यानी प्ले फील्ड चाहिए। अगर हम अपनी आगामी नस्लों की नशे से भी दूरी बना पाते हैं, तभी हम सही अर्थों में अपनी आगामी पीढ़ी को बचा सकते हैं।



आप का नजरीया

## अब सिर्फ पुलिस नहीं

**चौकीदार** समाज बन जाए, तो प्रशासन के कान भी सुनते हैं। बेशक सुक्खू सरकार का जीरो टॉलरेंस 'चिट्टे' के खिलाफ ऐलान-ए-जंग बन के चारों तरफ गूंज रहा, लेकिन असली चाबुक लिए कहीं जनता भी निकल पड़ी है। पंचायतों ने खिड़कियां खोल के देखा, तो सामने जिम्मेदारी नजर आई। सूचनाएं अब हर पहर का पहरा हैं, तेरे गुंबद हिलने की खबर तक रखती हैं। पहली बार आंखें और कानों के सामने 'चिट्टे' के खिलाफ एक मुहिम सी उभरने लगी है। यह एक सामाजिक आंदोलन की तरह बढऩे लगा और अब हर सुराग का पता लगाने की चेष्टा होने लगी है। बेशक पुलिस वर्षों से नशे के खिलाफ कार्य कर रही है, लेकिन पहले केवल 'चिट्टा' पकड़ा जा रहा था, अब समाज ने उस नेटवर्क को खोजना शुरू किया है जो हमारे घर तक पहुंच गया। अगर एक कल्याण अधिकारी चिट्टे का व्यापारी बन रहा है और एक पटवारी नशे की जमाबंदी कर रहा है, तो यह उद्योग की तरह हमारी मानसिकता में घुसा है। अब चेहरे नजर आने लगे हैं, तो कानून की पढ़ाई के बाद एक मोहतरमा वकील की दलील से नशे के घाट नजर आने लगे हैं। हैं बहुत सारे लोग जिनकी पनाह में पलता रहा है चिट्टा। यहां चिट्टे की गोद है, जहां बचपन से जवानी को मौत के घूंट पिलाने का सिलसिला आबाद है। हर खेप के पीछे अगर कोई है, तो हुजूम में पुलिस वाला या कोई मेडिकल डिग्री वाला भी मिल रहा है। पिछले छह महीनों में 50 करोड़ का चिट्टा पकड़ा गया, तो इससे सौ गुना आया होगा और वर्षों से रगों में घुस रहा, उसकी गवाही में कई श्मशानघाट और उजड़ती बस्ती में किसी घर में मां-बाप की सिसकियां ताकीद करती हैं। नेरचौक की नशा विरोधी महापंचायत का आयोजन एक बहुत सार्थक कदम है, जहां 44 पंचायतों का प्रण एक दीवार की तरह है, एक ललकार की तरह है। दरअसल भटके हुए युवाओं पर नजर रखने के लिए समाज तैयार हो रहा है। जहां आज का युवा खो रहा है, वहां से ढूंढ कर उसे वापस लाने के विकल्प भी तैयार करने होंगे। सरकारी तौर पर कई प्रयत्न और प्रसंग मिल जाएंगे, लेकिन सवाल यह है कि क्या हमारा अपना भाईचारा, सुबह-शाम मिलता है। क्या हमारे आंगन से पड़ोसी का आंगन मिलता है। क्या हमारे स्कूल के खेल मैदान पर बचपन अब जवानी तक चलता है। क्या गांव की छिंज में गांव का पहलवान, अपनों के सामने कोशिश करता है। हमने गांव का गीत-संगीत बदल दिया, रहन-सहन, खान-पान बदल लिया। हम पूछते नहीं कि कौन किधर जा रहा है। एक संपर्क की तलाश में हम सभी सियासत का पक्ष और पक्षधर हो गए। स्कूल का भाषण, मुख्यातिथि का अभिभाषण और राजनेताओं का महिमामंडन अब हमारी दौलत है। हमारे मुद्दे अब मुर्दा गवाही की नस्ल हो गए, हम अपने लिए हक हकूक के मालिक हो गए। सफलताओं के इस दौर में हमारी अपनी नस्ल पर सामाजिक विकृतियों का असर इस कद्र है कि कहीं हमने उन्हें बिल्कुल अकेला या सपनों की खीज से भर दिया। चारों तरफ अकादमियों और सपनों की आजमाइश संघर्ष में जो अकेला रह गया, उसे जिंदगी में बसाने के लिए सामुदायिक हाथ चाहिए।

# सीसीएल के दोहरी नीति खिलाफ गोलबंद हुए ग्रामीण, बैठक कर दी चेतावनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** सीसीएल की मगध संघमित्रा आम्रपाली कोल परियोजना से जुड़े सराढू हेचाबलिया उपकापानी देवलगड्डा कुंडी मसिलोंग आरा चमातु सहित विस्थापित ग्रामीणों की बैठक रविवार को मेघनाथ यादव के अध्यक्षता में प्रदाहि स्कूल प्रांगण में हुई। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने सीसीएल के विरुद्ध गोलबंद होकर नरबाजी की। सीसीएल होश में आओ नौकरी मुआवजा विस्थापन करना होगा करना होगा का नारे लगाए गए। बैठक में सभी विस्थापित रैयतों ग्रामीणों एक जुट होकर सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ हक अधिकार की लड़ाई लड़ने का बिगुल फुका है। बैठक में कहा ग्रामीण जो गुपचुप तरीके से सीसीएल के समर्थन में काम कर रहे हैं उनके खिलाफ एकजुट होने का संकल्प लिया। बैठक में शामिल ग्रामीणों ने गाव के कुछ लोगों को



गलत तरीके से सीसीएल को समर्थन करके नीचे स्वार्थ के लिए गांव को ग्रामीणों को बर्गलिंग करता हैं तो उसे चिन्हित किया जाएगा। अगले बैठक में सभी विस्थापित गांव के ग्रामीणों को कमेटी में जोड़ने एकता पर बोल दिया जाएगा। विस्थापित गांव के रैयतों ग्रामीण एकजुट होकर बगैर ग्रामीणों के सहमति से सीसीएल प्रबंधन द्वारा बगैर नौकरी मुआवजा दिए कार्य करती हैं तो उसे बंद किया जाएगा। ग्रामीणों का आरोप है कि आसपास संचालित अन्य परियोजना क्षेत्र में विकास की दयनीय स्थिति को देखते हुए परियोजना के माइंस विस्तार करने पर विरोध करने का निर्णय लिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कोई भी व्यक्ति अगर बिना ग्रामीणों की सहमति के सीसीएल प्रबंधन से वार्ता करती है, तो उसे ग्राम सभा के माध्यम से दंडित किया जाएगा। वही सराढू गांव में संघमित्रा क्षेत्र में आम्रपाली प्रबंधन द्वारा ग्रामीणों को नौकरी का झांसा देकर वन क्षेत्र अतिक्रमण हाई टेंशन पोल गड़वाने पर तत्काल रोक लगाने का प्रस्ताव लिया गया। वहीं मुखिया सीता देवी राजेश साव धनेश्वर उरांव ने कहा कि सीसीएल की फूट डालो, शासन करो की नीति अपना रही है। ग्रामीणों ने पारित प्रस्तावों को उपायुक्त व सीसीएल प्रबंधन को सौंपने का निर्णय लिया। मौके पर सीता देवी धनेश्वर उरांव सुबोध सिंह मेघनाथ यादव भीम साव बैजनाथ साव बिनोद गंझू आरा महेंद्र महतो जीतन महतो हीरा घासी दिनेश उरांव रवि कुमार रतन साव उपेंद्र यादव सुभान मिया मंगलदेव यादव राजेन्द्र राम इकबाल मिया धनेश्वर मुंडा सुनील सहित सैकड़ो ग्रामीण रैयतों उपस्थित

# दो अलग-अलग दुर्घटना में दो घायल, दोनों रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** सिमरिया थाना क्षेत्र के डाडी बकचोमा के समीप मुख्य सड़क पास करने के दौरान बकचोमा निवासी तरन्नुम प्रवीण को मोटरसाइकिल सवार ने जोरदार टक्कर मार दी।जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई। आनन फानन में लोगों ने तरन्नुम को सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना में लावालौंग थाना क्षेत्र के सिलदाग निवासी 22 वर्षिय छोटू कुमार सिमरिया अंग्रेजी शराब दुकान के समीप बाइक से अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 108 एंबुलेंस के माध्यम से उसे सिमरिया रेफरल अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर उपचार के लिए उसे चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। आपको बता दें कि बाकचौमा गांव निवासी घायल तरन्नुम को मोटरसाइकिल चालक बाबूलाल विश्वकर्मा गैरेज जो बाबा पेट्रोल पंप के समीप है, काम करता है। वहां से मोटरसाइकिल से डाडी चौक तरफ तेज रफ्तार से जा रहा था कि अनियंत्रित होकर टक्कर मार दिया।

## मध्यस्थता शिविर में भूमि विवाद समेत कई मामले का निपटारा




**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा सचिव के निर्देश पर रविवार को वशिष्ठनगर जोरी थाना परिसर में निःशुल्क मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में थाना क्षेत्र के जोरी, सलैया, करैलीबार, समेत अन्य गांवों से लोग अपने अपने मामले लेकर पहुंचे थे। इनमें भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, गलीगलौज, मारपीट समेत अन्य कई मामले शामिल थे। मौके पर पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता एवं जोरी थाना सब इंस्पेक्टर विधायक प्रसाद यादव ने दोनों पक्षों की बात सुनी और समझा-बुझाकर मध्यस्थता कराया। मौके पर उपस्थित लोगो को निःशुल्क कानूनी जानकारी दी गई। उपस्थित ग्रामीणों ने काफी सराहना किया तथा कहा कि इस निःशुल्क मध्यस्थता शिविर से लोगो को कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने से बचते हैं। वही पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता के द्वारा बताया गया कि कानूनी प्रक्रिया लंबी चलती है। इसमें दोनों पक्षों का समय, पैसा बर्बाद होता है। छोटे-मामले मध्यस्थता के जरिए मामले जल्दी सुलझाए जा सकते हैं।

## मुखिया बिना देवी के अध्यक्षता में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया




**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के जाएंगी पंचायत में आत्मा राज्य सहाय अनुदान के तहत मुखिया बिना देवी की अध्यक्षता में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीटीएम राजेश कुमार, एटीएम सुधीर कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र के एसके दुबे, कृषक मित्र, किसान एवं महिलाएं उपस्थित हुए।

# एक तरफ अतिक्रमण मुक्त तो दूसरी तरफ कब्जा जारी, हाल हजारीबाग रोड

- ➲यात्री शेड से लेकर शौचालय तक किया जाना था बाउंड्रीवाल
- ➲बाउंड्रीवाल करने को लेकर गरीबों का दुकान गया था हटाया, फिर भी कब्जा जारी
- ➲कब्जा बनाने को लेकर शौचालय तक नहीं की जा रही है बाउंड्रीवाल, रोष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल मुख्यालय के सिमरिया चौक पर प्रशासन द्वारा चौक पर अतिक्रमण कर लगाया गया दुकान को हटा कर अतिक्रमण मुक्त किया गया है। साथ हीं सुंदरीकरण को लेकर तथा पुनः अतिक्रमण ना हो इसके लिए जाबांज आईएएस सह अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज एवं अंचल अधिकारी सह सिंघम सीओ गौरव कुमार और जाबांज बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद के संयुक्त



प्रयास से चौक को सुंदरीकरण किया जा रहा है। साथ हीं दुबारा कोई दुकान वहां लगा कर अतिक्रमण ना करें इसके उद्देश्य बगरा रोड और हजारीबाग रोड में यात्री शेड से लेकर सुलभ शौचालय तक बाउंड्रीवाल करने का प्लान बनाया गया गया था। जबकि वर्तमान में यात्री शेड के अंत दिवाल तक हीं बाउंड्रीवाल बना कर वारे न्यारे कर दिया जा रहा है। वैसे में गरीबों का दुकान हटाने का कोई औचित्य नहीं रह जाता है। वहीं चौक दुकानदारों का कहना है कि जब हम लोगों का दुकान हटाया गया है तो प्रशासन पूरा बाउंड्रीवाल करें। चुकी कुछ लोगों का उक्त खाली जगहों पर गिद्ध नजर पड़ी हुई है। वो चाहते हैं कि आधे अधूरे बाउंड्रीवाल कर के बाकी बचे जगहों पर कब्जा जमा कर अपनी दुकान लगा दें। हम विस्थापित दुकानदार ऐसा नहीं होने देंगे। दुकानदारों ने जाबांज अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज एवं सिंघम सीओ गौरव कुमार से मांग किया है कि जिस तरह पूर्व में प्रशासन द्वारा यात्री शेड से लेकर सुलभ शौचालय तक बाउंड्रीवाल करने का खाका खींचा गया था उसी तरह बाउंड्रीवाल शौचालय तक किया जाय अन्यथा हम लोग पुनः उक्त स्थानों पर दुकान लगा कर अपना रोजी रोटी करेंगे। चुकी इसी उद्देश्य से वहां खाली जगह छोड़ कर अपना काम तमाम करना चाह रहे है लोग।

# तीहरे लाभ कमाने में जुटा एनटीपीसी से राख ढुलाई कर रहा आरटीपीएल कंपनी

### फर्जी तौर पर एश लोडिंग का चालान लेते धराये मिट्टी लोड तीन हाइवा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिले के टंडवा एनटीपीसी परियोजना से उत्पादित जहरीला राख का ट्रांसपोर्टिंग कर रही आरटीपीएल नामक कंपनी में लगे तीन हाइवा रविवार को बगैर राख लोड हीं चालान लेते जब्त कर लिया गया। वहीं वाहन चालकों के खुलासे से बड़े फर्जीवाड़ा और सिंडिकेट में शामिल लोगों की सारी गतिविधियां परत दर परत खुलकर लोगों के सामने आ गया। बताया जाता है आरटीपीएल कंपनी का गहरा सांठगांठ परियोजना में कार्यरत एक वरीय अधिकारी से है। बताया जाता हैं कि निर्माणाधीन कॉन्वेयर कॉरीडोर एरिया में मिट्टी भराई की टेंडर एक करोड़ की लागत का कार्य सिंघानिया कंपनी ली हैं। जहां




ट्रांसपोर्टर मिट्टी भरने और राख ट्रांसपोर्टिंग का एक साथ लाभ लेते हुए अवैध मिट्टी कटाई से लाखों रुपए के राजस्व चोरी वाले तीहरे लाभ भी अर्जित की जा रही है। जिसमें सफेदपोशों का एक सिंडिकेट काम करता है। जिसमें कथित तौर परियोजना प्रबंधन के अधिकारियों की पूरी संदिग्ध भूमिका बताई जा रही है। जब्त वाहन के एक ड्राइवर फ़र्जी चालान लेने की बात स्वीकार करते हुए बताया कि इन सभी के पीछे का मास्टरमाइंड गौतम नामक व्यक्ति है। सूत्रों की मानें तो गोरखधंधे में शामिल लोग इस मामले पर उच्चस्तरीय जांच व कार्रवाई ना हो इसे दबाने के लिये एड़ी चोटी का जोर लगाये हुवे हैं। वही मामले में झामुमो नेता संतोष नायक ने कहा की इस तरह से गोरख धंधा कार्य में संलिप्त कंपनी को एनटीपीसी प्रबंधन ब्लैकलिस्ट कर देनी चाहिए। जिससे सरकार का राजस्व क्षति से बचाया जा सके। बताया सिंघानिया कंपनी द्वारा बीते माह प्लांट परिसर में अवैध बालू भण्डार कर राजस्व का बड़ा नुकसान पहुचाने मामला में टंडवा थाना में मामला भी दर्ज हुआ है।

## बस के धक्के से बाइक सवार युवक घायल



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-रांची मुख्य पथ एनएच 22 पर रविवार को बस के धक्के से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बिष्णु उरांव 24 वर्ष पिता चन्तु उरांव ग्राम बालूमाथ निवासी हज़ारीबाग से रिचुघुटा चंदवा जा रहा था। इसी दौरान मकईयाटांड ग्राम के समीप मोटरसाइकिल को बस ने टक्कर मार दिया। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# कुंभ मेला में खोया बुजुर्ग सकुशल घर लौटा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के बरछिया बठेट निवासी बुजुर्ग चुलहन महतो 17 फरवरी को कुंभ याश्रा के लिए गये थे, जो 18 फरवरी को कुंभ स्नान करने के बाद 18 नम्बर घाट से गुम हो गये जिनका काफी खोज बिन करने के बाद पता चला कि ये लखनऊ, चले गये है. और लखनऊ पुलिस के कस्टडी में है, वहां से फोन के द्वारा सम्पर्क कर इन्हें सुरक्षित आज 23-02-2025 को बारियातु वापस लाया गया. इनके सकुशल घर वापसी से घर परिवार के सदस्य, परिजन व आसपड़ोस मे खुशी का माहौल है. इस खुशी में लोगो ने उन्हे माला पहनाकर व बम पटाखा फोड़ कर उनका स्वागत व अपनी खुशी व्यक्त किया. इस अवसर पर उनके परिजन आस पडोंस के लोग व क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# दो बाइक में आमने सामने की टक्कर बाइक सवार घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के कोने ग्राम में रविवार को दो बाईक सवारों में आमने सामने की भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में दोनों बाईक पर सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने 108 एम्बुलेंस को कॉल कर इसकी जानकारी दी, जिसके बाद एम्बुलेंस की मदद से उन्हें लातेहार सदर अस्पताल लाया गया।जहां डॉक्टर हरिओम ने इनकी प्राथमिक इलाज की और सभी चारों घायलों को बेहतर इलाज के लिये रिम्स रेफर कर दिया। घायलों में एक का नाम संदीप उरांव (30 वर्ष) पिता सुकरू उरांव हैं जो रोल पतरातू का रहने वाला है। वहीं दूसरी बाईक पर सवान तीन लोग सवार थे।जो नरेशगढ़ जा रहे थे। इनमें बब्लू सिंह (35 वर्ष), पिता बिसराम सिंह मुड़हू, उपेंद्र कुमार (35 वर्ष) पिता रामवृक्ष सिंह, बालकिशुन सिंह (40 वर्ष) पिता विशराम सिंह है।ये सभी मुरू बरवाडीह प्रखंड के रहने वाले हैं।

# मनिका विधायक ने लाभुकों के बीच किया धनकुटी मशीन का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** प्रखण्ड अंतर्गत चटकपुर पंचायत में रविवार को मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचन्द्र सिंह के द्वारा चयनित लाभुकों के बीच धनकुटी मशीन का वितरण किया गया। इस दौरान लाभुकों एवं पंचायतवासियों को संबोधित करते हुए कहा विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार का प्रयास है कि राज्य के सभी लोग स्वावलंबी बनें। मनिका विधानसभा क्षेत्र के सभी लोगों के स्वावलंबन के लिए लगातार मैं अपने स्तर से कर्तव्य निष्ठ होकर मैं कार्य कर रहा हूं। झारखंड सरकार द्वारा यह एक ठोस कदम है। जिससे अपने ही क्षेत्र में लाभुक रोजगार कर सकें।मौके पर चैनपुर पंचायत के उप मुखिया राजेश कुजुर, रेखा नगेसिया, प्रदीप बड़ाईक एवं सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## आजसू का बेतला में होगा 27 फरवरी को प्रमंडलीय बैठक का आयोजन




**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के बेतला में आजसू पार्टी का पलामू प्रमंडलीय बैठक का आयोजन 27 फरवरी 2025 को किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। बैठक को लेकर लातेहार जिलाध्यक्ष अमित पाण्डेय ने रविवार को एक प्रेस वार्ता आयोजित कर जानकारी दी।मौके पर जिला उपाध्यक्ष बिजेन्द्र दास उपस्थित थे।अमित पाण्डे ने बताया कि यह बैठक संगठन को मजबूत करने, आगामी रणनीतियों पर चर्चा करने और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए आयोजित की जा रही है। इस बैठक में पलामू प्रमंडल के सभी जिलों से पदाधिकारी, कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।पार्टी नेतृत्व द्वारा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि बैठक के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं, और पार्टी कार्यकर्ता इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी मेहनत कर रहे हैं।

# युवा संघर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल खिताब खोन्हर ने जीता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत बलिगढ़ पंचायत के अजनिया मोड के समीप फील्ड में युवा संघर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को उत्तर प्रदेश के कोन बनाम खोन्हर के बीच खेला गया। इस फाइनल मुकाबले के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे बलिगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने दोनों टीम के कप्तानों के साथ टॉस कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही शुरुआती पारी में बल्लेबाजी करने का निर्णय कोन की टीम ने लिया जिसमें 90 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। जवाबी पारी खेलते हुए खोन्हर की टीम ने 12 ओवर में ही 91 रन बनाकर मैच को जीत लिया। इस अवसर पर विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 11000 हज़ार रुपए एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 7500 सौ रुपए देकर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए उक्त प्रतिनिधि ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए खेल में हार और जीत तो लगी रहती है हमारे क्षेत्र में खिलाड़ियों के अंदर प्रतिभा की कोई कमी नहीं है सिर्फ उन्हें सहयोग करने की जरूरत है और मैं इसके लिए हमेशा तत्पर और तैयार हूं। इस मौके पर रमेश राम मनीष कुमार गुप्ता नेमचंद शाह संतोष पासवान विमलेश यादव सहित कमेटी के कई लोग उपस्थित थे।

# खेल मैदान के वन तुलसी झाड़ी सफाई कर निकाले पच्चास हजार रुपए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड बरवाडीह में मनरेगा योजना धरातल पर नहीं के बराबर है फिर बेहिचक लाखों का भुगतान किया जा रहा है। जहां मेढ़बंदी ईसीबी और महत्वकांक्षी योजना बिरसा सिंचाई संबर्धन मिशन कूप निर्माण कार्य बगैर शुरू किए हजारों रुपए का भुगतान किया जाना इसे संबंधित कर्मियों की लापरवाही, मिलीभगत या अधिकारियों का भरोसा कहा जाए। प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत ग्राम लूहुर के राजा मेदनी राय इंटर कॉलेज में सरकार की महत्वकांक्षी योजना पोटो हो विकास योजना अंतर्गत खेल मैदान निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरती गई है। जहां उबड़-खाबड़ पत्थरीली मैदान के वन तुलसी (झाड़ी) काटकर लगभग 50 हजार रुपए की निकासी मनरेगा बिचौलिए के द्वारा पंचायत सचिव, मनरेगा कर्मियों व पंचायत के प्रतिनिधि की मिलीभगत से कर ली गई है। शनिवार को प्रखंड के



प्रमुख सुशीला देवी उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल कॉलेज में चल रहे परिक्षा केन्द्र का जायजा लेने पहुंचे इस दरम्यान उन्हें बताया गया कि मनरेगा योजना से खेल मैदान निर्माण कार्य शुरू किया गया है जब इसके बारे में जानकारी ली गई तो बड़ी अनियमितता पाई गई। उन्होंने बताया कि दो मजदूरों की दैनिक मजदूरी में मैदान की झाड़ी साफ हो सकती है लेकिन कई सप्ताह कई मजदूरों के नाम फर्जी निकासी करा लिया गया है। कहा कि प्रखंड में मनरेगा योजनाओं में भारी लूट मची है, बिना काम के योजनाओं में भुगतान किए जा रहे हैं। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि लगातार मनरेगा योजनाओं में गबन व अनियमितता के मामले दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहे हैं पर वरीय अधिकारियों के द्वारा संज्ञान नहीं लिया जाना कहीं न कहीं भ्रष्टाचार में संलिप्तता को दिखाता है। उन्होंने बताया कि कार्रवाई नहीं होने से मनरेगा कर्मियों का मनोबल चौथे आसमान पर है। मामले पर अधिकारीयों के ऐसे ही खामोशी रही तो आम नागरिकों जागरूक ग्रामीणों का भरोसा वर्तमान सरकार से उठता नजर आएगा।

## रेंजर उमेश कुमार दुबे ने महुआडांड़ वन क्षेत्र पदाधिकारी का पदभार संभाला



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड प्रधान मुख्य वन संरक्षक के निर्देश पर गारु पूर्वी वन क्षेत्र के रेंजर उमेश कुमार दुबे रविवार को महुआडांड़ रेंज ऑफिस पहुंच कर महुआडांड़ वन क्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने महुआडांड़ वन क्षेत्र में कार्यरत ऑफिस इंचार्ज, वनरक्षी, ट्रैकर समेत सभी बीट पर कार्यरत कर्मी से परिचय प्राप्त करते हुए क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। वहीं उपस्थित कर्मियों को प्रशासनिक कार्यो को सुचारू रूप से संचालित करने एवं वन संरक्षण को मजबूत करने के संबंध में निर्देश दिए। गारु पूर्वी वन क्षेत्र के रेंजर उमेश कुमार दुबे को गारू पश्चिमी, महुआडांड़ एवं बेतला वन क्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। रेंजर उमेश कुमार दुबे ने बताया कि वनों की सुरक्षा प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। गर्मियों का मौसम शुरू हो रहा है ऐसे में वनों की सुरक्षा का दायित्व और भी अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की है की वनों को आग से बचाए। वृक्षों की कटाई, अवैध उत्खनन अथवा अन्य तरीकों से वनों को नुकसान पहुंचाना कानूनन अपराध है। वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान वनरक्षी कुणाल कुमार, राजेश कुजूर, संजीव पांडे, ट्रैकर विजय बड़ाइक समेत अन्य वनकर्मी उपस्थित थे।

## केंद्रीय बजट 2025 पर परिचर्चा कार्यक्रम मे शामिल हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, कहा

# 2025 का बजट विकसित भारत का संकल्पित बजट है

- **2025 का केंद्रीय बजट प्रोग्रेसिव बजट है : मनीष जायसवाल**
- **कृषकों की आय में वृद्धि के लिए फूड प्रोसेसिव यूनिट का निर्माण कराया जाए : प्रदीप प्रसाद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : जैन धर्मशाला में केंद्रीय बजट 2025 पर परिचर्चा कार्यक्रम एवं प्रेस वार्ता शहर के प्रमुख व्यवसायी, प्रोफेसर, डॉक्टर ,वकील एवं बुद्धिजीवियों के बीच की गई। परिचर्चा कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, हजारीबाग लोकसभा के माननीय सांसद मनीष जायसवाल एवं सदर विधायक प्रदीप प्रसाद उपस्थित हुए ,कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह द्वारा की गई तथा संचालन जिला महामंत्री सुनील मेहता द्वारा की गई ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा कहा गया की 2025 का बजट आने वाला दिनों में विकसित भारत का संकल्पित बजट सिद्ध होगा ।पहले की सरकारें पंचवर्षीय योजना दिखाने के लिए बनाती थी। योजना पूरी नहीं होती थी 2025 के बजट में वित्त मंत्री द्वारा 12 लाख तक के आय में आयकर छूट देने की बात कही ,तो सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष के सांसद भी खुशी के मारे मेज थपथपाकर स्वागत किया, क्योंकि विपक्ष को यह उम्मीद नहीं थी ।जीएसटी में सुधार के बदौलत भारत विश्व में पांचवी शक्ति के रूप में उभरी है और आने वाला दिनों में भारत तीसरी शक्ति बन जाएगा। भारत अपने देश के लोगों को कोरोना का वैक्सीन देने के साथ-साथ विश्व के 118 देश को निर्यात किया। जहां किसी देश का पूरा बजट 6 लाख 81000 करोड़ रूपया होता है, वहीं भारत में सिर्फ रक्षा बजट इतना है। भारत दुनिया के100 देश में रक्षा सामग्री का निर्यात करता है ।डिजिटल लेनदेन में दुनिया का सबसे बड़ा देश भारत बन गया है। इससे करोड़ों युवक - युवतियों को रोजगार मिला है ।देश का कोई गांव नहीं है जहां बिजली नहीं है। पहले की सरकारें वर्ष में 60 से 70 किलोमीटर रेल लाइन बिछाती थी और आज 500 से 6 00 किलोमीटर रेल लाइन बिछाया जा रहा है स्टार्टअप के लिए 10000 करोड़ रूपया से 20000 करोड़ रूपया आणि दुगनी बजट की गई है। पहले खिलौना का 80त्न चीन, जापान से आयात किया जाता था। वही आज 90त्न खिलौना भारत में निर्मित होता है। माननीय सांसद मनीष जायसवाल अपने संबोधन में कहा की 2025का बजट प्रोग्रेसिव बजट है। कृषि के क्षेत्र में केसीसी लोन पहले 300000 तक दिया जाता था, जिसे बढ़ाकर 500000 कर दिया गया है । कृषि के क्षेत्र में बेहतर उत्पादन के लिए एम एसपी में वृद्धि किया गया है। सिर्फ झारखंड में रेल बजट 700 करोड़ रूपया का है। जो पहले से कई गुना अधिक है। पहले चीनी का मिल बंद हो जाता था। आज प्रत्येक वर्ष नई-नई चीनी के मिल खुल रहे हैं। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि बजट से हर वर्ग को लाभान्वित हो रहा है। किसनों की आय बढ़ाने हेतु फूड प्रोसेसिव यूनिट लगवाने की जरूरत है। कार्यक्रम को चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शंभू अग्रवाल एवं चार्टर एकाउंटेंट विकास वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉक्टर मधुबाला, प्रोफेसर सुबोध सिंह, शंकर चंद्र पाठक ,कुलदीप सिंह, तरुण चक्रवर्ती ,कमल जैन विनायक, अरुण कुमार वर्मा, ललित जैन, निर्मल जैन विनायक ,प्रेम कुमार अग्रवाल ,विष्णु जायसवाल, रविंद्र जैन, सुदेश चंद्रवंशी, केपी ओझा, हरीश श्रीवास्तव, आनंद देव ,दामोदर सिंह ,रेणुका शाहू, जयनारायण प्रसाद ,सत्येंद्र नारायण सिंह, कुणाल किशोर, शिव शंकर गुप्ता, मनोज गिरी, जितेंद्र जैन, अजीत चंद्रवंशी ,तनवीर अहमद ,राजकरण पांडे, विवेक बैरियर, साक्षी राणा ,राम जी ,अशोक कुशवाहा ,अशोक साहू ,बलदेव सिंह, श्वेता सिंह ,ज्योत्सना पूनम कसेरा ,कुमकुम देवी, कंचन शर्मा ,निशा चौरसिया ,सुमन भंडारी ,हितेश रंजन, सांसद के मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी,यदि सैकड़ो व्यक्ति उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद द्वारा दी गई ।



## कथावाचक सुंदरम जी महाराज का प्रवचन सुनने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बड़कागाँव (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : प्रखंड अंतर्गत गोन्दलपुरा में नव निर्मित शिव मंदिर के उद्घाटन को लेकर श्री श्री 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा रुद्रमहा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ के पांचवे दिन विद्वान ब्राह्मणों के द्वारा प्रवचन किया गया। संध्या काल में ब्राह्मणों तथा पुजारी के साथ आरती की गई और भंडारा का आयोजन किया गया। कथावाचक सुदरम जी महाराज को कमेटी की ओर से माला पहना कर स्वागत किया गया। इस दौरान महाराज जी ने रामचरित्र मानस पर आधारित कथा लोगों को सुनाया। प्रवचन सुनकर श्रद्धालु काफी प्रसन्न नजर आए। प्रवचन में समाज सुधार से संबंधित कई महत्वपूर्ण बातें कही गई। एक दूसरे के प्रति सहयोग की भावना करने की सलाह दी गई। मजबूर व्यक्ति को सहारा बनने के लिए प्रेरित किया गया। प्रवचन को सुनने के लिए आसपास गांव से श्रद्धालु आये थे।

## साई परिवार के कलश यात्रा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : साई मंदिर परिवार, ओकनी के 13 वें स्थापना दिवस के मौके पर रविवार को ओकनी साई मंदिर परिवार की ओर से भव्य मंगल कलश यात्रा स्थानीय खजांची तालाब परिसर स्थित मनोकामना मंदिर प्रांगण से बाजे- गाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान विधिवत पूजा- अर्चना करके युवती और महिलायें माथे पर कलश में नारियल, आम पत्र और अन्य शुभ सामग्री लेकर शहर के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए रवाना हुए । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सांसद सेवा कार्यालय के बाहर कलश यात्रा का स्वागत किया और हाथ जोड़कर कलश यात्रियों का अभिनंदन किया। उन्होंने आयोजकों को फूल माला पहनाकर उनके इस धार्मिक प्रयास की सराहना की। इस दौरान उनके साथ बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें । कलश यात्रा के दौरान पूरा शहर ? साई राम के नारे से गुंजयमान होता रहा और पुरा शहर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया ।

## संत निरंकारी मिशन ने चलाया सफाई अभियान

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत नावाटांड़ में संत निरंकारी रजिस्टर ब्रांच अलपिटो मंडल ने सामुदायिक भवन के अंदर ,बाहर आसपास के सभी स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया। संत निरंकारी सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के कहे अनुसार गंदगी अंदर हो या बाहर दोनो हीं हानिकारक है। इनकी कही बातों को चरितार्थ करते हुए रविवार को सफाई अभियान चला कर आसपास के परिसर और मन की गंदगी को दूर करने का महत्वपूर्ण संदेश दिया। इस मौके पर उपस्थित संत निरंकारी मंडल के सत्संगियों ने कहा कि स्वच्छता को सिर्फ निरंकारी सत्संग के माध्यम से प्राप्त हो सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मिशन के सेवा दल के भाई-बहन के साथ स्थानीय समाजसेवियों लोगों के द्वारा भरपूर सहयोग रहा।

## रैयती जमीन में जबरन सड़क बनाने को लेकर लगाई गुहार



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : केरेडारी प्रखण्ड के पहरा गांव निवासी प्रभु कुमार ने उपरौल मुख्य पथ से श्मशान घाट तक में रैयती जमीन में डीएमएफटी मद से जबरन सड़क सड़क बनाने का आरोप लगाया है। इस बाबत प्रभु कुमार ने एक ज्ञापन हजारीबाग उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक,अनुमंडलाधिकारी,केरेडारी अंचल एवं केरेडारी थाना में दिया है।आवेदन में उल्लेख किया है कि पहरा गांव निवासी पवन साव पिता विशेश्वर साव ने जबरन मेरा जमीन में सड़क बना दिया है साथ ही लिखा है कि मेरा भाई ईश्वरी साव रोकने गया तो उसके साथ मारपीट व गाली करने लगा।साथ ही प्रभु के भाई दुखी साव,ईश्वरी साव एवं गांव के जगनन्दन साव एवं संतोष साव समेत अन्य लोगो ने बताया कि पवन साव ने दबंगई से जेसीबी चलाकर गार्डवाल एवं सड़क बना दिया है।इसलिये उचित कानूनी कार्रवाई के लिए उपरोक्त अधिकारियों को आवेंदन दिया गया है।वही संवेदक पवन साव ने बताया कि हम गांव वालों के मर्जी से सड़क एवं गार्डवाल बनाये है।

## सदर थाना के सामने स्थित दुकान मे हुई चोरी



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : शहर के मेन रोड स्थित मारवाड़ी पान दुकान और सुधा दूध कोड नंबर 9 के प्रतिष्ठान में देर रात चोरों ने बड़ी घटना को अंजाम दिया. प्रतिष्ठान के संचालक संजय खंडेलवाल (नाटाणी) ने बताया कि, चोरों ने दुकान से करीब 25 हजार रुपये नगद और 60 से 70 हजार रुपये के सामान की चोरी कर ली. चोरों ने दुकान की छत पर लगी शीट को काटकर अंदर प्रवेश किया और नगद समेत बिस्कुट, ड्राई फ्रूट और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गये. थाना के सामने की दुकान में हुई चोरी चोरी की घटना के बाद हजारीबाग शहर के व्यापारियों में डर और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहा है. उनका कहना है कि सदर थाना के ठीक सामने स्थित दुकान में चोरी की घटना से उन लोगों में असुरक्षा की भावना और डर पैदा हो गई है. व्यापारियों का कहना है कि जब थाने के सामने इस प्रकार की घटनाएं हो सकती हैं, तो फिर अन्य इलाकों की सुरक्षा का क्या ही हाल होगा. इस घटना ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं.

## शहीद कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी के घर पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री, हजारीबाग सांसद और विधायक समेत कई गणमान्य लोग

- **शहीद के परिजनों से मिलकर सबकी आँखें हुई नम, शहीद परिवार के भलाई को लेकर हुई विशेष चर्चा**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : बीते दिनों जम्मू-कश्मीर के अखनूर में हुए आईडी ब्लास्ट में शहीद हुए हजारीबाग के लाल कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी के हजारीबाग शहर के जुलु पार्क स्थित आवास में रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय सहित भाजपा के कई गणमान्य पहुंचे और यहां शहीद की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके माता- पिता, बहन और अन्य परिजनों से मुलाकात कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले आपके परिवार के लाल पर गर्व करने को कहते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शहीद परिवार को सांत्वना दिया और उनका ढांढस बंधाया। सांसद मनीष जायसवाल और सदर विधायक प्रदीप ने भी परिवारजनों के साथ हर जरूरत में एक बेटा/भाई के रूप में खड़े रहने का भरोसा जताकर उनका हिम्मत बढ़ाया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शहीद कैप्टेन के परिवारजनों की उपस्थिति में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद से शहीद परिवार के भलाई के लिए विशेष चर्चा- परिचर्चा की साथ ही केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए राज्य के मुख्यमंत्री से मिलकर भी बात करने पर सहमति बनी । रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद मनीष जायसवाल और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सहित अन्य भाजपा नेताओं से शहीद परिवारजनों ने शहीद कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी की जिंदगी की कई यादें अपनी भावनाओं के ज्वार में व्यक्त किया। शहीद परिवार की भावनाओं का एहसास कर सभी नेता भी द्रविभूत हो उठे और सबके आँखें नम हो गई । मौके पर विशेषरूप से भाजपा नेता सुनील मेहता, आनंद देव, कुणाल दुबे, जीतू जैन, लबू गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## विधायक ने किया इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण, खेल सुविधाओं में सुधार के दिए निर्देश



- **स्टेडियम का निर्माण खेलों को बढ़ावा देने के लिए हुआ था, इसे सुधारना हमारी प्राथमिकता है : प्रदीप प्रसाद**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग** : सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को डीवीसी चौक स्थित इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेडियम की वर्तमान स्थिति, रखरखाव और सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने स्टेडियम में खेल गतिविधियों की वास्तविकता और उद्देश्य से भटकने पर चिंता व्यक्त करते हुए, आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

**खेल सुविधाओं की बदहाल स्थिति पर जताई चिंता**

विधायक ने निरीक्षण के दौरान जिम, स्विमिंग पूल, खेल मैदान, ट्रैक, दर्शक दीर्घा और अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं की स्थिति को देखा। उन्होंने पाया कि स्टेडियम की कई सुविधाएं या तो रखरखाव के अभाव में क्षतिग्रस्त हो रही हैं या फिर उपयोग में नहीं लाई जा रही हैं। विधायक ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई.उन्होंने कहा कि स्टेडियम का निर्माण खिलाड़ियों और बच्चों के खेल कौशल को विकसित करने के लिए किया गया था, लेकिन वर्तमान में यह अपने उद्देश्य से भटक चुका है। खेल प्रेमियों और स्थानीय खिलाड़ियों को यहां मूलभूत सुविधाएं भी ठीक से नहीं मिल पा रही हैं, जिससे उनकी खेल गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

**सुधार के लिए दिए सख्त निर्देश**

निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया की स्टेडियम की साफ-सफाई और नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए। स्विमिंग पूल की मरम्मत और साफ-सफाई का कार्य जल्द पूरा किया जाए। जिम उपकरणों को ठीक कर नियमित उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाए। खेल मैदान की घास, ट्रैक और अन्य सुविधाओं को खिलाड़ियों के लिए उपयुक्त बनाया जाए। स्टेडियम के उपयोग के लिए एक प्रभावी प्रबंधन प्रणाली विकसित की जाए, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। विधायक ने कहा कि खेल और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए स्टेडियम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि सही ढंग से इसका रखरखाव और प्रबंधन किया जाए, तो यह खिलाड़ियों के लिए एक आदर्श स्थान बन सकता है। उन्होंने स्थानीय युवाओं से भी अपील की वे खेलों में अधिक भागीदारी करें और स्टेडियम की सुविधाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले निरीक्षण तक सभी आवश्यक सुधार कार्य पूरे किए जाएं।

## 31 वाँ केसरवानी मिलन समारोह धूमधाम से हुआ संपन्न बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए विधायक मनोज कुमार यादव

- **समाज की नींव शिक्षा से होती है, जो समाज का भविष्य तय करती है : मनोज यादव**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही** : नगर केसरवानी वैश्य सभा, बरही के बैनर तले रविवार को आयोजित 31वें केसरवानी मिलन समारोह की धूम रही। समारोह का शुभारंभ नव निर्वाचित अध्यक्ष विनोद केशरी के द्वारा झंडोतोलन कर व गोत्राचार्य महर्षि कश्यप जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर व पुष्प अर्पण कर किया गया। समारोह में बरही, चौपारण, पदमा, चंदवारा के अलावा हजारीबाग, कोडरमा जिले एवं बिहार से भी अतिथियों को आमंत्रित थे।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष बलराम केसरी व संचालन राजेश केशरी व सेजल केशरी ने किया। मौके बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव, विशिष्ठ अतिथि स्थानीय मुखिया सिकंदर राणा उपस्थित हुए, जिन्हें पुष्प माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक मनोज कुमार यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जिन लोगों के विचार के उपरांत इस संगठन का नीव रखा गया, वे बधाई के पात्र हैं। वहीं उन्होंने कहा कि जहां समाज के लोग एक साथ बैठते हैं,वहां सामाजिक बुराई हटाने की बात होती है और विकास का मार्ग प्रशस्त किए जाते हैं। आगे कहा कि समाज की नींव शिक्षा से होती है, जो समाज का भविष्य तय करती है। वहीं केशरवानी समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में बल देने को कहा। इसके साथ उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि होने के नाते इस समाज के लिए मै हमेशा सहयोग के लिए खड़ा रहूंगा। वहीं मुखिया सिकंदर राणा ने कहा कि जिस समाज के लोग संगठित होकर 31वर्ष तक हर कदम साथ चलने का कार्य किया है, निश्चित तौर पर विकास की दिशा तय करेगी। वहीं केशवानी समाज के लोगों ने अपने समाज को नशामुक्त, समाज में व्याप्त दहेज प्रथा पर अंकुश लगाने को ठाना। वहीं पुराने पदाधिकारी को विदाई सम्मान दी गई और नव निर्वाचित पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। मौके पर पुराने पदाधिकारी अपने कार्यकाल में समाज की उत्थान के विषय में चर्चा किया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। बच्चों ने भक्ति नाटक और सांस्कृतिक नृत्य से लोगों को मन मोहा। मौके पर नगर केशरवानी समाज के संस्थापक अध्यक्ष जगदीश साहू पूर्व झा. प्रदेश महामंत्री भगवान केशरी, दशरथ केशरी, परमेश्वर केशरी,पूर्व में संगठन मंत्री महेंद्र केसरी, महामंत्री आशीष केसरी, कोषाध्यक्ष मनोज केसरी, मुख्य संरक्षक कपिल केसरी, मीडिया प्रभारी राजेश केसरी, तरुण सभा अध्यक्ष रंजीत केसरी कोषाध्यक्ष मनोज केसरी, पूर्व अध्यक्ष बलराम केसरी महामंत्री महेंद्र केसरी, कोषाध्यक्ष काशी केसरी एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारी में अध्यक्ष विनोद केसरी, महामंत्री उदय केसरी, अशोक केसरी व महिला वैश्य सभा के अध्यक्ष जयंती देवी, कोषाध्यक्ष उर्मिला केसरी, महामंत्री रेखा देवी, पंचायत अध्यक्ष निर्मल केसरी, लखन केसरी, उमेश केसरी, विनोद केसरी, राजेश केसरी, संतोष केसरी, रेणु देवी, गिरजा देवी, नीलम केसरी, मंजू केसरी, कंचन देवी, सत्या देवी, अनीता देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## जिला परिषद सदस्य ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

### यह सड़क ग्रामीणों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा : मंजू नंदनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कटकमसांडी** : प्रखंड क्षेत्र के गदोखर पंचायत में जिला परिषद के मद से 15वें वित्त आयोग के तहत हरिजन टोला में अनवर मियां के घर से लेकर स्वर्गीय लालो भुइयां के घर तक पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास जिला परिषद सदस्य मंजू नंदनी के द्वारा किया गया जिसकी लागत लगभग दस लाख के करीब है। अनुसूचित टोला के सड़क में काफी कीचड़ हो जाने से वहां के लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है ,लोग कई बार साइकिल या बाइक से गिर जाते थे ।मुहल्ला का आबादी लगभग 500 के करीब है । जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मनीष ठाकुर ने कहा यह सड़क काफी महत्वपूर्ण है यह सड़क गांव के मुख्य मार्ग से जोड़ती है । सड़क खराब होने के कारण यहां के लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए पहले प्राथमिकता अधार पर अनुसूचित जाति टोला में दिया गया है । गदोखर पंचायत के मुखिया नारायण साव ने जिला परिषद सदस्य मंजू नंदनी के द्वारा उनके पंचायत क्षेत्र में रोड दिए जाने पर धन्यवाद दिए । जिसमें शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित जिला परिषद सदस्य मंजू नंदनी, गदोखर पंचायत मुखिया नारायण साव, कटकमसांडी पूर्वी जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, कंचनपुर पंचायत के पूर्व मुखिया अशोक राणा कटकमसांडी भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, भाजपा पूर्वी मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार उर्फ वीरु,अर्जुन साहू, जहांगीर अंसारी, कांग्रेस के 15सूत्री के जिला अध्यक्ष निसार खान, सुरेश ठाकुर, अनिल पासवान, अंकज ठाकुर, विनोद सिंह, गोविंद यादव, रामू राम, पवन गिरी, प्रेम सोनी, मुख्य रूप से उपस्थित अभिकर्ता विजय विश्वकर्मा सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे ।

## संत निरंकारी मंडल द्वारा जवाहर घाटी विश्रामागृह के आसपास एवं जलाशय में चलाया सफाई अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही** : संत निरंकारी मंडल बरही इकाई की ओर से रविवार को बरही जवाहर घाटी स्थित वन विश्रामगृह के आस-पास एवं जलाशय में भी कूड़े कचड़े की सफाई किया गया। इस अभियान में सेवा दल के सभी भाई-बहन एवं साथ संगत ने मिलकर बढ़-चढ़ कर भाग लिया।यह अभियान सुबह 8 से शुरू होकर 12 बजे तक संपन्न की गई। उक्त कार्यक्रम बरही शाखा के महात्मा राजेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में की गई। इसके उपरांत भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर संत निरंकारी मिशन के संचालक हरेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान सतगुरु के रूप में माता सुदीक्षा जी महाराज के सानिध्य में हमारे सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्मदिन के अवसर पर यह अभियान चलाया गया। आगे कहा कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के कृपा दृष्टि से भारत सहित पूरा विश्व में संत निरंकारी मिशन जोर सोर से आगे का रास्ता तय कर रहा है। सफाई अभियान में निर्मल, जीवलाल, रेखा शिक्षक वरुण साव, नीलू देवी, इंचार्ज विशुनधारी यादव, नरेश सिंह, सुधीर सिंह, ऊषा देवी, सुमित्रा देवी, बबीता देवी, वीणा देवी, बंगाली, झरी यादव, बिरजू केशरी, मुन्ना साव, राजकुमार, गीता देवी, उदय, अनिल, रामधनी एवं समस्त निरंकारी परिवार ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

## रामगढ़ में सीसीएल के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन, न्यू के बीपी कोतरे प्रोजेक्ट का कर रहे है विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** वेस्ट बोकारो थाना क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल बसंतपुर वासरी के समीप सीसीएल द्वारा न्यू के बीपी कोतरे प्रोजेक्ट के होने वाले भूमि पूजन से पहले ही ग्रामीण विरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क पर उतर आये। भारी संख्या में महिलाओं ने विरोध करने पहुंची और भूमि पूजन नहीं होने दिया। हाथ में तख्तियां, काले झंडे लेकर पहुंची महिलाओं ने सीसीएल के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। सीसीएल प्रशासन ने ग्रामीणों को समझाने की पूरी कोशिश की लेकिन ग्रामीण प्रदर्शन खत्म करने को तैयार नहीं हुए। मांडू प्रखंड के प्रशासनिक अधिकारी के साथ साथ रामगढ़ के एसडीपीओ भी मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को बातचीत का प्रयास कर रहे है।सीसीएल के प्रोजेक्ट का विरोध कर रही महिलाओं का आरोप है कि हमारी जमीन सीसीएल ने अधिग्रहित कर ली है। सीसीएल को उसके बदले नौकरी, मुआवजा दे. उन्हें उनका अधिकार दिया जाए, इसके बाद ही यहां भूमि पूजन व खनन का कार्य शुरू करने देंगे। पुलिस प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को समझाने बुझाने की कोशिश की. लेकिन ग्रामीण अपने मांगों पर अड़े रहे।

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने लोगों की समस्याओं को सुना



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आज शनिवार को मंत्री,पेयजल एवं स्वच्छता तथा उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग योगेंद्र प्रसाद ने क्षेत्र की सम्मानित जनता से मुरुबंदा स्थित अपने आवास में मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने क्षेत्र और अपनी विभिन्न समस्याओं के बारे में माननीय जी को अवगत कराया। सभी की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनने के बाद मंत्री जी ने समस्याओं के निराकरण के लिए तत्काल सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक कदम उठाने के लिए दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों पर संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को त्वरित हल निकालने के निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने कहा कि जनता के बीच रहकर उनकी सभी समस्याओं का हल निकालना और क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। सरकार जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि आम जनता को किसी भी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

## पतरातु डैम पर्यटन बिहार में झारखंड राज्य में पर्यटन क्षेत्र विकास को लेकर केंद्रीय पर्यटन व राज्य मंत्री की बैठक



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ जिले के पतरातु डैम पर्यटन बिहार में झारखंड राज्य में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने को लेकर एक आवश्यक बैठक किया गया।जिसमें मुख्य रूप से गजेन्द्र सिंह शेखावत केंद्रीय पर्यटन मंत्री भारत सरकार सहित झारखंड राज्य पर्यटन मंत्री सुदीप कुमार, झारखंड पर्यटन डायरेक्टर अंजली यादव, पर्यटन सचिव उपस्थित हुए। और केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित कर झारखंड में झारखंड राज्य के सभी जिले पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने विकास पर चर्चा की गई। जिसके बाद झारखंड राज्य पर्यटन मंत्री ने केंद्रीय पर्यटन मंत्री का अंग वस्त्र पौधे देकर स्वागत किया गया।

## विधायक रोशनलाल चौधरी ने कई जगह पर सड़क निर्माण का किया शिलान्यास



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बड़कागांव विधानसभा के पतरातू प्रखंड के गेगादा गांव में जटूल उरांव के घर से क्वायरी गेट तक और घघारा मोड़ से डोक टांड़ तक पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास विधायक रोशन लाल चौधरी ने नारियल फोड़कर कर उनके कर कमलों द्वारा किया गया। यह सड़क क्षेत्र के आवागमन के लिए बेहतर सुविधा प्रदान करेगी।जनता की समस्याओं का निराकरण करना मेरी पहली प्राथमिकता है। मौके पर मुखिया किरण यादव,पूर्व उप मुखिया लालू महतो ,वार्ड सदस्य सुनीता देवी, बिरसा उरांव, प्रकाश महतो, जटूल उरांव, सुनील यादव, सुभाष उरांव ,अकूल उरांव, राम प्रसाद उरांव,तेतर उरांव आदि लोग रहे।

# श्रद्धालुओं से भरा वाहन चुटूपालू घाटी में दुर्घटनाग्रस्त, 10 घायल





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटूपालू घाटी में रविवार को एक बार फिर महाकुंभ जा रहा वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया हैद्य दुर्घटना के बारे में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घाटी में अनियंत्रित ट्रेलर डिवाडर को जोरदार टक्कर मारते हुए रेलिंग को तोड़ते हुए डिवाइडर पर चढ़ गयाद्यजिसके कारण रेलिंग सड़क के बीचों बीच बिखर गईद्य इसकी चपेट में श्रद्धालुओं से भरी पिकअप वैन आ गईद्यहादसे में 10 श्रद्धालु घायल हो गए हैंद्यजिनमें से 4 की हालत गंभीर हैद्यघटना के बाद घायल लोगों को रामगढ़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गयाद्यजहां डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल लोगों को रांची रेफर कर दिया है। पिकअप वैन प्रयागराज महाकुंभ जा रही थी। इसी क्रम में हादसा हो गयाद्य घटना के बाद रांची-पटना मुख्य मार्ग एनएच 33 का एक लेन पूरी तरह जाम हो गयाद्य जानकारी के अनुसार ट्रेलर रांची की ओर से रामगढ़ की ओर जा रहा थाद्य इसी क्रम में चुटूपालू घाटी क्षेत्र में अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया और रेलिंग को तोड़ते हुए डिवाइडर के बीचों बीच चढ़ गयाद्यट्रेलर ने इतनी जोरदार टक्कर मारी थी कि रेलिंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर सड़क के बीचों बीच पूरी तरह से फैल गया। जिसकी चपेट में आगे जा रही पिकअप वैन आ गई और सड़क के बीचोंबीच पलट गईद्यहादसे में पिकअप वैन में सवार श्रद्धालु इस दुर्घटना में घायल हो गए। जिसके बाद घाटी क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद रामगढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। पिकअप वैन में सवार श्रद्धालुओं को निकालकर इलाज के लिए सदर अस्पताल भिजवाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद चार लोगों की रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में रामगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिली थीद्यजिसके बाद पेट्रोलिंग पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया थाद्य अनियंत्रित ट्रेलर टक्कर मारते हुए डिवाइडर के बीचों बीच चढ़ गया थाद्य जिसकी चपेट में आकर पिकअप वैन भी पलट गई। हादसे में प्रयागराज महाकुंभ जा रहे 10 श्रद्धालु घायल हो गएद्य घायलों को इलाज के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया थाद्यजिनमें से चार लोगों की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रेफर कर दिया गया है।दुर्घटना के कारण रांची से रामगढ़ मुख्य सड़क का एक लेन पूरी तरह से जाम हो गया। फिलहाल सड़क को वन-वे किया गया है। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को सड़क से हटाने के लिए दो-दो क्रेन लगाए गए हैंद्यजल्द ही दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर दोनों लेन को चालू कर दिया जाएगा।

## जेएलकेएम के वार्ड-04 अध्यक्ष राजेश कुमार और महासचिव बिट्टू कुमार मनोनीत हुए



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** झारखण्ड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा,नगर कमिटी की एक महत्वपूर्ण बैठक वार्ड संख्या-04 दिगवार के काली मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई।बैठक में जेएलकेएम के नगर अध्यक्ष पवन कुमार महतो,ज़िला महासचिव राजेश महतो उपस्थित थे।बैठक का संचालन नगर के कोषाध्यक्ष अनिल कुशवाहा के द्वारा किया गया।बैठक का मुख्य उद्देश्य वार्ड संख्या 04 के महिला और पुरुष कमिटी का गठन करना रहा।नगर अध्यक्ष पवन महतो ने उपस्थित पार्टी के केंद्रीय,ज़िला और प्रखण्ड के प्रमुख पदाधिकारियों से साझा परिचर्चा कर आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पार्टी के उद्देश्यों के लिए काम करने की अपील की साथ ही आगामी प्रस्ताव में रामगढ़ में आगामी नगर निकाय चुनाव में पार्टी की लोकप्रियता को नये आयाम तक ले जाने पर प्रमुखता से निर्णय लिया गया।नगर क्षेत्र के कई अन्य संबंधित चुनौतियों और समस्याओं के लिए काम करने के प्रस्ताव भी तय हुए।बैठक में आपसी सहमति से वार्ड अध्यक्ष (पुरुष) राजेश कुमार, महासचिव बिट्टू कुमार, कोषाध्यक्ष आनन्द कुमार, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, सचिव रवि कुमार और अनिकेत कुमार बनाये गये।संरक्षक जीतन महतो और मीडिया प्रभारी सागर कुमार मनोनीत हुए। कार्यकारिणी समिति राजू कुशवाहा, कुलदीप कुमार,लोकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, चंद्रलाल कुमार, अवधेश कुमार, विकास कुमार बनाये गये। बैठक में केंद्रीय महिला उपाध्यक्ष गुड्डी देवी, ज़िला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ,ज़िला वरीय उपाध्यक्ष तीर्थनाथ महतो, ज़िला वरीय उपाध्यक्ष अनिल महतो, उपाध्यक्ष ओम प्रकाश महतो, युवा मोर्चा के रोहित कुमार, माण्डू प्रखंड अध्यक्ष सतेंद्र कुमार, संजय कुमार,सन्नी कुमार, रवि गिरी, विकास कुमार , गुलाब गिरी,ओम प्रकाश कुशवाहा, रवि यादव सहित दर्जनों सक्रिय कार्यकर्ता और समर्थक प्रमुख तौर पर उपस्थित रहे।नव निर्वाचित वार्ड अध्यक्ष राजेश कुमार ने नगर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं और सरकारी योजनाओं से वार्ड निवासियों को लाभ दिलाने संबंधी तमाम सम्भावनाओं के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि वर्तमान समय में जेएलकेएम सबसे मज़बूत विकल्प बनकर उभरा है और टीमवर्क के साथ नये कीर्तिमान बनाने के दिशा में समर्पित होकर काम करूँगा।ज़िला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने नवनिर्वाचित कमिटी को शुभकामनाएँ देते हुए बैठक की समाप्ति की।

*उरीमारी ओपी में शिवरात्रि व होली पर्व को लेकर शांति समिति कि हुई बैठक*

## होली में शरारती तत्वों व हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस कि पैनी नजर : रामकुमार राम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी क्षेत्र स्थित उरीमारी ओपी प्रांगण में रविवार को शिवरात्रि एवं होली पर्व को लेकर उरीमारी के प्रबुद्धजनो एवं विस्थापितो व ग्रामीणो के साथ उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम कि अध्यक्षता में बैठक कि गई। वहीं इस बैठक में आगामी शिवरात्रि एवं होली पर्व को ध्यान में रखते हुए लोगों के सुरक्षा मापदंडों को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं इस बैठक में विधि-व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु शांति समिति का बैठक किया गया। वहीं दूसरी ओर उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा कि शिवरात्रि एवं होली पर्व लोग सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार कि कोई जानकारी होती है तो बेझिझक आप पुलिस को जानकारी दे। पुलिस शिवरात्रि एवं होली पर्व पर विशेष ध्यान रखेगी। होली में शरारती तत्वों व हुड़दंगियों पर पुलिस कि पैनी नजर रखेगी। वहीं इस मौके पर विस्थापित नेता दशई मांझी,आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव, विस्थापित नेता संजय करमाली,मनाराम मांझी, सीताराम किस्कू,सुरेश मुर्मु,तालो मांझी,शिकारी टुडू, महादेव बेसरा, मुखिया चरका करमाली,कानू मरांडी, विश्वनाथ मांझी, उपमुखिया सतीश कुमार, बिनोद सोरेन,दीपक मरांडी, चंदू जयसवाल, दीपक यादव आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## उरीमारी गौरी शंकर मंदिर का राजू यादव ने शिवरात्रि को लेकर किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के चेकपोस्ट स्थित गौरी शंकर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर रविवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। साथ गौरी शंकर मंदिर में शिवरात्रि पर्व को लेकर चल रहे तैयारीयो का जायजा लिया। वहीं आरसीएमयू इंटक क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि शिवरात्रि को लेकर मंदिर में रंग रोगन,साज सजावट व लाइट कि व्यस्था कि जा रही है। वहीं साथ ही मंदिर परिसर के अगल बगल साफ-सफाई कराया जा रहा है। जिससे शिवरात्रि पुजा के दिन किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। वहीं क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने यह भी कहा कि शिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती कि विधिवत पूजा अर्चना होगी। और साथ ही शाम के वक्त शिव बारात निकाली जाएगी। वहीं इस मौके पर सीताराम किस्कू,कानू मरांडी, लालू महतो,महादेव बेसरा, विश्वनाथ मांझी, चंदू जयसवाल, दीपक यादव, संजय कुमार, रंजित करमाली, राजू पासवान, संतोष शर्मा, भोला रविदास, राजकुमार सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## डीएवी गिद्दी में झालसा के निर्देशन में लीगल लिटरेसी क्लब का वर्चुअल उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** डीएवी पब्लिक स्कूल गिद्दी ए मे झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा के निर्देशन में लीगल लिटरेसी क्लब का अनावरण झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के द्वारा वर्चुअल माध्यम के द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ताओं की मौजूदगी में किया गया।इस अवसर पर श्री अभिनव कुमार वरिष्ठ अधिवक्ता,रामगढ़ सिविल कोर्ट श्री आजाद कुमार(पिएलवी) और श्री रामदेव महतो पिएलवी डीएवी गिद्दी में मौजूद थे।इस क्लब का उद्देश्य बच्चों को कानूनी शिक्षा देना है जिससे वे अपने संवैधानिक अधिकारों के प्रति सजग और जागरूक हो सकें। इस अवसर पर प्राचार्य श्री मनप्रीय चटर्जी ने अपने संबोधन में कानूनी साक्षरता के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि कानूनी साक्षरता न केवल ज्ञान का साधन है, बल्कि यह समाज में न्याय और समानता की स्थापना के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण है।उन्होंने कहा आज के इस ऐतिहासिक दिन पर पूरे झारखंड के लगभग 72 डीएवी स्कूलों में लीगल लिटरेसी क्लब की स्थापना कि गई है।लीगल लिट्रेसी क्लब में नौवीं से लेकर 12 वीं के विद्यार्थियों को शामिल किया जायेगा. स्कूल के अंतिम पीरियड में छात्रों को इसकी जानकारी दी जायेगी। इसमें उन्हें मौलिक अधिकार, कर्तव्य के बारे में बताया जायेगा साथ ही प्राथमिकी दर्ज करने और सामाजिक कुरीतियों के संबंध में जानकारी दी जायेगी।

## देवकी महतो बने कुरमी समाज का हजारीबाग जिला अध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** हजारीबाग जिला मे झारखंड कुरमी महासभा का पुनर्गठन बहेरा पंचायत सचिवालय में किया गया, जिसमें मुख्य चुनाव पदाधिकारी रामलाल महतो और सकलनाथ महतो ने किया, जबकि इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव कारीनाथ महतो ने शामिल होकर सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरे झारखंड में हजारीबाग जिला का कार्य ऐतिहासिक है।हम सबों से आग्रह करता हूं कि इस वर्ष हजारीबाग जिला से सक्रिय सदस्यों की संख्या जल्द से जल्द एक हजार किया जाए।हजारीबाग जिला का पुनर्गठन में बहेरा पंचायत के मुखिया सह कार्यकारी अध्यक्ष देवकी महतो को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया।महासचिव रामटहल महतो, कोषाध्यक्ष खेमलाल महतो को बनाया गया, जबकि महिला मोर्चा का अध्यक्ष रीमा कुमारी और युवा मोर्चा का अध्यक्ष टोकेंचंद महतो को चुना गया है। झारखंड कुरमी महासभा में उपाध्यक्ष भुनेश्वर महतो,लालधन महतो,झरीलाल महतो को बनाया गया है।इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य कौलेश्वर महतो, प्रदेश संयुक्त सचिव देवकी महतो, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.भुनेश्वर महतो, प्रदेश सह सचिव सेवालाल महतो, प्रभु महतो, मनोज कुमार महतो, तुलसी महंतो, रघुनंदन प्रसाद, अरुण कुमार महतो, टेकलाल महतो, बिनोद कुमार, बृजकिशोर महतो एवं काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## अवैध ईंट भट्ठों पर वन विभाग का चला बुलडोजर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडू :** रामगढ़ जिले में अवैध कोयला तस्करी एवं अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए वन विभाग लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में वन विभाग के द्वारा रविवार को रामगढ़ के वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में अवैध ईंट भट्ठे पर लगाम लगाने के लिए वन विभाग के द्वारा वन भूमि क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठे पर बुलडोजर चला कर ध्वस्त किया गया। मांडू प्रखंड के ग्राम पंचडा के वन भूमि क्षेत्र में अवैध रूप से ईंट भटटे चलाए जा रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर वन विभाग के द्वाराकार्रवाई करते हुए अवैध इट भट्ठों को ध्वस्त किया गया। जानकारी के अनुसार बीते 18 फरवरी को रामगढ़ के वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार के नेतृत्व मांडू प्रखंड अंतर्गत करमा महुआ टुंगरी में वनभूमि पर अभियान चलाकर छ ट्रेक्टर अवैध कोयला को जप्त किया गया था। वही मांडू प्रखंड के घाटो थाना क्षेत्र, कुजू थाना क्षेत्र, मांडू थाना क्षेत्र में गैरमजरूवा सरकारी जमीन पर वनभूमि क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठों का कारोबारफल फूल रहा है।जिससे सरकार के राजस्व की क्षति हो रही है। वहीं इन अवैध ईंट भट्ठों में उत्खनन कर अवैध कोयले को इन भट्ठों में खपाया जाता है। इस संबंध में रामगढ़ के वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार की जानकारी देते हुए कहा कि वन भूमि क्षेत्र में अवैध ईंट भट्ठों को ध्वस्त किया गया है तथा किसी भी हाल में क्षेत्र में तस्करी और अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार नहीं चलने दिया जाएगा। वन विभाग के द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी जारी रहेगा।

*संथाल समाज दिशोम मांझी कर्णपुरा परगना कि हेसाबेडा में हुई बैठक*

## मरांग बुरु आक्रोश रैली सफल बनाने व सरहुल पुजा धुमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय : सीताराम किस्कू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के हेसाबेडा स्थित दुर्गा मंडप प्रागन में संथाल समाज दिशोम मांझी कर्णपुरा परगना कि बैठक हुई। वहीं यह बैठक संथाल समाज के केन्द्रीय सह सचिव सह उरीमारी के मांझी हडाम सीताराम किस्कू के नेतृत्व में कि गई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता शनिचर मांझी एवं संचालन कानू मरांडी के द्वारा किया गया। वहीं इस बैठक में विभिन्न समस्याओ पर विचार विमर्श किया गया और साथ ही आगामी सरहुल पुजा और बाहा पर्व को 22 मार्च को धुमधाम से मनाने को लेकर निर्णय लिया गया एवं सहमति जताई गई। वहीं उरीमारी के मांझी हडाम सीताराम किस्कू ने कहा कि विभिन्न बिंदुओं को लेकर बैठक कि गई है जिसमें मरांग बुरु आक्रोश रैली को सफल बनाने, शिक्षा पर जोर देने, बच्चों को नशा से दुर रखने,मण्डय कि चार दिवारी करने,जाहेर थान /सरना स्थल को रंग रोगन करने को लेकर सहमति जताई गई है। वहीं इस मौके पर संथाल समाज कोषाध्यक्ष जतरु बेसरा,सीगू मांझी, हेमलाल, खेमलाल बेसरा,नायके बंशीलाल मांझी,आयो ममता देवी, प्राणिक आयो मनीषा किस्कू,नायके आयो फुलकी देवी, शांति देवी,पंसस गीता देवी,फुलमुनी देवी,सुरजमुनी देवी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने किया पूजा अर्चना



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री 108 रूद्र महायज्ञ मुनिडीह रोड धोबनी धंडावर के प्रांगण में धनबाद कांग्रेस के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने यज्ञ मंडप में जाकर पूजा अर्चना की। यज्ञ कमेटी की ओर से बुके देकर उन्हें सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने यज्ञ कमेटी को धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी ओर से आभार प्रकट किया। उक्त अवसर पर धनबाद कांग्रेस महासचिव ब्रजेंद्र पासवान, जिला सचिव प्रीतम रवानी, निवारण महतो, सुभाष सिंह छोटू, धनबाद नगर कांग्रेस अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने हर हर महादेव के नारे लगाए।

## गायत्री परिवार ने किया निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन




**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गायत्री परिवार की ओर से स्व शंभूदयाल शर्मा और स्व शांति देवी की स्मृति में मुन्नीबाई धर्मशाला में निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रवीण शर्मा ओर उनके परिजनों ने दादा दादी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया। निश्शुल्क नेत्र जांच शिविर लायंस क्लब रघुनाथपुर खिरकिया मेमोरियल आई अस्पताल के सहयोग से किया गया। जांच के दौरान आए मरीजों का सुगर, श्वास, ब्लड, हार्ट आदि का चेकअप किया गया। इसके बाद मरीजों को चिकित्सकों ने निश्शुल्क दवाओं का भी वितरण किया। स्वास्थ्य शिविर में कुल सौ से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य की जांच व दवाओं का वितरण किया गया। प्रवीण शर्मा ने बताया कि शिविर विशेष रूप से उन लोगों के लिए आयोजित किया गया था, जिन्हें अपनी आंखों की समस्याओं के बारे में जानकारी नहीं थी या वे इलाज कराने में सक्षम नहीं थे। आंख की मुफ्त जांच के लिए जो भी महिला या पुरुष इच्छुक हो, संस्था से संपर्क कर सकते है। जांच में मोतियाबिंद पाए जाने पर निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा।

## विरुद्धों के सामंजस के कवि है निराला

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आधुनिक हिंदी कविता में निराला का कवि






अपने समय में जितना अधिक विवादास्पद रहा, कालांतर में उतना ही अधिक निर्विवाद और सर्वग्राहय सिद्ध हुआ। कोई भी रचनाकार जब रूढ़ि-जर्जर परंपराओं को छोड़कर नवीन शैली के सिद्धांत गढ़ता है तो सामान्यतः पुरानी पीढ़ी उसका स्वागत नहीं करती, निराला भी इससे अछूते नहीं थे।सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का जन्म बंगाल के महिषादल राज्य में हुआ। अपने जीवन के बारे में तो उन्होंने स्वयं लिखा है ÷दुख ही जीवन की कथा रही। सन् 1921 में वे महिषादल से अपने गाँव गढ़ाकोला आ गये। पिता का असामायिक देहावसान हो गया। वे केवल बाईस वर्ष के थे कि पत्नी की इहलौकिक लीला समाप्त हो गयी। परिवार का बोझ उठाने के लिए उन्हें पुनः महिषादल जाना पड़ा। सन् 1922 में वे समन्वय के संपादक मंडल में सम्मिलित हो गये और रामकृष्ण मिशन के साधुओं के साथ रहने लगे। यहीं पर उन्होंने अद्वैत दर्शन का गहन अध्ययन किया। सन् 1923 में जब सेठ महादेव प्रसाद के संपादकत्त्व में प्रकाशन प्रारंभ हुआ तो वे उसके संपादन कार्य में लग गये। मतवाला का मोटो अमिय तरल शशि सीकर रविकर राग-विराग भरा प्याला। पीते हैं जो साधक उनका प्यारा है मतवाला, निराला का बनाया हुआ था जो स्वयं थे। निराला का नाम मतवाला का तुक है। वस्तुतः मतवाला से ही उनके कवि का नया जन्म होता है।सन् 1927 से 1930 तक वे बराबर अस्वस्थ रहे। बाद में लखनऊ जाकर गंगा पुस्तक माला का संपादन करने और सुधा में टिप्पणियाँ लिखने लगे। लगता है कि उस समय के लेखकों ने निराला का विरोध करने की कमर कस रखी थी। धनाभाव की मार अलग थी। अपने क्रांतिकारी विचारों के कारण उन्हें यह विरोध और भी झेलना पड़ा। सहने की भी एक सीमा होती है। वे विक्षिप्त हो गए पर उनके भीतर की रचनाशीलता की लौ बराबर जलती रही। उनकी परवर्ती रचनाओं पर उनका प्रभाव देखा जा सकता है। उनकी समस्त रचनाओं में युगबोध, जातीय जीवन का तेवर और वैयक्तिक यातना का अद्भुत मिश्रण देखने को मिलता है।निराला का जीवनबोध भारतीय परंपरा और सनातनी चेतना से ओत-प्रोत रहा है, क्योंकि उनकी वैचारिकी की आधारभूमि ही अद्वैतवाद पर केंद्रित है। राम की शक्ति पूजा और तुलसीदास जैसे कालजयी रचनाएँ इसका प्रमाण है। नीलकमल के स्थान पर कमल-नेत्र देवी को प्रसन्न करने के लिए अर्पित करना और देवी का वरदान रूप में कहना -होगी जय होगी जय है पुरुषोत्तम नवीन यह कह हो गई महाशक्ति राम के वदन लीन ।

## शहजादी खातून की अध्यक्षता में झामुमो का चला सदस्यता अभियान



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झरिया विधानसभा के वार्ड नंबर 42 में शहजादी खातून की अध्यक्षता में झारखंड मुक्ति मोर्चा का सदस्यता अभियान चलाया गया। वार्ड 42 में झारखंड मुक्ति मोर्चा की महिला कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगो को जोड़ने का कार्य कर रही है। शहजादी खातून ने कहा की घर घर जाकर लोगो को जोड़ने का मुख्य उद्देश्य है की ज्यादा से ज्यादा नए सदस्य को पार्टी में जोड़ा जाए। काफी संख्या में महिलाएं सदस्यता ग्रहण कर रही है। कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत और जनता से मिले अपार समर्थन से सदस्यता अभियान ने शानदार गति पकड़ी है। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम झरिया नगर के पूर्व अध्यक्ष फरीद मलिक के नेतृत्व में किया जा रहा है। पूर्व अध्यक्ष फरीद मलिक ने कहा झरिया विधानसभा क्षेत्र में सदस्यता अभियान जोर-शोर से चल रहा है। इस बार झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्यता ग्रहण में महिलाओ की संख्या अधिक हो रही है। मौके पर झामुमो के शिव कुमार यादव, मो शहाबुद्दीन, शफीक खान, रिजवान अहमद, सफीकुद्दीन अंसारी, कैसर जहां, फातिमा खातून, दीपांकर चटर्जी, समीना बानो, मुस्तरी बानो, रेशमा खातून आदि मौजूद थी।

# डीएवी बनियाहीर में न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**झरिया :** डीएवी बनियाहीर एवं डीएवी संस्था के अन्य विद्यालयों, कुल मिलाकर 72 विद्यालयों में झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में न्यायिक प्रकोष्ठ की स्थापना का अनुमोदन किया गया। साथ ही विभिन्न विद्यालयों में आयोजित इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। कार्यक्रम का वर्चुअल उद्घाटन झारखण्ड राज्य विधिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह उच्च न्यायलय के मुख्य न्यायाधीश माननीय सुजीत नारायण प्रसाद के द्वारा किया गया। लीगल लिट्रेसी क्लब में समय-समय पर न्यायिक अधिकारियों, पैनल अधिवक्ता एवं पैरा लीगल वॉलेंटियर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके अधिकारों के संबंध में विधिक जानकारी दी जाती है। कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ अधिवक्ता माननीय महेंद्र गोप जी ने विद्यार्थियों को न्यायिक साक्षरता के महत्व के बारे में जानकारी दी साथ ही यह भी जानकारी दी कि पोस्को एक्ट के तहत उन्हें शोषण के विरुद्ध आवाज़ उठाने का अधिकार दिया गया है। इसी क्रम में वरिष्ठ न्यायाधीश माननीय सफ़दर अली नैय्यर महोदय ने भी बच्चों को शोषण से सुरक्षा प्रदान करने वाले विधिक प्रावधानों की जानकारी दी। माननीय न्यायाधीश महोदय के साथ धनबाद न्यायाधीकरण के अन्य सदस्यों में दिपेंती कुमारी गुप्ता (पैरा-लीगल वॉलंटियर) ने भी सक्रिय भागीदारी दर्ज़ करायी।वरिष्ठ शिक्षक देबेन्द्र पाणिनि ने शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में न्यायाधिकरण धनबाद की टीम का स्वागत किया।बच्चों को विधिक रूप से जागरूकता प्रदान करने वाले इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं व विद्यालय के लगभग सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपनी सहभागिता दर्ज़ करायी। आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षिका सोमा बनर्जी, देबेन्द्र पाणिनि एवं विनय कुमार सिन्हा आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु विद्यालय प्राचार्य सैयद एजाज़ अहमद ने न्याय प्राधिकरण की टीम, सहभागी बच्चों, व शिक्षक-गण का आभार व्यक्त किया।

## स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का बयान निंदनीय : रिजवान खान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** राज्य हज समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा नेता रिजवान खान ने झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी के उस वक्तव्य का घोर निंदा किया जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ में असभ्य भाषा का प्रयोग किया है। श्री खान ने कहा कि उर्दू भाषा के बारे में मुख्यमंत्री ने जो भी वक्तव्य दिया था वो निंदनीय है। भारत में लोकतंत्र है और मर्यादा में रह कर उसका जवाब देना चाहिए ना कि किसी सभा में कुछ लोगों को खुश करने के लिए अनाप-शनाप बोल देना चाहिए। इसके लिए इरफान अंसारी को माफी मांगनी चाहिए। हमेशा इस तरह के स्टेटमेंट देकर वह जनता के सामने वाहवही लूटने का काम करते हैं। जबकि लोग जानते हैं कि इरफान अंसारी क्या कर सकते हैं और क्या नहीं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के खिलाफ में बोल कर वह अपने आप को बहुत बड़ा नेता समझ रहे हैं जबकि हकीकत में यह सब बिल्कुल नहीं है। यह मर्यादा में भी नहीं है, लोकतंत्र में भी ऐसा नहीं होता। वह भूल जाते हैं क्यों की वो झारखंड के एक मंत्री हैं। कभी प्रधानमंत्री के खिलाफ कभी मुख्यमंत्री के खिलाफ जिस तरह से वक्तव्य देते हैं और अपने आप को बड़ा नेता साबित करने में जुड़ जाते हैं और वह समझते हैं कि उनसे बड़ा कोई नेता नहीं तो यह उनकी भूल है।

## पांडरपाला में निःशुल्क आँख जाँच शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** वार्ड संख्या 18 पांडरपाला में समाजसेवी महजबीन परवीन के सहयोग एवं ए.एस.जी आई हॉस्पिटल के द्वारा निश्शुल्क आँख जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि भूली थाना प्रभारी अभिनव कुमार, वार्ड संख्या 18 के पार्षद प्रत्याशी मोहम्मद सद्दाम हुसैन एवं इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी धनबाद की ब्लड डोनेशन प्रोग्राम की नोडल ऑफिसर बेनजीर परवीन उपस्थित रहीं। अतिथियों को महजबीन परवीन ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। सद्दाम हुसैन ने बताया कि शिविर के माध्यम से सैकड़ो लोगों ने अपनी आँखों का जाँच करा कर लाभ प्राप्त किया। यदि शिविर में किसी भी व्यक्ति का मोतियाबिंद पाया जाता है तो उन सभी का ऑपरेशन मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निश्शुल्क किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मो आमिर, सैयद नौशाद मेंहदी, चाँद सर, मो दानिश आदि की अहम भूमिका रही।

## स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती पर प्रार्थना सभा का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** संकल्प एजुकेशन अंगार पथरा में स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती पर रविवार को एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें संकल्प एजुकेशन के सभी छात्र-छात्राएं अभिभावक गण एवं शिक्षक शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए। सभा को संबोधित करते हुए संकल्प एजुकेशन के निदेशक सहदेव महतो ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती एक समाज सुधारक थे। उन्होंने वेदों की ओर लौटने और पाखंडों से किनारा करने के आव्हान के साथ की गई स्वधर्म स्वभाषा, स्वसंस्कृति की सेवा और स्वराज के संघर्ष की परंपरा को बनाए रखने में मदद की। उन्होंने आडंबर, कर्मकांड व सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए भारत में घूम-घूम कर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने ब्रह्मांड की अद्भुत गुरु दक्षिणा भी अपने गुरुजी को दी वह था जीवन भर शिक्षा का अलख जगाने का संकल्प। हमें उनके द्वारा बताए गए मार्गो पर चलने का प्रयास करना चाहिए।

## जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने लीगल लिटरेसी क्लब का किया वर्चुअल उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झरिया :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा के दयानंद ब्लॉक में लीगल लिटरेसी क्लब का उद्घाटन समारोह विद्यालय के प्रधानाचार्य के निरीक्षण में करवाया गया जिसके मुख्य अतिथि न्यायिक दंडाधिकारी सह मेघा प्रियंका लकड़ा दीप प्रज्ज्वलित कर और फीता काट कर विद्यालय में लीगल सेल का उद्घाटन किया। उनके साथ कन्हैया लाल ठाकुर (अधिवक्ता) ने डॉ. बी आर अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया। विद्यालय के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा, प्रथम न्याय दंडाधिकारी सह सिविल जज मेघा प्रियंका लकड़ा, कन्हैया लाल ठाकुर, रोहित रजक और धर्मराज ने गायत्री मंत्र का उच्चारण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य ने सभी अतिथि गणों को शाल देकर और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उसके बाद स्वागत संभाषण सुश्री संगीता मुखर्जी ने किया। उसके बाद संगीत विभाग से श्रुति पाठक एवं अभिषेक पाठक ने स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। कन्हैया लाल ठाकुर ने लीगल सेल क्यों जरूरी है इसके बारे में बच्चों को बताया। उसके बाद मेघा प्रियंका मैडम ने अपने भाषण में लीगल सेल की महत्वता के बारे में बच्चों को समझाया और आने वाले भविष्य में विषय चुनाव पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने शब्दों में विद्यालय की रिपोर्ट और लीगल सेल के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के छात्र तन्मय पांडे ने कविता सुनाया। प्रियांशु ने लीगल सेल पर अपना विचार प्रस्तुत किया। धन्यवाद ज्ञापन बिनोद कुमार तिवारी तथा मंच संचालन संगीता मुखर्जी ने किया। अंत में लीगल लिटरेसी क्लब का वर्चुअल उद्घाटन आदरणीय जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने किया और साथ ही साथ विद्यालय में फीता काट प्रियंका लकड़ा और विद्यालय के प्राचार्य ने उद्घाटन किया।

## सीटू ने विस्थापन और प्रदूषण के मुद्दे पर जन कंवेंशन आयोजित कर आंदोलन का किया एलान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**झरिया :** जिला स्तरीय विस्थापन और पर्यावरण पर कंवेंशन को संबोधित करते हुए सीटू राज्य उपाध्यक्ष साथी प्रकाश विप्लव ने कहा कि विस्थापन और प्रदूषण धनबाद सहित झारखंड की एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। जिसके चलते एक ओर स्थानीय आबादी का पलायन हो रहा है दूसरी ओर भारी प्रदूषण के चलते यहां के लोगों को पर्यावरण संकट , जल संकट, श्वांस संबंधी बीमारी सहित कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या का हल निकालने के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छा शक्ति के साथ निर्णायक संघर्ष का रास्ता अपनाना होगा तभी इस संकट से निजात मिल सकता है। यह बात आज लोदना एरिया जियेलगोरा गेस्ट हाउस में विस्थापन और पर्यावरण पर कन्वेंशन को सम्बोधित करते हुए कहा, उन्होंने आगे कहा कि झारखंड में विस्थापन और पर्यावरण के मुद्दे पर दो तरह से सोचने वाले लोग हैं। एक वे लोग हैं जो अपने पूराने अनुभव से इस नतीजे पर पहुंचें हैं कि जब तक किसी भी प्रकार का खनन होगा विस्थापन और पर्यावरण की समस्या बनी रहेगी। कुछ स्वयंसेवी संस्थायें भी इसी रुख का समर्थन करती है। आज जरूरत इस बात की है कि खनन का काम शुरू होने से पहले ही विस्थापितों के अधिकार, मुआवजा, नौकरी और पुनर्वास का पैकेज अग्रिम तैयार हो और उसके लागू होने के बाद ही खनन का काम शुरू किए जाने की इजाजत दी जाए। कंवेंशन को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य कमिटी सदस्य और बोकारो इस्पात मजदूर मोर्चा के पदाधिकारी राजकुमार गोराई ने कहा कि राज्य में कई जगह सैकड़ों की संख्या में विस्थापितों के संगठन बने हुए हैं आज जरूरत इस बात की है कि उन सभी संगठनों से समन्वय कर एक राज्य स्तरीय संघर्ष समिति बनाया जाए जिसमें किसानों के संगठनों महिलाओं और युवाओं के भी संगठनों को शामिल कर एक चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत की जाए। महामंत्री साथी राम कृष्णा पासवान ने लिखित प्रस्ताव रखे, जिस पर सभी अध्यक्ष मंडली ने समर्थन किया। कन्वेंशन को सफल करने में शंकर पासवान, कुंदन, प्रजा पासवान धर्मेंद्र राय, मधुसूदन बनर्जी तथा कई अन्य की सराहनीय भूमिका रही।

# जनप्रतिनिधि तो बदले लेकिन बेलगड़िया टाउनशिप की हालात नहीं बदली, जान जोखिम में डाल जीने को विवश लोग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झरिया, सिंदरी और बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक बदल गए है. लेकिन नहीं बदली है तो बेलगड़िया टाउनशिप की हालत. इस टाउनशिप में झरिया और कतरास के अग्नि प्रभावित विस्थापितों को बसाया गया है. यहां बसने वाले अधिकांश लोग गैर रैयत परिवार है. सहानापहाड़ी, दोबारी, कुकुरतोपा, नॉर्थ तिसरा सहित अन्य अग्नि प्रभावित इलाकों से विस्थापित होकर लोग इस टाउनशिप में बसे है. एक अनुमान के अनुसार दस हज़ार से अधिक परिवार इस टाउनशिप में रह रहे है. उनकी पीड़ा है कि बसाने के बाद कोई उनकी सुध नहीं लेता और शायद यही वजह है कि जान जोखिम में डाल कर लोग कोलियरियों के अगल-बगल अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रह रहे है. लेकिन इलाका छोड़ना नहीं चाहते।बेलगड़िया की तस्वीर उनकी आंखों के सामने होती है. टाउनशिप में रहने वाले लोग ऐसा नहीं है कि अपनी समस्याओं से अधिकारियों के अलावे जनप्रतिनिधियों को अवगत नहीं कराया है. सब कोई, सब कुछ जानता है. लेकिन करता कुछ नहीं है. बात इतनी ही नहीं है, 2010 से पहले बने आवासों की हालत भी ठीक नहीं है. अब तो उन आवासों को ढ़हने का भी खतरा बढ़ गया है. टाउनशिप की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है. नालियों की स्थिति भी खराब है. स्वास्थ्य की कोई व्यवस्था नहीं है. जिस समय लोगों को यहां बसाया जा रहा था, उस वक्त एक एंबुलेंस की व्यवस्था दी गई लेकिन वह एंबुलेंस अब इतिहास बन गई है. शुरुआती दिनों में बीसीसीएल की ओर से दो बसें दी गई थी, लेकिन अब वह नहीं चलती है. कॉलोनी में लगी स्ट्रीट लाइट रिपेयरिंग के लिए खोली गई थी, लेकिन दोबारा नहीं लगी. यहां के लोगों के लिए रोजगार बहुत बड़ी समस्या है।

**जहरीली गैस के बीच रहते है लोग**

झरिया कोयलांचल में कोलियरी इलाकों में जहरीली गैस के बीच लोगों को रहना मंजूर है, लेकिन वह विस्थापित नहीं होना चाहते. इसके मूल में एक यह बड़ी बात कहीं जा रही है. अभी हाल ही में केंद्रीय कोयला मंत्री और राज्य मंत्री धनबाद आए थे. उन लोगों ने सब कुछ की समीक्षा की. कोयला मंत्रालय के अधिकारी भी धनबाद आए थे. उन लोगो ने विस्थापित होने वाले लोग से बातचीत भी की थी. उन्हें सुझाव भी दिया था, जान के खतरे का डर भी दिखाया था. फिर भी लोग इलाका छोड़न नहीं चाहते है. सबसे बड़ी बात है कि टाउनशिप में जो नागरिक सुविधाएं हैं, वह इतनी स्तरहीन है, वहां रहना मुश्किल है. रोजी-रोजगार के न साधन है न परिवहन की कोई व्यवस्था, ऐसे में लोग रोजगार के लिए तरस जाते है।

**कोयलांचल में जमीन के नीचे आग धधक रही**

यह बात भी सच है कि कोयलांचल में जमीन के नीचे आग धधक रही है. यह कई इलाकों को अपनी चपेट में ले लिया है. भू धंसान की घटनाएं हो रही है. लोगों की जान तक जा रही है. जब भी कोई बड़ा अधिकारी या कोयला मंत्रालय की टीम पहुंचती है, तो विस्थापन की बात होती है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती है. यह इलाका सिंदरी विधानसभा क्षेत्र में पड़ता है लेकिन झरिया विधानसभा और बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के लोग विस्थापित होकर यहां आए है. तो ऐसे में सिंदरी, झरिया और बाघमारा के विधायकों की भी यह जिम्मेवारी बनती है कि उन लोगों को उचित सुविधा दिलाये और जान जोखिम में डाल कर रहने वाले लोगों को दूसरी जगह बसाने के लिए दबाव बनाये. अगर ऐसा नहीं हुआ तो कोयलांचल में किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है और उसके बाद माथा पीटने के अलावा किसी के पास कोई विकल्प नहीं बचेगा।



# कव्वाली प्रोग्राम स्थल का डीएसपी व थाना प्रभारी ने निरीक्षण कर लिया जायजा, कहा

## प्रोग्राम को सफल बनाने में सभी वर्ग निभाएं अपनी-अपनी सहभागिता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**किस्को-लोहरदगा :** आगामी 25 फरवरी को शहीद शेख भिखारी की शान में तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह द्वारा आयोजित कव्वाली प्रोग्राम की तैयारियों का निरीक्षण कर मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की और किस्को थाना प्रभारी सुमन मिंज के द्वारा जायजा लिया गया। इस दौरान डीएसपी समीर कुमार तिर्की ने प्रोग्राम स्थल की तमाम पहलुओं के बारे में बारीकी से निरीक्षण कर मुआयना किया और बेहतर तैयारियों को लेकर तहरीक-ए-अमन सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल और तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्तागण को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आगामी कव्वाली प्रोग्राम में सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखी जाएगी। डीएसपी समीर कुमार तिर्की ने कहा कि प्रोग्राम के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी पैदा करने वाले असामाजिक तत्व के लोगों के विरुद्ध चिन्हित कर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। डीएसपी ने कहा कि प्रोग्राम को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने हेतु लोहरदगा पुलिस प्रशासन पूरी तरह से कमर कस ली है, कोई भी व्यक्ति प्रोग्राम को लेकर विवादित बयान बाजी और दिग्भ्रमित करने की कोशिश करने से परहेज करें। उन्होंने कहा कि प्रोग्राम को आपसी भाईचारा और अनेकता में एकता कायम कर सफल बनाने में सभी वर्ग के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित हो,ताकि कव्वाली प्रोग्राम को सफल बनाने में मदद मिल सके। इधर इससे पूर्व शहीद शेख भिखारी की शान में मदरसा गुलशन ए इस्लामिया नवाडीह और मदरसा फैजान ए गरीब नवाज नूरी में कुरआन ख्वानी का प्रोग्राम आयोजित किया गया, जिसमें पूरे नारी नवाडीह के लोग बड़ी संख्या में शामिल होकर दुआएं की। यहां पर बता दें कि मुकाबला कव्वाली प्रोग्राम को ऐतिहासिक और भव्य तरीके से आयोजित कराए जाने हेतु प्रोग्राम के उद्घाटन कर्ता पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू और अंजुमन ए इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला सह कव्वाली प्रोग्राम के संयोजक हाजी अब्दुल जब्बार के सकारात्मक सहयोग से कार्यक्रम एक नया कीर्तिमान स्थापित करने की ओर आ पहुंचा है। इधर कव्वाली प्रोग्राम को सफल बनाने में मुख्य संरक्षक लोहरदगा के विधायक डॉ रामेश्वर उरांव का भी काफी सराहनीय पहल है। विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के मार्गदर्शन पर प्रोग्राम को सफल बनाने हेतु सभी कार्यकर्ता पूरी तरह से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि शहीद शेख भिखारी की याद में तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह के जेरे निगरानी में शानदार महामुकाबला कव्वाली सह मेला प्रोग्राम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मौके पर सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल, कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी, रेयाज अंसारी, कमरूल इस्लाम, शाहनवाज अंसारी समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# सिर्फ योजनाएं लाने वाला नहीं, धरातल में उतारने वाले सरकार है महागठबंधन सरकार : विधायक भूषण बाड़ा

## विधायक भूषण बाड़ा ने किया योजनाओं का शिलान्यास



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि हम विकास योजनाओं को धरातल में उतारने पर भरोसा करते हैं। योजनाएं तो सभी सरकारें निकालती है। लेकिन उस योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने, अंतिम पायदान में खड़े लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने का काम हमारी महागठबंधन की सरकार कर रही है। विधायक शनिवार को सदर प्रखंड के सीटूटोली से चर्च तक बनने वाले 17 सौ फीट पीसीसी पथ व शंख नदी छठ घाट के पास शौचालय बेंच, डीप बरोरिंग, जल मीनार एवं रिवॉल्विंग गेट निर्माण कार्य का शिलान्याय कार्यक्रम में कही। शनिवार को विधायक ने गरजा पंचायत के कटुकोना के कमान पतरा से तीर्रा सीटूटोली से गिरजा घर तक 1700 फीट पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलापट्ट का अनावरण किया। वहीं शंख नदी छठ घाट के पास शौचालय बेंच, डीप बरोरिंग, जल मीनार एवं रिवॉल्विंग गेट निर्माण कार्य का भी विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि गांवों तक विकास योजनाएं उतारने के साथ साथ सभी समुदाय के धार्मिक स्थलों को भी विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में तीर्रा सीटूटोली से गिरजा घर तक 1700 फीट पीसीसी का शिलान्यास किया जा रहा है। यहां सड़क ठीक नहीं रहने के कारण मसीही धर्मावलंबियों को चर्च आने में परेशानी होती थी। इसे ध्यान में रखते हुए पीसीसी पथ निर्माण कराया जा रहा है। आने वाले दिनों में और भी कई योजनाएं पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इसी तरह शंख छठ घाट को भी लगातार व्यवस्थित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छठ व्रतियों को किसी भी चीज को लेकर कोई परेशानी न हो, इसको ध्यान में रखते हुए शंख छठ घाट में लगातार कई योजनाएं उतारकर घाट को सुदृढ और सुव्यस्थित किया जा रहा है। मौके पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सिलबेस्टर बघवार, विधायक प्रतिनिधि शीतल एक्का, संजय तिर्की, प्रदीप कुजूर आदि ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

# सेवा ही परमो धर्म है इससे बड़ा कोई धर्म नहीं : दीपक सर्राफ




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 141वॉं सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, सहसचिव संजय चौधरी व अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 60 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया,एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की सेवा ही परमो धर्म है इससे बड़ा कोई धर्म नहीं हैं, अपने शरीर को दुरुस्त रखने के लिए अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने की आवश्यकता है,इसके लिए नियमानुसार दिनचर्या में नियमित रूप से अपने हर एक कार्य करें और समय-समय पर स्वास्थ्य चेकअप कराते रहे, जिससे की उक्त बीमारी का इलाज किया जा सके, डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में बदलते मौसम पर सर्दी, खांसी, बुखार, गला दर्द आदि कई बीमारियां के लक्षण हो रहे हैं इसके लिए गर्म पानी का सेवन करें और तेल- मसाले एवं बाहर के खाने से बचें, नहीं तो आगे जाकर ये कष्ट दायक हो सकता है,सहसचिव संजय चौधरी, अनामिका भारती व राजीव यादव ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर उक्त बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं।

# कुडू थाना प्रांगण में आगामी महा शिवरात्रि पूजा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** कुडू थाना प्रांगण में आगामी महा शिवरात्रि पूजा 2025 को लेकर थाना क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति, जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध व्यक्तियों एवं शांति समिति के सदस्यों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी कुडु श्रीमती मधुश्री मिश्रा के अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गयाद्य इस मौके पर कुडू अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू मधुश्री मिश्रा ने कहे कि आपलोग महाशिवरात्रि का त्योहार को शांति, सदभाव एवं भक्ति भाव से मनाए। इस मौके पर कुडू थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि महाशिवरात्रि का त्योहार को मिलजुलकर शांति, सदभाव से मनाए, अश्लील गाना नही बजाए। जिसमें महाशिवरात्रि त्यौहार को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही पुलिस प्रशासन को भरपूर सहयोग करने का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी मधुश्री मिश्रा, थाना प्रभारी कुडू मनोज कुमार, एस आई हेमंत कुमार, दिनेश कुमार ए एस आई लवकुश सिंह, प्रेम प्रकाश, सदभावना युवा मंच के सलीम अमीर, ओम प्रकाश साहू, रोजामत अंसारी, संजय कुमार, अमित कुमार राज, अनिल कुमार साहू, संजय उरांव, सूरज उरांव, रामप्रसाद उरांव, विजय शंकर, मृत्युंजय गिरी, कौशल किशोर, मुनतजीर, कामरान, नंदलाल तिवारी, अभिषेक तिवारी, संजय चंद्र मुखर्जी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# हरिद्वार से ज्योति कलश रथ यात्रा पहूंचा कैरो मुख्यालय, पुजा अर्चना कर श्रद्धालुओं ने सुना संतो से अमृत वाणी




**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 22 फरवरी शनिवार को देर शाम गायत्री परिवार के तत्वावधान में कैरो मुख्यालय पर हरिद्वार से पहूँचा ज्योति कलश रथ। रथ कैरो मुख्यालय दुर्गा वाड़ी भवन परिसर पर पहुंचते ही बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने रथ पर विराजमान देवी देवताओं की श्रद्धापुर्वक भक्तिभाव से किया पुजा-अर्चना। पुजा अर्चना के पश्चात श्रद्धालुओं ने हरिद्वार से आये संतो के साथ गीत-संगीत, सामुहिक रुप से गायत्री-मंत्र का उच्चारण एवं संतो का सुना अमृत वाणी। इस अवसर पर हरिद्वार से आये संत इंद्रदेव पंडित ने श्रोताओं से अमृत वाणी कहते हुए कहा कि मानवता के बने पुजारी,यही है योजना हमारी। हरिद्वार में सन्न 1926 को ज्योति कलश जगाई गई थी 2026 में यह ज्योति कलश शताब्दी वर्ष के रुप में मनाया जायेगा। इस ज्योति कलश रथ यात्रा का उद्देश्य स्वस्थ्य शरीर, स्वच्छ मन और सभ्य समाज के निर्माण, मनुष्य देवता बने, धरती स्वर्ग बने, मानव मानव को पहचाने, गृहयुद्ध मिटे, इसी उद्देश्य से ही पुरे भारत में 100 रथ भ्रमण कर रहें हैं और आज आपके ग्राम में पहूँचा है। इस अवसर पर हरिद्वार से राजकुमार जी, महेंद्र, ईश्वर स्थानीय डा0 भोला प्रसाद, धनेश्वर साहु, गंगा प्रसाद, सुरज मोहन साहू, विवेक प्रजापति, सुखधारी साहू, सुजीत प्रसाद, इत्यादि अनेको श्रद्धालु उपस्थित थे।

# कैरो प्रखण्ड कार्यालय प्रांगण में 25 फरवरी को होगा वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भूमि संसाधन विभाग,भारत सरकार द्वारा ग्रामीणों के बीच जागरूकता फैलाने एवं प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से पूरे भारतवर्ष में वाटरशेड यात्रा का कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसके तहत झारखण्ड राज्य के 24 जिलों में दो वाटरशेड यात्रा वैन भ्रमणशील है। दिनांक 23.02.2025 से 25.02.2025 तक छः स्थानों पर (प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना डब्ल्यूडीसी 2.0 संचालित परियोजना क्षेत्रों में)जलछाजन परियोजना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु वाटरशेड यात्रा वैन का भ्रमण होगा। उक्त के आलोक में दिनांक 25.02.2025 (मंगलवार) को पूर्वाह्न 11:00 बजे से कैरो प्रखण्ड के कार्यालय प्रांगण में वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 9ः00 पूर्वाह्न से 12:30 अपराह्न तक /2:00 अपराह्न से 5:30 अपराह्न तक अनुभव साझा किए जाएंगे। इसके बाद भूमि और जल संरक्षण शपथ आयोजन, DoLR द्वारा प्रदान की गई वाटरशेड के अवलोकन से संबंधित चलचित्र का संचालन, कार्यक्रम में दर्शकों की रूचि बनाये रखने हेतु प्रश्नोत्तरी का आयोजन और विजेताओं को प्रमाण-पत्र वितरण,वाटरशेड महोत्सव (नुक्कड़ नाटक के माध्यम से क्षेत्रीय भाषा में ग्रामीणों को जल सरंक्षण का संदेश), डिजिटल मोड के माध्यम से जलछाजन अंतर्गत पूर्ण कार्यों का लोकार्पण, मुख्य अतिथि और जन प्रतिनिधियों द्वारा सभा का संबोधन, वाटरशेड मार्गदर्शकों का अभिनंदन एवं सम्मान, वाटरशेड मार्गदर्शकों द्वारा जलछाजन से संबंधित अनुभव साझा, मुख्य अतिथि,जन प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा कार्यक्रम स्थल के निकट उपयुक्त स्थान पर नये कार्यों का भूमि पूजन, कार्यक्रम स्थल के निकट उपयुक्त स्थान पर ग्रामीणों, सामुदायिक स्वयं सेवकों, पदाधिकारियों,जल प्रतिनिधियों, एवं My Bharat पोर्टल के माध्यम से जुड़े हुए स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान,क र्यक्रम स्थल के निकट उपयुक्त स्थान पर पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा, पीएम नरेंद्र मोदी का मन की बात के 119 वां एपिसोड को देखा गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जिले में रविवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपने मन की बात रेडियो कार्यक्रम के 119 वां प्रसारण भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार की में गई। इस दौरान बूथ संख्या-262 और 290 की अध्यक्ष डोली कुमारी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित कई अन्य लोगों ने कार्यक्रम को सुना।जिसके साथ ही नगर भर के कुल 17 बूथों पर इस कार्यक्रम को सुना गया इस दौरान पीएम मोदी की प्रेरणादायक बातो को सुनकर लोग अपने अंदर एक नए ऊर्जा का संचार होता दिखाई दिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सचिन कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुनने से लोगों के अंदर छिपे प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। उन्होंने बताया कि इस एपीसोड में प्रधानमंत्री ने महाकुंभ से लेकर अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों से श्रोताओं को अवगत कराया और देश में हो रहे पर्यावरण और सामाजिक परिवर्तन के कार्यो की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि इस तरह के एपिसोड लोगों के लिए प्रेरणा दायक होता है और जिसमें कुछ कर गुजरने की जज्बा उत्पन्न होती है।वह नयी सोच के साथ समाज के बेहतरीन के लिए चाहे वह पर्यावरण का क्षेत्र हो या स्वच्छता का सभी देश सेवा में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि मन की बात एक ऐसा कार्यक्रम बन चुका है जिसके माध्यम से देश में छुपे हुए प्रतीभा को बाहर निकलने का एक जरिया बन चुका है।इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यक्रम से लोग काफी लाभान्वित होते हैं।

# शिक्षा के साथ साथ मानवता का पाठ पढ़ाता है डीएवी : जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** लोहरदगा के एमबी डीएवी पब्लिक स्कूल में वर्जुअल रूप से लिगल लिट्रेसी क्लब का उद्घाटन किया गया। झारखंड के सभी 72 डीएवी स्कूलों में एक साथ लिगल लिट्रेसी क्लब का उद्घाटन जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद के द्वारा न्याय सदन झालसा, रांची द्वारा किया गया। इस मौके पर जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि समाज का निर्माण कैसे होना चाहिए यह हमें तय करना होगा। हमारा उद्देश्य समाज को कानूनी रूप से जागरूक करना भी है और इसके लिए डालसा और झालसा के द्वारा लगातार लोगों को जागरूक करने का कदम उठाया जा रहा है। इन्होंने कहा कि हमें कानून की आवश्यकता क्यों है ये समझने की आवश्यकता है। स्कूलों में विभिन्न विषयों की पढ़ाई तो होती है लेकिन लिगल जानकारी नहीं दी जाती है। इसके लिए लिगल लिट्रेसी क्लब को एक बेहतर माध्यम बनाया गया है। 660 से ज्यादा लीगल लिटरेसी क्लब जिसका लाभ स्कूल के विद्यार्थियों को मिल रहा है। चाइल्ड मैरिज,ह्यूमन ट्रैफिकिंग, नशा से नुकसान सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी जा रही है। अंधविश्वास को दूर करने का काम भी लिगल लिट्रेसी क्लब के माध्यम से काम किया जा रहा है।

# शेख भिखारी की याद में तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह ने कराई कुरआन ख्वानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अमर स्वतंत्रता सेनानी देश के महान क्रांतिकारी शहीद शेख भिखारी की शान में आयोजित कव्वाली प्रोग्राम की शुरूआत से पूर्व तहरीक-ए-अमन सोसायटी नारी नवाडीह की ओर से मदरसा गुलशन ए इस्लामिया नवाडीह व फैजान ए गरीब नवाज नूरी में कुरआन ख्वानी का प्रोग्राम किया गया। जिसमें मिलाद शरीफ का आयोजन किया गया। इस बीच प्रोग्राम से पहले कुरआन ख्वानी और मिलादे पाक की तिलावत कर क्षेत्र में अमन-चैन की दुआएं मांगी गई। साथ ही कुरआन ख्वानी और मिलादे पाक के पश्चात फातिहा पढ़ी गई। यहां पर कुरआन ख्वानी व मिलादे पाक और फातिहा प्रोग्राम में मुख्य रूप से हाफिज आलम रजा हसमती, मौलाना वाहिद, हाफिज हबीबुल्लाह हसमती सोसायटी के अध्यक्ष एकरामुल अंसारी महासचिव रौनक इकबाल कोषाध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, अंजुर अंसारी, रेयाज अंसारी, अब्दुल हन्नान अंसारी, साकिर अंसारी, हातिम अंसारी, जियाउल अंसारी, ताजुद्दीन अंसारी, नसीम अंसारी, अकबर अंसारी, कैश आलम समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बाबा संत गाडगे महाराज व्यक्ति नही विचारधारा के प्रतिमुर्ती थें, उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत : अमित कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुडू-लोहरदगा :** अखिल भारतीय धोबी महासंध कुडू ईकाई के द्वारा रविवार को स्वच्छता के प्रतीक धोबी समाज के अगुवा सह गुरूदेव रहे बाबा संत गाडगे जी महाराज की 145 वीं जयंती मनाई गई। रामनगर धोबी टोला कुडू मे आयोजित जयंती समारोह में पहुंचे धोबी महासंध के प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार ने कहा कि बाबा साहब हमारे लिए आदर्श थें। उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। बाबा संत गाडगे महाराज एक व्यक्ति नहीं विचारधारा का नाम था बाबा साहब संत गाडगे महाराज ने कहा था कि समाज का उत्थान बगैर जागरूकता के नही हो सकता है। बाबा ने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो तथा अपने हक तथा अधिकारो के लिए आगे बढ़ो। बाबा के बताए रास्ते पर चलते हुए अपने हक तथा अधिकार के लिए आगे बढ़ने की आवश्यकता है। धोबी समाज को उसका अधिकार तभी मिल सकता है जब समाज के लोग एक सुत्र में बंधते हुए आगे बढ़ेंगे। बाबा संत गाडगे ने स्वच्छता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिया। बाबा साहब ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए काफी लम्बा संधर्ष किए थे। समाज का विकास बगैर शिक्षा के नही हो सकता है। समाज आज भी काफी पिछड़ा हुआ है। समाज को संगठित करने के लिए सभी को सामुहिक प्रयास करने की जरूरत है। इससे पहले बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए तथा दीप प्रज्वलित करते हुए नमन किया गया। बाबा संत गाडगे महाराज के चित्र के समक्ष केक काटते हुए जन्मदिन मनाया गया। मौके पर बच्चों के बीच टाफी तथा मिठाई का वितरण किया गया। इसके अलावा प्रखंड के ककरगढ़, सलगी, सुंदरू, पंडरा, ओपा समेत अन्य गांवों मे धोबी महासंघ के द्वारा संत गाडगे महाराज की जयंती मनाई गई। मौके पर धोबी महासंध के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार रजक, प्रखंड अध्यक्ष जयधन बैठा, आरजू कुमार बैठा, गोविंद रजक, विष्णु बैठा, राजा बैठा, मोहित राज, आयुष कुमार राज, चंचला देवी, आरूचि कुमारी, अर्चना कुमारी, अंशिका कुमारी, आकाश रजक, अनीष रजक, जगबीर बैठा, सामू बैठा, राज बैठा, रंजन रजक, दिलिप बैठा, राजा कुमार, पचु बैठा, रामजीत बैठा, जितेंद्र रजक, सीताराम रजक, गौतम रजक, आकाश बैठा, रूणा बैठा, सुजित रजक, मनीष बैठा, सतम राज, विष्णु बैठा, शिवकुमार बैठा, अरबिंद कुमार बैठा, आरजू कुमार बैठा, उर्मिला देवी, रमेश बैठा, श्याम बैठा, अनिता देवी, कृष्णा बैठा, अभिषेक कुमार रिंकू, अधनु बैठा, राजू रंजन बैठा, शंकर बैठा,मनीष रजक, बिलखू बैठा,रौशन बैठा, रंजीत बैठा, सुभाष रजक सहित समाज के अन्य लोग शामिल थें।

# महाशिवरात्रि आत्मिक उन्नति और एकाग्रता का प्रतीक : संजय सर्राफ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि महाशिवरात्रि हिन्दू धर्म का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण और विशेष पर्व है, जो भगवान शिव की पूजा और आराधना के रूप में मनाया जाता है। इस बार महाशिवरात्रि 26 फरवरी को मनाई जाएगी। वैदिक पंचांग के अनुसार फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 8 मिनट से शुरू होगी और इसका समापन 27 फरवरी को सुबह 8 बजकर 54 मिनट पर है। महाशिवरात्रि पर्व 26 फरवरी को मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि की पूजा में रात्रि के प्रहर की पूजा का महत्व खास माना जाता है। यह दिन भगवान शिव का आशीर्वाद पाने के लिए सबसे खास माना जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। यह दिन खासतौर पर उन भक्तों के लिए एक अत्यधिक पुण्यकारी अवसर होता है, जो भगवान शिव की उपासना में विश्वास रखते हैं। महाशिवरात्रि का अर्थ है शिव की रात और यह दिन भगवान शिव के साथ सम्पूर्ण ब्रह्मांड के रचनाकार, पालनकर्ता और संहारकर्ता के रूप में उनकी पूजा और आराधना के लिए समर्पित होता है। इसे रात्रि के रूप में मनाने का विशेष कारण है कि शिव भक्त इस दिन उपवास रखते हुए रातभर जागरण करते हैं, जिससे उनकी आस्था और समर्पण की गहराई का प्रतीक बनता है। महाशिवरात्रि का महत्व हिन्दू धर्म में बहुत अधिक है क्योंकि इस दिन भगवान शिव का विवाह पार्वती देवी से हुआ था,जिससे यह दिन शिव और पार्वती के मिलन के रूप में भी मनाया जाता है। विशेष रूप से इस दिन शिवलिंग का अभिषेक करने, व्रत रखने, रात्रि भर जागरण करने और शिव मन्त्रों का उच्चारण करने का महत्व है। नमः शिवाय जैसे पवित्र मंत्रों के जाप से भक्तों को पुण्य और शांति मिलती है। शिव पूजा के कई पारंपरिक रूप हैं, जैसे- भक्तों द्वारा शिवलिंग पर जल चढ़ाना, बेलपत्र अर्पित करना, और दूध, शहद, गंगाजल आदि से अभिषेक करना। इसके अलावा, कुछ लोग इस दिन रात्रि जागरण करते हुए भजन-कीर्तन करते हैं और भक्ति गीतों के माध्यम से भगवान शिव की महिमा का गान करते हैं।महाशिवरात्रि पर विशेष रूप से यह विश्वास किया जाता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा से सभी पापों का नाश होता है और भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही,यह दिन आत्मिक उन्नति और एकाग्रता का प्रतीक भी है। यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था और परंपराओं का अनुसरण करने का एक अवसर है, बल्कि यह समाज में एकता और भक्ति के संदेश को भी फैलाता है। महाशिवरात्रि का यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि हर व्यक्ति को अपने भीतर के शिव को पहचानने और उसकी उपासना करने की आवश्यकता है।इसलिए महाशिवरात्रि का पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आत्मिक उन्नति और जीवन के उच्चतर उद्देश्य की ओर अग्रसर होने का भी एक माध्यम है।

## चलते चलते एक नजर

### आज कई मुहल्ला में विद्युत आपूर्ति रहेगी ठप

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आरडीएसएस योजना के तहत विद्युत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए निम्नलिखित जगहों पर विद्युत संबंधित कार्य किया जाएगा ।विधुत शक्ति उपकेंद्र - हरमू के ओल्ड हरमू फीडर में भगत सिंह चौक के पास एल टी लाइन का काम किया जाएगा ।इसीलिए इस मोहल्ले की बिजली आपूर्ति दिन में 11.30 से 3.00 बजे तक बाधित रहेगी। विधुत शक्ति उपकेंद्र - अशोकनगर के पुंदाग फीडर में गिरजा टोली में एल टी और एच टी लाइन का काम किया जाएगा। इसीलिए 11 केवी पुंदाग फीडर की बिजली आपूर्ति दिन में 11.30 से 3.00 बजे तक बाधित रहेगी। विधुत शक्ति उपकेंद्र - पुंदाग के दीपाटोली फीडर में शालीमारबाग के पास एल टी और एच टी लाइन का काम किया जाएगा। इसीलिए 11 केवी दीपाटोली फीडर की बिजली आपूर्ति दिन में 11.30 से 3.00 बजे तक बाधित रहेगी ।संबंधित क्षेत्र के सभी सम्मानित विधुत उपभोक्ताओं से अनुरोध है,कि आप बिजली से जुड़े अपने आवश्यक कार्य को समय से पूर्व कर लें। विधुत आपूर्ति से संबंधित जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के पावर हाउस से संपर्क कर सकते हैं ।विधुत शक्ति उपकेंद्र अशोकनगर- 9430344770, विधुत शक्ति उपकेंद्र पुंदाग - 9430344710, विधुत शक्ति उपकेंद्र सदर - 9771858920, विधुत शक्ति उपकेंद्र चडरी - 89874 30195 से संपर्क कर सकते हैं।

### जेसीआई ने कम्युनिटी प्रोजेक्ट प्रयास के तहत किया गया मच्छरदानी और भोजन का वितरण

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जेसीआई रांची ने 23 फरवरी को तत्कुंडो कुम्भा टोली, इटकी, मांडर के पास स्थित एक गाँव में जरुरतमंद लोगों के बीच मच्छरदानी और भोजन का वितरण कर अपने कम्युनिटी प्रोजेक्ट 卐प्रयास卐 को सफलतापूर्वक पूरा किया। बढ़ते मच्छर और डेंगू की समस्या को देखते हुए जेसीआई रांची ने गांव वालों की मदद की, बच्चों में टॉफी का वितरण और सभी को भोजन कराया। इस कार्यक्रम में गांव के बच्चों में लोक नृत्य प्रस्तुत कर सब का स्वागत किया, जो सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा ।जेसीआई रांची के अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन और उनकी टीम की इस सराहनीय पहल ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर जेसी दामोदर अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, सौरभ टांटिया, शुभम साबू, केशव बजाज, साहित्य पवन, केतुल पटेल, विभोर चौधरी, विशेष वशिष्ठ एवं संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन जेसी मोहित बागला और आयुष अग्रवाल ने कुशलता से किया।

### 28 मार्च को रांची में मनेगा नीलाम्बर पीताम्बर का शहादत दिवस

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खरवार भोगता समाज विकास संघ रांची जिला समिति की बैठक रविवार को नीलाम्बर पीताम्बर पार्क रांची में हुई ।जिसकी अध्यक्षता रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता एवं संचालन सचिव हर्षनाथ भोगता ने किया ।बैठक में 28 मार्च को रांची मोरहाबादी पार्क में वीर शहीद नीलाम्बर पीताम्बर शाही भोगता का शहादत दिवस मनाने का निर्णय लिया गया ।साथ ही इसकी तैयारी को लेकर रूपरेखा बनाया गया ।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रांची जिला के सभी प्रखण्ड में बैठक करने एव प्रचार प्रसार करने का भी निर्णय लिया गया है। बैठक में केंद्रीय सरंक्षक यौधेश्वर सिंह भोगता, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू,देवनारायण गंझु, रामगढ़ जिला अध्यक्ष अजय गंझू,सुखदेव गंझु,परमेश्वर भोगता,संजय भोगता,अमरेश गंझु, रघुनंदन भोगता,देवानंद भोगता सहित कई लोग मौजूद थे।

# भव्य निशान शोभायात्रा में खेली गई फागुन की पहली होली



**एजेंसी**

**भागलपुर :** बाबा बूढ़ानाथ भक्त मंडल के तत्वावधान में रविवार को भागलपुर के गौशाला प्रांगण से भव्य 11वां निशान शोभा यात्रा निकाला गया। यह यात्रा शहर के विभिन्न सड़क मार्गो से गुजरता हुआ बुढ़ानाथ मंदिर परिसर में जाकर समाप्त हुआ। सबसे पहले महादेव की भव्य आरती शिव भक्तों ने की। इस भव्य निशान शोभायात्रा में शहर के युवा, वृद्ध, बच्चे और महिलाओं ने हिस्सा लिया। सभी के पीले परिधान और कंधे पर निशान देखते ही बन रहे थे। इस दौरान सभी भक्त जनों ने इस साल की पहली फागुन की होली खेली। सबों ने एक दूसरे को बाबा महादेव के नाम अबीर गुलाल लगाया, जितने भी शिवभक्त अपने कंधों पर निशान लेकर गुजर रहे थे। उन पर फूलों की बरसात की जा रही थी। साथ ही रंग गुलाल ढोल नगाड़े के धुनों पर शिव भक्त थिरकते नजर आ रहे थे। इस दौरान बाबा बूढ़ानाथ भक्त मंडल के संजय शाह, प्रशांत टेकरीवाल के अलावा काफी संख्या में बाबा बूढ़ानाथ भक्त मंडल के भक्तगण ओर शहरवासी मौजूद थे।

## रन एंड हिट मामले में मृतक के परिजन को बेवजह न दौड़ाया जाये : मंत्री दीपक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने कहा है कि मुख्य मार्ग पथ में होनेवाले रन एंड हिट के तहत मृतक के पीड़ितों को मुआवजा के लिए दौड़ना न पड़े। इसपर खास ध्यान दिया जाए। साथ ही विभाग के कर्मी पदाधिकारी इससे संबंधित लंबित मामलों को तत्काल दूर करने की दिशा में कार्रवाई तेज करें। उक्त बातें मंत्री दीपक बिरुवा ने चाईबासा में कही।

मंत्री ने पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हमेशा देखने सुनने को मिलता है कि आमुख जिले में सड़क दुर्घटना होने के सालों बाद भी मामला थाना में ही अटका पड़ा है। पुलिस पदाधिकारी भी दुर्घटना संबंधित मामलों के निपटारे में तेजी लाएं। ऐसा न करें जिससे कि दुर्घटना में जाने वाला चला गया और उसके परिजनों को भी थाना, डीटीओ कोर्ट कचहरी कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ता रहे। मंत्री ने कहा कि सड़को में रन एंड हिट का मामला हो या फिर कई जगहों की जर्जर सड़कों और उससे उड़ती धूल से दुर्घटना की बात। ऐसे तमाम हालत में कैसे सड़क दुर्घटनाओं में कमी आए, इसके लिए विभाग ईमानदारी से काम करें।

## झारखण्ड के साहिल अमीन कोलकाता हार्ड कोर्ट टेनिस चैम्पियनशिप के बने विजेता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बंगाल टेनिस एसोसिएशन एंव साउथ क्लब कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कोलकाता हार्ड कोर्ट टेनिस चैम्पियनशिप 2025 के पुरुष वर्ग का खिताब झारखण्ड के शीर्ष लॉन टेनिस खिलाड़ी साहिल अमीन ने जीत लीया है । फाइनल मुक़ाबले में साहिल ने अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी बंगाल के सौरव चौधरी को सीधे सेटों में 6-0, 6-1 से हराकर चैम्पियनशिप अपने नाम कर लिया । शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए साहिल ने सेमीफाइनल में अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ी बंगाल के ही मनीष बजाज को 6-0, 6-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था । यह खिताब साहिल ने दुसरी बार हासिल किया है पिछले वर्ष भी साहिल ने ये खिताब अपने नाम किया था । इस टूर्नामेंट का आयोजन कोलकाता साऊथ क्लब में 15- 23 फरवरी तक किया गया था । साहिल वर्तमान में कोलकाता के दा टेनिस ट्री एकेडमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं ।

## स्वस्थ भारत के लिए पीएम सजग : गजेंद्र सिंह शेखावत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं ने सुना।प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हरमू मंडल स्थित विद्यानगर में कार्यक्रम को सुना।इस अवसर पर केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी शामिल हुए।बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात का 119 वां संस्करण भारत की प्रकृति और संस्कृति को समाहित किए हुए थी।कहा कि भारत की संस्कृति महिला सम्मान की है। नारी तू नारायणी की हमारी विरासत है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा जिसे आगामी 8मार्च को महिला दिवस पर और मजबूत किया जाएगा।कहा कि भारत की भौगोलिक रचना प्रकृति की सुरक्षा और संरक्षण से जुड़ा है। बाघों का संरक्षण मानवता का संरक्षण है। प्रकृति पर ही मानवता टिकी है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम एक अनूठा कार्यक्रम है। जिसकी प्रतीक्षा जनता एक महीने तक करती है।कहा कि बढ़ते मोटापा को लेकर प्रधानमंत्री जी की चिंता यह दर्शाती है कि वे देश वासियों के स्वास्थ्य के प्रति कितने चिंतित हैं।कहा कि विकसित भारत की संकल्पना में स्वस्थ भारत भी शामिल है।प्रधानमंत्री का संबोधन जनता केलिए एक शासक की तरह नहीं बल्कि अभिभावक की तरह होता है।

कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका,महानगर अध्यक्ष वरुण साहू, कुमार अमित,केके गुप्ता, इंद्रजीत यादव, जितेंद्र वर्मा, अरुण झा ,सहित अन्य शामिल रहे।

# विदेश मंत्री ने 45 देशों के राजदूत और डिप्लोमेट्स के साथ काशी तमिल संगमम में किया संवाद



**एजेंसी**

**वाराणसी :** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, जो अक्सर लोगों को आश्चर्यचकित करता है कि इतनी सारी भाषाओं, परंपराओं और मान्यताओं के बावजूद यह देश कैसे एक साथ बना हुआ है। यह विविधता और इसमें अंतर्निहित एकता सभी भारतीयों को एक राष्ट्र के रूप में एकजुट रखती है। विदेश मंत्री रविवार को काशी तमिल संगमम के तीसरे संस्करण में तमिलनाडु से आए प्रतिनिधियों और विदेशी राजनयिकों के साथ संवाद कर रहे थे। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के ओंकार नाथ ठाकुर सभागार में 'परंपरा, प्रौद्योगिकी और विश्व, विषय पर आयोजित अकादमिक सत्र में विदेश मंत्री ने तमिल भाषा में वणक्कम काशी कहकर प्रतिनिधियों का स्वागत किया। काशी की प्राचीनता और आध्यात्मिकता का जिक्र कर विदेश मंत्री ने कहा कि काशी-तमिल संगमम काशी और तमिलनाडु के बीच विशेष सदियों पुराने जुड़ाव का उत्सव है। प्राचीन नगरी काशी दुनिया के सबसे पुराने शहरों में से एक है। पूरे भारत के लिए काशी एक तरह से सांस्कृतिक चुंबक की तरह है। जिससे देश के सभी हिस्सों के लोग गहराई से जुड़ते हैं। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लोगों का काशी से विशेष लगाव है और काशी तमिल संगमम इसी अनूठे बंधन का उत्सव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी-तमिल संगमम आयोजित करने का जब फैसला किया था, तो इसका उद्देश्य यह था कि भारत संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं का संगम बने। उन्होंने विदेशी राजनयिकों से संवाद करते हुए बताया कि काशी तमिल संगमम इस विविधता में एकता के उत्सव का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है, जैसा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्पना की थी। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की गौरवशाली विरासत का जश्न मनाना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी तरह हम इसे आने वाली पीढ़ियों तक ले जाते हैं। साथ ही दुनिया को भारत के सुनहरे अतीत और जड़ों की महानता के बारे में बताते हैं। इस संबंध में प्रयासों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि संस्कृतियों को मनाने से उन्हें तरोताजा किया जाता है और भारत सरकार इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है।

## प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात देशवासियों को देता है एक नई प्रेरणा: धामी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम पूरे देशवासियों को एक नई प्रेरणा देता है।को जगतगुरू आश्रम, हरिद्वार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 119वां संस्करण सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम पूरे देशवासियों को एक नई प्रेरणा देता है। मन की बात से सभी में नया प्रोत्साहन एवं उत्साहवर्धन होता है। देश के सामूहिक प्रयासों, युवा सपनों और नागरिकों की आकांक्षाओं की बात को प्रधानमंत्री सबसे साझा कर बेहतर कार्यों के लिए देशवासियों को प्रेरित करते हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखण्ड में हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के बारे में देश व दुनिया को मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से जानकारी दी।

# निरंकारी मिशन द्वारा मथुरा बांध की हुई सफाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा स्वच्छ जल स्वच्छ मन के कार्यक्रम अंतर्गत गढ़वा में निरंकारी मिशन की गुरु सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के नेतृत्व में प्रोजेक्ट अमृत का तीसरा अध्याय के तहत मथुरा बांध तालाब की सफाई निरंकारी सेवादल एवं निरंकारी वालेंटियर द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गढ़वा के वरिष्ठ नेता एवं समाज सेवक अलख नाथ पांडेय, उमेश कुमार कश्यप ने भी अपनी सहभागिता दी। गढ़वा में दूसरी बार निरंकारी अनुयायियों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान की शुरुआत में ब्रांच गढ़वा की मुखी शीला केसरी द्वारा आरंभ किया गया। मौके पर निरंकारी सेवादल के भाई बहन और साध संगत उपस्थित थे।

# खिलाड़ियों के प्रतिभा को निखारता पलामू : अविनाश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू जिला बहुमुखी प्रतिभा के रत्नगर्भा धरती है। यहां के लोग सभी क्षेत्रों में अपने प्रतिभा के परचम लहराया है। पलामू पुलिस स्टेडियम में शहीदों के सम्मान में पलामू पुलिस और पलामू फुटबॉल आयोजन समिति द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। 23 फरवरी को बंगाल व झारखंड के बीच महिला टूर्नामेंट था। जिसमें झारखंड की बेटियां बाजी मारी। संत मरियम के बच्चे सांस्कृतिक प्रदर्शन भी किए। शेष बच्चे मैच का लुत्फ़ उठाए। बतौर विशिष्ट अतिथि मैच में अविनाश देव शामिल हुए और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किए। टूर्नामेंट के अध्यक्ष पलामू एसपी रिश्मा रमेशन, सचिव मनोहर कुमार लाली ने गेंद उछाल कर खेल के शुरुआत किए। मुख्य मंच और नीलांबर पीतांबर पवेलियन में बैठ कर मैच का रोमांचक आनंद लिए। एसपी के साथ आयोजन समिति के अल्प बैठक में भी अविनाश देव शामिल हुए। 24 फरवरी को फाइनल मुकाबला होगी। विजेता टीम को एक लाख इक्यावन हजार रुपए की नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दी जाएगी। समिति के सभी सदस्यों को शुक्रिया की आपने खेल की दुनिया को ग्लैमर दे रहे हैं और खिलाड़ियों को कैरियर संभालने के हुनर से भर रहे हैं। आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है पलामू आज खेल रहा है कल खिलेगा। पलामू खेल के मैदान से आपसी प्रेम भाईचारा के संदेश देश को प्रेषित करेगा।

## 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का शिलान्यास सांसद ने किया



**रांची।** कडरू स्थित सरना टोली में सरना स्थल में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ के सांसद निधि से 15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है । केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विधिवत इसका शिलान्यास किया। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा रांची में ऐसे कई सरना स्थल है जिनका जिर्णोद्धार किया जा रहा है। मंचों का निर्माण कराया जा रहा है और प्राथमिकता के आधार पर सारण स्थल के विकास का कार्य किया जाएगाद्य इस अवसर पर अरुण कुमार छछारिया, श्याम हेमरोम ,रवि मुंडा ,अजय भंडारी, चंपा मुंडा सुमित मुंडा डॉक्टर तन्मय डॉक्टर अजय, इंद्रजीत यादव , नीतू शर्मा, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पाइपलाइन बिछाने की निगरानी मैं खुद करुंगी : अरुणा शंकर

### 14 नंबर वार्ड में हुआ प्रथम महापौर का स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं पूर्व वार्ड पार्षद नीतू सिंह ने 14 नंबर वार्ड में सेकंड फेज शहरी जलापूर्ति योजना के तहत बिछाई जाने वाली पाइपलाइन का कार्य नारियल फोड़कर प्रारंभ की। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने मोहल्ले वासियों को बधाई देते हुए कहा कि पूरे निगम क्षेत्र में सेकंड फेज शहरी जलापूर्ति योजना के तहत जुडको द्वारा नया पाइपलाइन बिछाने का कार्य फेज बाय फेज किया जा रहा है। जो मेरे कार्यकाल की सबसे महत्वपूर्ण योजना में एक थी।

जिसकी शुरुआत हो चुकी है। प्रथम महापौर ने कहा कि मोहल्ले वालों को इस पुनीत कार्य में पाइप बिछाने वाली एजेंसी को यथासंभव मदद करनी चाहिए। ताकि भविष्य में पानी के लिए लोगों को तरसना ना पड़े। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं एक-एक वार्ड जाऊंगी और खुद निगरानी करूंगी।

ताकि पाइपलाइन से पानी के लिए कोई घर वंचित न रह जाए। इस अवसर पर वार्ड पार्षद नीतू सिंह ने कहा कि पिछले बोर्ड का यह महत्वपूर्ण फैसला था, जो कार्य अब शुरू हो गया। जिसके लिए मैं पूरे वार्ड को बधाई देती हूं। इस अवसर पर मनोज सिंह,अमन सिंह, संजय पाठक, छोटेलाल जी, अनुराग जी, अमित सिंहा एवं जुड़को की ओर से इस योजना को देखरेख कर रही सुषमा जी, रूपेश कुमार तथा काफी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित थे। प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने नारियल फोड़ने के बाद मोहल्ले का भी भ्रमण किया। जहां मोहल्ले की माताए, बहने एवं भाइयों तथा बुजुर्गों ने प्रथम महापौर का दिल से जोरदार स्वागत किया। मोहल्ले वासियों ने प्रथम महापौर के बारे में बोला कि यह पहली जनप्रतिनिधि है, जो पद के बाद भी निरंतर सबों के दुख सुख एवं कार्यों में लगी हुई है।